खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 13 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रसोई गैस की कमी मोदी की कूटनीतिक विफलता : खड़गे पेज 2



भारतीय क्रिकेट के लिए अगले 12 महीने होंगे बेहद व्यस्त खेल टाइम्स



पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय सम्पादकीय



युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं पेज 12

# अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे: मुजतबा

**यूएस-इजरायल से जंग के बीच ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने जारी किया पहला बयान, सेना का किया धन्यवाद**



**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए, लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया।

बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है। मुजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इजरायली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा कि मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा।

# होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरे भारतीय झंडे वाले तेल टैंकर

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अराघची की बातचीत के बाद निकला रास्ता, मिली बड़ी राहत**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इजरायल- अमेरिका युद्ध के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है।

ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। इसके बाद कम से कम दो भारतीय टैंकर पुष्पक और परिमल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। यह वही समुद्री मार्ग है, जहां बढ़ते तनाव के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय जहाजों की -शेष पृष्ठ दो पर

## 23वां रोजा


### जरूरतमंदों को दान देने की सीख देता है रोज़ा



रमजान का आखिरी अशरा चूंकि दोजख से निजात का है, इसलिए ज़ेहन में यह सवाल उठना बहुत कुदरती बात है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाएं? इसका जवाब है सच्चे दिल और पाक ज़ज़्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए, लेकिन फिर यह सवाल है कि दिल सच्चा और ज़ज़्बा पाक कैसे होगा? इसका जवाब है कि जब अल्लाह तौफीक देगा, तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा। यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई और ज़ज़्बे की पाकीज़गी की तौफीक किसे देगा? इसका जवाब हमें कुरआने-पाक की सूरह 'लैल' की पांचवीं-छठी और सातवीं आयत में मिलता है। इन आयतों में अल्लाह का इरशाद है-'तो जिसने दिया और परहेज़गारी की और नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे।' इन आयतों की रोशनी में ज़ाहिर हो जाता है कि तौफीक देने वाला अल्लाह है और रोजे़दार के लिए ज़रूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए वो ज़रूरतमंदों को जकात, सदका और खैरात दे। इसके अलावा परहेज़गारी और नेक बात को सच तस्लीम करे और जाने भी और माने भी। ऐसा परहेज़गार और नेक रोजे़दार अल्लाह से तौफीक पाता है एतेकाफ में बैठने की।

# ईरान का ओमान पर बड़ा हमला

## सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से किया अटैक



**हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया, खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव**

**ओमान के सुल्तान ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से संपर्क कर कड़ा विरोध दर्ज कराया**

**मस्कट।** खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था।

अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था।

## इराक में हुए हमले में एक भारतीय की मौत

**ईरानी सुसाइड बोट से टक्कर के बाद अमेरिकी तेल टैंकर में लगी आग**

**नई दिल्ली।** इराक की समुद्री सीमा में एक अमेरिकी तेल टैंकर पर ईरानी सुसाइड बोट ने हमला किया। इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई।

कंपनी ने भारत सरकार से नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस हमले के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की मांग की है। इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। यह घटना इराक की समुद्री सीमा के अंदर हुई। जिस जहाज पर हमला हुआ, मृतक का नाम सेफसी विष्णु है। यह अमेरिका का जहाज है और इस पर मार्शल आइलैंड्स का झंडा लगा है। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें से एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि बाकी 27 कर्मियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों को इराक के बसरा शहर ले जाया गया है।

# शब्बीर शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था।

अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं। उन्होंने अदालत में पुन: तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि शाह लंबे समय से जेल में हैं और मुकदमे की प्रक्रिया अभी भी लंबित है। वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पक्ष रखा और जमानत का विरोध किया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने ट्रायल की प्रक्रिया में कुछ विसंगतियों की ओर भी संकेत किया। अदालत ने कहा कि मामले में मुकदमा अपेक्षा से अधिक लंबा खिंच रहा है और आरोपी लंबे समय से जेल में है। इसी आधार पर अदालत ने फिलहाल शब्बीर अहमद शाह को जमानत देने का फैसला किया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में 4 जून 2019 को शब्बीर अहमद शाह को गिरफ्तार किया था।

## माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए, तो यह अनुचित भेदभाव होगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली, मद्रास और केरल हाईकोर्ट के फैसलों को सही माना। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पीएसयू, बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे।

# सीईसी के पद से हटाए जा सकेंगे ज्ञानेश कुमार!

**लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए, किसी एक सदन में आज जमा होगा नोटिस**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सूत्र के मुताबिक, इस नोटिस को शुक्रवार (आज) किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्य पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए। नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सूत्र ने बताया कि नोटिस पर इंडिया ब्लॉक के राजनीतिक दलों के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। एक अन्य सूत्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है।

## घर में नमाज पढ़ने से रोकने के मामले में बरेली के डीएम- एसएसपी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली में एक घर में नमाज पढ़ने पर पुलिसिया कार्रवाई और उसके बाद पीड़ित को मिलीं धमकियों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य को अवमानना का दोषी मानते हुए 23 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कहा है कि तय समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान घर के मालिक हसीन खान ने अदालत के सामने बयान दर्ज कराया। बताया कि 16 जनवरी 2026 को परिवार के साथ वह घर में नमाज पढ़ रहे थे, तब पुलिस उन्हें उठाकर ले गई और उनका चालान कर दिया।

# सरकार एलपीजी आपूर्ति पर ध्यान दे: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में रसोई गैस और तेल की किल्लत का यह शुरुआती दौर है और बदले माहौल में सरकार को ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदर उठाने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में एलपीजी और तेल की जो स्थिति है, वो अभी शुरुआत है। इस बारे में मैं सदन में बोलना चाहता था, लेकिन कोई नई प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें मंत्री पहले तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा और फिर मंत्री उस पर जवाब देंगे। अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि अभी हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस समस्या से निकलने के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की तो करोड़ों लोगों का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह इससे भी बड़ा मुद्दा है कि ईरान हमें ईंधन लेने देता है या नहीं। यह अस्थिरता की तरफ बढ़ने की स्थिति है और जब आप अस्थिर समय में जाते हैं, तो इस हाल में मानसिकता बदलने लगती है, क्योंकि यह पहले जैसी में नहीं रह सकती इसलिए सरकार को सुझाव है कि वह संभावनाओं के बारे में गहराई से सोचना शुरू करे।

# देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश में कच्चे तेल की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में: पेट्रोलियम मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। मंत्रालय के मुताबिक किसी भी पंप पर ड्राई आउट यानी तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी कर सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पहले करीब 25 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और बेहतर होगी। सुजाता शर्मा ने यह भी बताया कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।



# किडनी डे: गुर्दा बचाने का लिया संकल्प



■ श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में विश्व किडनी दिवस पर बोले विशेषज्ञ
■ संतुलित आहार, व्यायाम व स्वच्छ जल अपनाइए स्वयं को गुर्दा रोगों से बचाइए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज के किडनी रोग विभाग की ओर से जनजागरूता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को जागरूकता रैली एवम् एक सेलीब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के 200 डॉक्टरों एवम् स्टाफ ने किडनी जागरुकता रैली में बढ़चढ़ कर भाग लिया। हर वर्ष मार्च माह के द्वितीय गुरुवार को दुनिया भर में विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 12 मार्च को दुनियाभर में विश्व किडनी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रैली में शामिल सभी लोगों ने जनजागरूकता के माध्यम से किडनी बचाने का संकल्प लिया। किडनी रोगों से बचाव एवम् रोकथाम विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हेल्थ साइंसेज परिसर से रैली का शुभारंभ हुआ। एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ उत्कर्ष शर्मा, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनिल कुमार मलिक, चिकित्सा अधीक्षक डॉ गौरव रतूड़ी ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन (रैली) एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज परिसर से प्रारम्भ हुई और एसजीआरआर पीजी कॉलेज पथरी बाग से यूटर्न लेकर वापिस श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हेल्थ साइंसेज परिसर में सम्पन्न हुई। गुर्द स्वास्थ्य सबके लिए थीम पर डॉक्टरों ने किडनी बचाने का संदेश दिया। डॉक्टरों एवम् मेडिकल छात्र-छात्राओं ने हाथों में किडनी बचाव के स्लागन व नारों से किडनी स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरुकता की अलख जगाई। रैली में उन्होंने संतुलित आहार, व्यायाम व स्वच्छ जल अपनाईए स्वयं को गुर्दा रोगों से बचाईए। वनज को नियंत्रित रखें व धूम्रपान छोड़े गुर्दा रोगों को कहें बाय बाय। ब्लड प्रेशर एवम शुगर को नियंत्रित रखें, गुर्दों को बीमारी से बचाएं जैसे संदेशों से आमजन को जागरूक किया।

श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के गुर्दा रोग विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने कहा कि ब्लड शुगर लेवल, ब्लड प्रेशर लेवल को नियंत्रित रखकर गुर्दा रोगों से बचाव किया जा सकता है। दर्द निवारक दवाईयों के अनावश्यक उपयोग कर गुर्दा रोगों से बचाव सम्भव है। उन्होंने सलाह की प्रतिदिन प्रचूर मात्रा में पानी का सेवन कर गुर्दे को स्वस्थ रखा जा सकता है। इसके पश्चात श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के ऑडिटोरियम में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज के प्राचार्य डॉ उत्कर्ष शर्मा, डॉ विवेक रुहेला एवम् डॉ गौरव शेखर शर्मा, डॉ डोरछम खमे ने गुर्दा से सम्बन्धित समस्याओं पर प्रकाश डाला।

डॉ विवेक विज्जन, डॉ विमल कुमार दीक्षित, डॉ तनुंज भाटिया, डॉ नारायण जीत सिंह ने पैनल परिचर्चा में लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। मंच संचालन सिमरन अग्रवाल ने किया।

## पोक्सो के दोषी को छह साल की सजा व 20 हजार जुर्माना

**नई टिहरी।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो नितिन शर्मा की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को छः वर्ष का सशर्म कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई। आरोपी शिवा पुत्र राकेश कुमार निवासी खारासोत मुनिकीरेती के विरूद्ध थाना मुनिकीरेती में पीड़िता की माता के द्वारा अभियुक्त के खिलाफ एक तहरीर दी गई थी जिसमें आरोप लगाया कि शिवा पेशे से योगा टीचर है जो क्षेत्र में स्थित एक ट्रेनिंग सेंटर में काम करता है, उसके द्वारा मोबाईल पर उसकी पुत्री की आपत्तिजनक फोटो का विडियो बनाकर प्रसारित कर उसका शोषण कर रहा है और उसकी पुत्री के विरूद्ध गलत वीडियो प्रसारित कर रहा है।

जिला शासकीय अधिवक्ता पोक्सो महेन्द्र सिंह विष्ट ने बताया कि पुलिस थाना मुनिकीरेती द्वारा अभियुक्त शिवा के विरूद्ध पीड़िता की माता की तहरीर के आधार पर धारा-376 भा0द0सं0 व 3/4 व 13/14 पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत मुक्दमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश पोक्सो नितिन शर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी करार देते हुए अभियुक्त शिवा को 14 पोक्सो अधिनियम में छः वर्ष का सशर्म कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई, अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# डीएम टिहरी ने कृषि विभाग के बनाए घेरबाड़ कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** गुरुवार को जिलाधिकारी ने विकास खण्ड चम्बा के ग्राम कोटीगाड के नौलीखाला नामे तोक में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु कृषि विभाग द्वारा जिला योजना के तहत चेन लिंक फेन्सिंग (घेरबाड़) कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराडी ने बताया कि घेरबाड कुल लम्बाई 226.10 मीटर है जो कि वित्तीय वर्ष-2025-26 में जिला योजना के अन्तर्गत कुल अनुमानित लागत-रू 6.50 लाख से की गयी है। बता दे कि चेन लिंक फेन्सिंग (घेरबाड़) से 8 हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है । जिलाधिकारी से ग्रामीणों द्वारा सिंचाई गूल की मरम्मत व शेष छूटे स्थानों पर घेरबाड कराने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने जिला योजना में प्रस्तावित कर कार्य कराये जाने की बात कही।

कृषि विभाग द्वारा इसी तोक में एक एकड़ भूमि पर लाईनिंग सिस्टम से गेहूँ की बुवाई की गयी है जिसका भी निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि गांवों के किसानो को इसी विधि से गेहूँ की फसल उगाने के लिए प्रेरित करें ताकि किसानो को अधिक से अधिक लाभ मिल सके । उन्होंने कृषि अधिकारी को किसानों को खाद व बीज समय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शीला देवी पूर्व प्रधान कृषि विभाग के कार्मिक एवं ग्रामीण कास्तकार उपस्थित रहे।

## 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**कोटद्वार ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल के तत्वावधान में आगामी 14 मार्च 2026, दिन शनिवार को जिला न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल सहित जनपद के समस्त बाह्य न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिकाधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पौड़ी गढ़वाल की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु प्रस्तुत किया जाए।

## मुख्य अभियंता ने किया बधाणीताल के कार्यों का निरीक्षण

**रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विभु विश्वामित्र रावत ने बधाणीताल सौंदर्यीकरण कार्य तथा आरसेटी भवन रुद्रप्रयाग के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और निर्माण मानकों का विस्तार से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता की तकनीकी विशेषज्ञ टीम की ओर से निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे मटेरियल की टेस्टिंग भी की गई, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। प्रमुख अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्ता के साथ तथा तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

**एक नजर .......**

### नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**नई टिहरी।** अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार जनपद टिहरी गढ़वाल में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना घनसाली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना घनसाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.03.2026 को सायंकालीन गश्त/चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सूरज सजवाण को एक वाहन (स्कूटी) में अवैध चरस का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 238.08 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### लिवाइज के 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' अभियान की नई शुरुआत

**देहरादून ।** लिवाइज ब्रांड अपने 2026 के वैश्विक अभियान 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं। पिछले 150 से अधिक वर्षों से, लिवाइज उन लोगों की पहली पसंद रहा है जो संस्कृति को नई दिशा देते रहे हैं। संगीत और खेल से लेकर फैशन और कला तक, लिवाइज जींस हर उस महत्वपूर्ण मोड़ की गवाह रही है जहाँ बदलाव की शुरुआत हुई। 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' अभियान इसी महान विरासत को आगे बढ़ाता है। इस अभियान का मुख्य केंद्र अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं। अपनी प्रेरणा साझा करते हुए आलिया कहती हैं, मेरे लिए कभी भी दूसरों की कसौटियों पर खरा उतरना या वही करना मायने नहीं रखता था जिसकी मुझसे उम्मीद की जाती है। मैं किसी के कहने पर 'कोई और' बनने से बेहतर 'खुद होना' पसंद करती हूँ। फिट्स की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए 'सिंच वेस्ट जीन्स' पेश कर रहा है। इसके साथ ही, ब्रांड 'लूज बूट' भी पेश कर रहा है, जो क्लासिक बूटकट का एक आधुनिक और रिलैक्स्ड रूप है।

### जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू, अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता : डीएसओ

**कोटद्वार ।** जनपद पौड़ी गढ़वाल अंतर्गत संचालित समस्त गैस एजेंसियों में घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा गैस की आपूर्ति पूर्ण रूप से सुचारू रूप से की जा रही है। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने दी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। सिंगल गैस सिलेंडर कनेक्शन धारकों के लिए दूसरी बुकिंग के बीच भारत सरकार द्वारा 25 दिन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता गैस रिफिल की बुकिंग गैस कंपनियों की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, व्हाट्सएप अथवा फोन के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं तथा बुकिंग के पश्चात डिलीवरी मैन के माध्यम से ही गैस रिफिल प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि जनपद में घरेलू गैस के अवैध भंडारण, दुरुपयोग एवं कालाबा. जारी की रोकथाम के दृष्टिगत जिला पूर्ति कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर उपभोक्ता आपदा कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01368-221840 तथा जिला पूर्ति कार्यालय पौड़ी गढ़वाल के नंबर 9897854731 और 7310663517 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर से भी संपर्क किया जा सकता है, जिनमें इंडेन गैस के लिए 9557947140, भारत गैस के लिए 7644059960 तथा एचपी गैस के लिए 8655436284 दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बदलते सामाजिक मानदंडों के बीच फंसी युवाओं की शादी

■ 30 वर्ष पार कर चुके कई युवक अब भी कुंवारे नौकरी और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रहे हैं लड़कियों के परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में इन दिनों युवाओं के सामने विवाह एक बड़ी सामाजिक चुनौती बनकर उभर रहा है। एक ओर जहां कई युवक उम्र के तीसरे दशक में प्रवेश करने के बावजूद शादी के बंधन में नहीं बंध पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लड़कियों की बढ़ती मांग और परिवारों की बदलती प्राथमिकताएं इस समस्या को और गंभीर बना रही हैं।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार बदलते सामाजिक हालात, बढ़ती बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता के कारण विवाह संबंध तय होने में लगातार कठिनाइयां आ रही हैं। जनपद में कई ऐसे युवक हैं जिनकी उम्र 30 वर्ष से अधिक हो चुकी है, लेकिन अब तक उनका विवाह तय नहीं हो पाया है। परिवार वाले रिश्तों की तलाश में लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उचित प्रस्ताव नहीं मिल पा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर लड़कियों के परिवार अब पहले की तुलना में अधिक सतर्क हो गए हैं। वे विवाह के लिए ऐसे युवकों को प्राथमिकता दे रहे हैं जिनके पास स्थायी नौकरी या बेहतर आर्थिक स्थिति हो।

यही कारण है कि बेरोजगार या अस्थिर आय वाले युवाओं के रिश्ते अक्सर अटक जाते हैं। स्थानीय निवासी देवेंद्र बिष्ट का कहना है कि आज के समय में सबसे पहले लड़के की नौकरी और आर्थिक स्थिरता देखी जाती है। उन्होंने कहा, "बेरोजगारी बढ़ने से कई योग्य युवकों के रिश्ते नहीं हो पा रहे हैं, जिससे वे मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगे हैं।" वहीं युवा अंकित राणा का मानना है कि इस समस्या के समाधान के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना बेहद जरूरी है। उनका कहना है, "जब युवाओं को स्थायी रोजगार मिलेगा, तब शादी जैसी सामाजिक समस्याएं भी धीरे-धीरे कम होने लगेंगी।"

स्थानीय लोगों का भी मानना है कि यदि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं और आर्थिक स्थिति मजबूत हो, तो विवाह से जुड़ी यह समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। फिलहाल बढ़ती बेरोजगारी और सामाजिक अपेक्षाओं के बीच कई युवाओं के लिए शादी का सपना अधूरा ही रह जाता है।पंडित रमेश चन्द्र डिमरी ने कहा कि युवाओं को शादी करने के लिए लड़कियां नहीं मिल रही हैं। लड़कियों की हाई-फाई डिमांड हैं। उन्हें देहरादून में मकान, सरकारी जॉब की चाहत ज्यादा हैं। छोटे-मोटे प्राईवेट जॉब वालों को भी लड़कियां नहीं मिल रही है। खासकर पंडित लड़कों को भी लड़कियां नहीं मिल रही हैं। भविष्य में और अधिक परेशानी हो सकती है।

# जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारूः जिला पूर्ति अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जनपद पौड़ी गढ़वाल अंतर्गत संचालित समस्त गैस एजेंसियों में घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा गैस की आपूर्ति पूर्ण रूप से सुचारू रूप से की जा रही है। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने दी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। सिंगल गैस सिलेंडर कनेक्शन धारकों के लिए दूसरी बुकिंग के बीच भारत सरकार द्वारा 25 दिन का समय निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता गैस रिफिल की बुकिंग गैस कंपनियों की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, व्हाट्सएप अथवा फोन के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं तथा बुकिंग के पश्चात डिलीवरी मैन के माध्यम से ही गैस रिफिल प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि जनपद में घरेलू गैस के अवैध भंडारण, दुरुपयोग एवं कालाबाजारी की रोकथाम के दृष्टिगत जिला पूर्ति कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर उपभोक्ता आपदा कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01368-221840 तथा जिला पूर्ति कार्यालय पौड़ी गढ़वाल के नंबर 9897854731 और 7310663517 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर से भी संपर्क किया जा सकता है।

जिनमें इंडेन गैस के लिए 9557947140, भारत गैस के लिए 7644059960 तथा एचपी गैस के लिए 8655436284 दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिकेट बना भाईचारे का माध्यम, निरंकारी युवाओं ने पेश की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की असीम कृपा से 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ फरवरी 2026 में हुआ था, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा के साथ-साथ आपसी भाईचारे और अनुशासन की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। युवा खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, समर्पण और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और खेल के माध्यम से उन्होंने सहयोग, सहनशीलता, मर्यादा, आपसी सम्मान जैसे जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारतेहुए निरंकारी मिशन की शिक्षाओं को साकार किया।

आज खेले गए क्रिकेट के फाइनलमुकाबले में फिरोजपुर (पंजाब) और श्रीगंगानगर (राजस्थान) की श्रेष्ठ टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमेंश्रीगंगानगर (राजस्थान) विजेताटीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते. हुए ट्रॉफीअपनेनामकी।टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सोनू राजपूत (श्रीगंगानगर) को "मैनऑफ द मैच" के सम्मान से भी नवाजागया। संपूर्ण आयोजन का संचालन आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा (सचिव, संत निरंकारी मंडल) के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह टूर्नामेंट केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का एक सुंदर माध्यम है, जहाँ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथप्रेम, सम्मान और सौहार्द की भावना भी विकसित होती है। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदानकरसम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन सायंकाल युवाओं के लिए सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा, जिसका उद्देश्य उन्हें शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ आध्यात्मिक जागरूकता, सकारात्मक सोच और मानसिक शांति की दिशा में प्रेरित करना था। समापन अवसर पर संत निरंकारी मंडल के मेंबर इंचार्ज, प्रचार विभाग आदरणीय श्री राकेश मुटरेजा जी ने विजेता टीम को ट्रॉफीप्रदानकरसम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु ने हमें जोश के साथहोशकासंदेशदिया है। संसार माया का रूप है, पर परमात्मा भी इसी में निहित है इसलिए संसार के हर कार्य में परमात्मा का दर्शन करना और उसके गुणों को जीवन में उतारनास. तगुरु की कृपा से ही संभव है। यही कारण है कि निरंकारी मिशन प्रैक्टिकलस्पिरिचुअलिटीकासंदेश देता है, जहाँ हर कार्य चाहे व्यवहार हो या खेल भक्ति के आधार पर किया जाता है। सतगुरु जीवन जीने का संदेश देते है कि हमें हर पल में सीखना है। खेलों से सीखो, चलते हुए सीखो और गिरतेहुए भी सीखो यही जीवन जीने कासलीका है। उन्होंने आगे कहा कि यह टूर्नामेंट बाबा गुरबचन सिंह जी को समर्पित है, जो बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की कृपा से लुधियाना में प्रारम्भहुआ और अबसतगुरु माता जी व निरंक. री राजपिता जी के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है। माया के प्रभाव का वर्णन करते हुए उन्होंने उदाहरण सहित समझाया कि माया उस कहानी के मगरमच्छ की भांति है जोऊपर से रेशमीकंबलजैसीदिखाई देती है लेि. कनमनुष्य को जकड़ लेती है।

# उत्तरकाशी में गहराने लगा रसोई गैस संकट, डीएसओ बोले- गैस पर्याप्त

■ ऑनलाइन गैस बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं को सताने लगा डर



**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** पश्चिम एशिया (इजरायल-ईरान) में चल रहे संघर्ष के कारण भारत में एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे बड़े शहरों के बाद अब उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में भी रसोई गैस की किल्लत और सिलेंडर के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं।वीरवार को उत्तरकाशी में रसोई गैसी गाड़ियां नहीं पहुंची लोग सुबह से ही लाइनों में खड़े रहे ,बाद में सूचना मिली कि उत्तरकाशी में आज रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं हुई जिस कारण लोगो बैरंग लौटना पड़ा।

एक भी गैस सिलेंडर नहीं इधर उत्तरकाशी इंडियन गैस प्रबंधन रेणुका उनियाल ने बताया कि किसी भी उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है आज गैस की गाड़ियां नहीं पहुंची और गोदाम में भी नहीं है । उन्होंने बताया कि शुक्रवार को गैस की गाड़ियां पहुंच रही जिसके बाद गैस पारदर्शी तरीके से वितरण किया जाएगा।

वहीं जिला पूर्ति अधिकारी उत्तरक. ाशी ने बताया कि जनपद में कुल 12 गैस एजेंसी हैं। इंडियन गैस में करीब एक लाख कनेक्शन का अनुमान है। जनपद में रसोई गैस की बिल्कुल भी किल्लत नहीं है। इसकी आपूर्ति सुचारू है। व्यावसायिक गैस सिलिंडर भी अभी पर्याप्त मात्रा में है। केवल सावधानी के तौर पर यह कदम उठाया जा रहा है।

जिससे होटल, रेस्टोरेंट और हॉस्टल के बंद होने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि किसी को भी अफवाह में नहीं आना चाहिए।

### गंगोत्री में भी एलपीजी संकट नवंबर से नहीं हुई सप्लाई

प्रकाश पंछी माई का कहना है कि गंगोत्री धाम में शीतकालीन सीजन में नवंबर 2025 से रसोई गैस की सप्लाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य कारणों से उत्तरकाशी के तेखला में निवास कर रही है। वीरवार को रसोई गैस के लिए पता किया था लेकिन गैस गोदाम से जवाब मिला है कि आज गाड़ी नहीं आई और गोदाम खाली है। वहीं प्रबंधक गैस का कहना है कि झाला में घरेलू रसोई गैस का गोदाम है जो उपला टकनौर क्षेत्र में सप्लाई करता है।

जिले में घरेलू रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं इस लिए उपभोक्ताओं को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है।कमर्शियल गैस की सप्लाई में कमी आई है लेकिन स्कूल, अस्पताल में सप्लाई जारी है। वहीं ऑनलाइन गैस बुि. कंग भी नहीं हो रही।-

**आशीष कुमार जिला आपूर्ति अधिकारी उत्तरकाशी**

बता दें कि एलपीजी सप्लाई खत्म होने के डर से लोग सिलेंडर लेकर गैस एजेंसी के बाहर लाइन में लगे देखे जा रहे हैं। ऐसी तस्वीरें दिल्ली में कई जगह देखने को मिल रही है। वहीं,पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की वजह से सप्लाई में रुकावट की खबरों के बीच चंडीगढ़ में लोगों ने एलपीजी सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि मौके का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबा. जारी में लग गए हैं। इन सभी घटनाओं से पहाड़ों में में लोगों को रसोई गैस की सप्लाई का डर सताने लगा है।

# कल्जीखाल में किसान दिवस आयोजित, संयुक्त मजिस्ट्रेट ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली ।** विकासखंड कल्जीखाल में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग करते हुए कृषि से जुड़ी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया गया।किसान दिवस की अध्यक्षता संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने की।

इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, सिंचाई समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया ।संयुक्त मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से किसानों को विभिन्न योजनाओं, कृषि तकनीकों, जैविक खेती, बागवानी और पशुपालन से जुड़ी जानकारियां भी दी गईं। कई किसानों ने मौके पर ही योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर आवेदन भी किए।संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि किसान दिवस के आयोजनों से किसानों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि किसानों की समस्याओं को समझकर उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका शीघ्र समाधान किया जाए,इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गीता देवी, ज्येष्ठ उप प्रमुख अजय पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख दीपक असवाल, मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा, खंड विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश बलूनी, पादप सुरक्षा अधिकारी कृषि अरविंद सिंह, प्रगतिशील किसान अनुज बिष्ट सहित अन्य अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

# गैरसैंण बजट सत्र: सदन में गूंजा घरेलू गैस किल्लत का मुद्दा

## विधानसभा अध्यक्ष बोलीं, गैस की कालाबाजारी पर सख्ती बरतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण ।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सदन में गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी का मुद्दा उठा। विपक्ष ने नियम 58 के तहत इस विषय पर चर्चा की मांग की। जिसे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने स्वीकार किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सरकार और प्रशासन को जमाखोरी व ब्लैक मार्केटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं सदन में प्रश्नकाल के दौरान विधायकों ने हंगामा भी दिया। जिसके बाद स्पीकर ने सत्र कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया।

सदन में चर्चा के दौरान विपक्ष की ओर से कहा गया कि प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर चिंता की स्थिति बन रही है। कई स्थानों पर जमाखोरी और कालाबाजारी की शिकायतें सामने आ रही हैं. नेता प्रतिपक्ष ने कहा



■ स्पीकर ने ब्लैक मार्केटिंग रोकने के दिए निर्देश

सरकार का दावा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई में कोई कमी नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में गैस की भारी किल्लत की आशंका है।

उन्होंने कहा प्रदेश में लगभग 29 लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। केवल देहरादून में ही करीब 70 गैस एजेंसियां संचालित हो रही हैं, इसके बावजूद पहाड़ी क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की स्थिति मैदानों से भी ज्यादा खराब बताई जा रही है। उनका कहना था कि कई जगह उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने भी इस मामले पर सख्त रुख अपनाया. उन्होंने पीठ से निर्देश देते हुए कहा कि गैस एक अत्यंत आवश्यक वस्तु है, इसलिए सरकार और प्रशासन को इसकी जमाखोरी, डायवर्जन और ब्लैक मार्केटिंग के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है. इसलिए इस विषय पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### संसदीय कार्यमंत्री ने रखा सरकार का पक्ष



बजट सत्र के चौथे दिन सदन में गैस सिलेंडर की किल्लत पर संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने सदन में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध जैसे हालात के बीच वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां सामने आ रही हैं, लेकिन राज्य सरकार इस बात को लेकर गंभीर है कि प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई किल्लत न हो। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए हैं। वे समय समय पर स्थिति की समीक्षा करें और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### भूकंप चेतावनी को 500 स्थानों पर लगेंगे सेंसर: सुबोध

राज्य में भूकंप चेतावनी प्रणाली के लिए 500 स्थानों पर सेंसर लगाए जाएंगे। पहले चरण में सरकार ने 115 करोड़ की लागत से 169 स्थानों पर सेंसर स्थापित कर चुकी है। गुरुवार को सदन में काजी निजामुद्दीन के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा, भूकंप की दृष्टि से उत्तराखंड संवेदनशील है। भूकंप की चेतावनी के लिए 500 स्थानों पर सेंसर लगाए जाएंगे। मैंपिंग कराने के बाद 169 स्थानों पर सेंसर लगाए गए हैं, इसमें 128 वर्तमान में संचालित हैं। नेपाल व हिमाचल से सटी सीमाओं के अलावा भूकंप की दृष्टि से थ्रस्ट क्षेत्रों में सेंसर स्थापित किए जा रहे हैं। इससे भूकंप आने की चेतावनी मिलने से समय पर बचाव किया जा सकेगा।

### चारधाम यात्रा में नहीं होगी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी

यमुनोत्री क्षेत्र के विधायक संजय डोभाल के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी नहीं रहेगी। उत्तरकाशी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कोट में रोटेशन के आधार पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 30 डॉक्टर पीजी कर लौटे हैं, जल्द ही उन्हें तैनाती की जाएगी।

# कैंसर अस्पताल का 90 प्रतिशत काम पूरा: डॉ. रावत

**गैरसैंण बजट सत्र का चौथा दिन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में चल रहे बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के विभागों से जुड़े कई मुद्दे सदन में उठे। स्वास्थ्य सेवाओं, गोल्डन कार्ड, कैंसर अस्पताल, खाद्य पदार्थों में मिलावट और शिक्षा विभाग की योजनाओं पर विधायकों ने सवाल किए गए।

इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा और खाद्य सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सत्ता और विपक्ष के विधायकों ने सवाल पूछे, जिनका मंत्री ने जवाब दिया। सबसे पहले अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों की पेंशन और गोल्डन कार्ड योजना को लेकर सवाल उठाया. इस पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने गोल्डन कार्ड योजना के लाभार्थियों के आंकड़े सदन के सामने रखे।

विपक्ष की ओर से पूछा गया कि गोल्डन कार्ड योजना में कर्मचारियों का कितना भुगतान बाकी है. मंत्री ने जवाब दिया कि करीब 37 हजार कर्मचारियों के लगभग 168 करोड़ रुपये की पेंडेंसी है. वहीं डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने देहरादून में बन रहे कैंसर अस्पताल को लेकर सवाल किया. इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि हर्रावला में लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से कैंसर अस्पताल बनाया जा रहा है और इसका करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शिक्षा विभाग से जुड़े अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में एलटी और प्रवक्ता के खाली पदों को लेकर भी सवाल उठाया गया. इस पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि जल्द ही इन पदों पर शत प्रतिशत नियुक्तियां की जाएंगी।

**गोल्डन कार्ड योजना को लेकर उठाया सवाल:** कांग्रेस विधायक वीरेंद्र ने भी गोल्डन कार्ड योजना को लेकर सवाल किया। उन्होंने कहा कि विधायकों का भी गोल्डन कार्ड बनना था। इस पर मंत्री ने कहा कि गोल्डन कार्ड एक अंशदायी योजना है और इस संबंध में कर्मचारी संगठनों के साथ बात. चीत चल रही है।

वहीं, पिथौरागढ़ के बेस अस्पताल को लेकर कांग्रेस विधायक मयूख मेहर ने सवाल उठाया. उन्होंने पूछा कि अस्पताल के निर्माण से पहले भौगोलिक सर्वे किया गया था या नहीं और क्षेत्र में हो रहे भू धंसाव को लेकर भी चिंता जताई. इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भू वैज्ञानिकों के सर्वे के बाद ही शुरू किया गया था, लेकिन यदि किसी तरह की समस्या सामने आती है तो आईआईटी रुड़की से दोबारा सर्वे कराया जाएगा।

### 31 मार्च से पहले होगा टेस्ट लैब का उद्घाटन

सदन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और भ्रामक मामलों का मुद्दा भी उठा। विधायक बृजभूषण गैरोला ने एफडीए में खाली पदों और देहरादून में खाद्य परीक्षण लैब को लेकर सवाल किया। इस पर विभागीय मंत्री ने बताया कि हर साल खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाते हैं। पिछले दो वर्षों में कुल 3311 सैंपल लिए गए, जिनमें से 330 सैंपल फेल पाए गए और इन मामलों में न्यायालय में वाद चल रहे हैं। देहरादून में टेस्टिंग लैब बनकर तैयार है और 31 मार्च 2026 से पहले इसका उद्घाटन किया जाएगा। ऑनलाइन खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर भी सदन में सवाल उठा। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जांच केवल छोटे व्यापारियों पर होती है, जबकि बड़े मॉल और सुपर मार्केट में जांच कम होती है। इस पर मंत्री ने कहा कि जहां भी सदस्य बताएंगे वहां जांच की जाएगी और जल्द ही कार्रवाई शुरू होगी।

# कैंसर को नोटिफाई करने के लिए नई गाइडलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गैरसैंण।** बजट सत्र में पूछे गए एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि कैंसर को नोटिफाई करने के लिए नई गाइडलाइन जारी की जाएगी। ताकि नीति स्तर पर इस बीमारी से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

विधायक विनोद चमोली ने कहा कि पहले खाद्य निरीक्षण का काम स्थानीय निकायों के पास था और उनके पास मजबूत तंत्र भी था। उन्होंने सुझाव दिया कि मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई में निकायों को भी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मामले पर विचार किया जाएगा। यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया।

■ बजट सत्र के दौरान पूछे गए सवालों के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दिए जवाब

उन्होंने बड़कोट और चिन्यालीसौड़ में एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता को लेकर सवाल किया। इस पर मंत्री ने बताया कि चिन्यालीसौड़ में दोनों मशीनें उपलब्ध हैं, जबकि बड़कोट में अभी एक्सरे मशीन है और अल्ट्रासाउंड मशीन की व्यवस्था रोटेशन के आधार पर की जाएगी।

# डॉ. अंबेडकर के नाम पर होंगे दो डिग्री कालेजों के नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सवाल के जवाब देते हुए कहा प्रदेश में दो डिग्री कालेजों का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा जाएगा।

सदन में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसकी जानकारी दी। सदन में तिलकराज बेहड़ ने कहा, राज्य में 118 राजकीय महाविद्यालय हैं, लेकिन एक भी महाविद्यालय का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर नहीं है। किच्छा महाविद्यालय का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा जाए।

इस पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, सरकार ने महापुरुषों के नाम पर कई महाविद्यालयों का नाम रखा है। जनभावना के अनुरूप नाम रखा जाता है, इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति गठित होती है। जो इसके लिए सिफारिश करती है। संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि महाविद्यालयों का नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाने की रिपोर्ट आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी। भाजपा विधायक अरविंद पांडे ने कहा, गुलरभोज व अन्य क्षेत्रों में वर्षों से बसे लोगों को जमीन पर मालिकाना हक दिया जाए। मो. शहजाद ने कहा, क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को उठाया।

उन्होंने बताया कि गन्ने की फसल में रोग से उत्पादन में गिरावट आई है। जबकि हरिद्वार मिल बंद होने के कगार पर है।

### जौनसार-बावर में 'माफी की लकड़ी' पर रोक का मुद्दा सदन में उठा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**भराड़ीसैण।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन जौनसार-बावर क्षेत्र में मिलने वाली पारंपरिक 'माफी की लकड़ी' का मुद्दा जोर-शोर से उठा। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से इस पर लगी रोक हटाने की मांग की।

प्रीतम सिंह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र जौनसार-बावर के लोगों को पिछले 150 वर्षों से अधिक समय से माफी की लकड़ी मिलने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1872 में दर्ज दस्तावेज 'वाजुल-उल-अर्ज' की दफा 13 में इस क्षेत्र के वन अधिकारों और संसाधनों के बंटवारे का स्पष्ट



■ प्रीतम सिंह ने की सरकार से बहाल करने की मांग

उल्लेख है। इसके तहत ग्रामीणों को खेती के औजार बनाने, मकान निर्माण और अन्य जरूरतों के लिए वन विभाग से माफी की लकड़ी लेने का अधिकार दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1920 में नोटिफाइड 'पन्नालाल सेटलमेंट' के तहत भी जौनसार-बावर के जनजातीय लोगों को वन विभाग से माफी की लकड़ी प्राप्त करने का अधिकार सुनिश्चित किया गया था। कांग्रेस विधायक ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों से 'माफी की लकड़ी' पर रोक लगाकर जनजातीय लोगों के पारंपरिक अधिकारों और हक-हकूकों पर कुठाराघात किया है। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कहा कि विगत वर्षों से रोकी गई 'माफी की लकड़ी' को इसी वित्तीय वर्ष में वन विभाग द्वारा जारी किया जाए, ताकि जौनसार-बावर के लोगों को उनका पारंपरिक अधिकार मिल सके।



गैरसैंण में स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में चल रहे बजट सत्र के चौथे दिन की कार्रवाई के लिए जाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में हैं विधायक आदेश चौहान और सुरेश गढ़िया।

# खेल विश्वविद्यालय के लिए वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ी, 8.57 करोड़ स्वीकृत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और उससे जुड़ी खेल अवसंरचना परियोजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 8 करोड़ 57 लाख 13 हजार 171 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन की ओर से जारी आदेश में यह धनराशि खेल विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए वन विभाग की भूमि की आवश्यकता थी, जिसे केंद्र सरकार से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। वन भूमि के उपयोग के बदले नियमानुसार राज्य सरकार को प्रतिपूरक व्यवस्था करनी होती है। इसके तहत जिन पेड़ों का नुकसान

■ खेल विश्वविद्यालय के लिए अब मैदान स्तर पर व्यावहारिक कार्य शुरू होने की प्रक्रिया तेज होगी: रेखा आर्या

होगा, उनकी भरपाई के लिए अन्य स्थानों पर नए वृक्ष लगाए जाने और उसके लिए आवश्यक भूमि तथा धनराशि उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इसी प्रतिपूरक वृक्षारोपण और उससे जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने यह धनराशि स्वीकृत की है। आदेश के अनुसार स्वीकृत राशि का उपयोग वित्तीय वर्ष 2025-26 में परियोजना से जुड़े सर्वेक्षण, तकनीकी परीक्षण, परामर्श और



अन्य प्रक्रियात्मक कार्यों के साथ-साथ प्रतिपूरक वृक्षारोपण से संबंधित व्यवस्थाओं पर किया जाएगा। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस आदेश के जारी होने के बाद खेल विश्वविद्यालय परियोजना से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने का रास्ता साफ हो गया है और अब मैदान स्तर पर व्यावहा. रिक कार्य शुरू होने की प्रक्रिया तेज होगी।

# आज से नगर निगम चलाएगा संपत्तियों का सत्यापन अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल अध्यक्षता में गुरुवार को भवन कर वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पाया गया कि विभिन्न वार्डों में आवासीय/अनवासीय एवं कुछ सरकारी संस्थाओं द्वारा अपने भवन कर धनराशि का भुगतान नगर निगम कार्यालय को नहीं किया है, जिसके क्रम में भवन कर की वसूली के लिए शुक्रवार से सभी वार्डों में संपत्तियों का सत्यापन करा अभियान चलाया जा रहा है। जिन वार्डों की संपत्तियां भवन कर के दायरे में नहीं है, उनको भवन कर के दायरे में लाने के लिए व्यापक रूप से सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नगर आयुक्त ने आवंटित वार्डों में शत



■ भवन कर के दायरे में संपत्तियों को लाने के लिए भी होगा वेरीफिकेशन

प्रतिशत भवन कर वसूली के लिए भी निर्देशित किया गया। इस कार्य के लिए कर अधीक्षक, कर निरीक्षक को अपने-अपने वार्डों में अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिन करदाताओं के भवन कर की धनराशि 10,000 से कम है वह करदाता नगर निगम द्वारा व्हाट्सएप पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

### इन दूरभाष नंबरों पर ली जा सकेगी भवन कर की जानकारी

भवन करदाताओं द्वारा अपने भवन कर के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए दिए गए नंबर 7409777799, 9456548005, 8191800195, 9761260443, 7895723664 पर दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

# मेधावी छात्रों का पूरा ध्यान, छात्रवृत्ति योजना 'वरदान'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए धामी सरकार संवेदनशीलता से काम कर रही है।

यही वजह है कि अभी तक प्रदेश के 21 हजार 743 बच्चों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है। इसमें मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में सबसे ज्यादा 17 हजार 852 मेधावी बच्चे लाभान्वित हुए हैं।

धामी सरकार ने समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं के पात्र मेधावी बच्चों में अभी तक 17 करोड़ 67 लाख 77 हजार तीन सौ की धनरा. शि वितरित की है।

प्रदेश में मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के साथ ही डॉ शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति योजना, श्रीदेव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय



इंडियन मिलिट्री कोर छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। इसके अलावा, प्रदेश से बाहर के सैनिक स्कूल में पढ़ रहे मेधावी छात्रों को भी धामी सरकार छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान कर रही है।

विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सदन में बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में छह से 12 वीं तक के मेधावी बच्चों को 600 से लेकर 1200 रूपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। श्रीदेव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति योजना में अभी तक 3289 मेधावी बच्चें लाभान्वित हुए हैं, जबकि डॉ शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति योजना में अभी तक 527 बच्चों को छात्रवृत्ति मिली हैं।

■ प्रदेश में अभी तक 21 हजार से ज्यादा बच्चों को मिल चुका है लाभ
■ राज्य सरकार ने बांटी 17 करोड़ 67 लाख 77 हजार तीन सौ रूपये की छात्रवृत्ति
■ मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में लाभान्वित हुए सर्वाधिक बच्चे

# मिलावटखोरों पर और शिकंजा कसने की तैयारी

■ हर माह एक सप्ताह का विशेष अभियान चलेगा, स्टाफ की कमी भी होगी दूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों पर धामी सरकार का शिकंजा अब और कसेगा।

त्योहारों के समय ही नहीं, बल्कि हर माह में एक सप्ताह खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए विशेष अभियान चलेगा। इसके अलावा, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशाासन विभाग में स्टाफ की कमी को भी दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई बख्शा न जाए।

**हर महीने अभियान, हाट-मेलों पर खास ध्यान:** विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बृहस्पतिवार को सरकार ने साफ किया कि खाद्य पदार्थों की जांच का काम तेजी से चल रहा है। इसकी गति और तेज की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि हाट-मेलों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को खास तौर पर चेक किया जाएगा।

### दूर होगी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी

प्रदेश में वर्तमान में 28 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार ने लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजा है। सरकार का कहना है कि आयोग से भर्ती प्रक्रिया में यदि देर होती है, तो प्रतिनियुक्ति के जरिये भी इन पदों को भरने का प्रयास किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के खाली पदों को जल्द से जल्द भरने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि देहरादून में टेस्टिंग लैब का कार्य 31 मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा।



### खाद्य पदार्थों की जांच-दो वर्ष का हिसाब

**वर्ष 2023-24**

- इस वर्ष में खाद्य पदार्थों के कुल 1627 नमूने लिए गए, जिसमें से 171 फेल हुए। इसके आधार पर 171 वाद पंजीकृत कराए गए।

---

**वर्ष 2024-25**

- इस वर्ष में खाद्य पदार्थों के 1684 नमूने लिए गए, जिसमें से 159 फेल हुए। इस आधार पर 159 वाद दायर किए गए।

# राज्य में खाद्य एवं रसद व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए अधिकारियों की विशेष तैनाती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वैश्विक परिदृश्य में उत्पन्न वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने खाद्य एवं रसद आपूर्ति की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र , देहरादून में विभिन्न अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की तैनाती तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक की गई है।

राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों और विशेषज्ञों की तैनाती का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था तथा वितरण प्रणाली की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही खाद्य एवं रसद से संबंधित सूचनाओं का नियमित संकलन, उनका विश्लेषण तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार तैनात अधिकारी एवं विशेषज्ञ उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे। वे प्रतिदिन खाद्य एवं रसद की स्थिति की समीक्षा करेंगे, आवश्यक सूचनाओं का संकलन एवं विश्लेषण करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी परिस्थिति में खाद्यान्न, एलपीजी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए तथा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में खाद्य एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

■ सीएम धामी के निर्देश पर उठाया गया कदम

### चलते ट्रक में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**मसूरी।** पहाड़ों की रानी मसूरी में गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कैंपटी रोड पर इंदिरा कॉलोनी के पास ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई थी. देखते ही देखते ट्रक धू-धू कर जलने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम दो फायर टेंडरों के साथ मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ट्रक सीएनजी गैस से संचा. लित था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रक कैंपटी की ओर से मसूरी की तरफ आ रहा था. इसी दौरान इंदिरा कॉलोनी के पास अचानक ट्रक से धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं।

# जिले में घरेलू गैस आपूर्ति सामान्य रहेगी

## कमर्शियल सिलेंडरों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध, अफवाहों से बचने की अपील



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** शासन के निर्देशों के क्रम में कमर्शियल गैस सिलेंडरों के उपयोग पर अस्थायी प्रतिबंध लागू किया गया है। इस संबंध में जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे ने स्पष्ट किया है कि जनपद बागेश्वर में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा नागरिकों को घबराने या पैनिक बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने गुरुवार को जिला होटल एसोसिएशन, पेट्रोल पंप मालिकों/संचालकों, गैस एजेंसियों, आवासीय विद्यालयों के प्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली।

उन्होंने सभी को अवगत कराया कि शासन के आदेशों के अनुसार वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडरों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया है, जबकि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूर्ववत जारी रहेगी। जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि आवश्यक संस्थानों में गैस आपूर्ति बाधित न हो। गैस आपूर्ति की निगरानी के लिए जनपद एवं तहसील स्तर पर क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित की गई है तथा जिला पूर्ति अधिकारी को जिले में नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिला एवं तहसील आपदा नियंत्रण कक्ष को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने पुलिस, उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को जमाखोरी एवं कालाबाजारी एवं गैस वाहनों के सुगम आवागमन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है। साथ ही पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों को अपने परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगने के निर्देश दिए है। जिला पूर्ति अधिकारी बल्लभ पांडेय ने बताया कि इंडियन ऑयल का ऑनलाइन पोर्टल तकनीकी कारणों से अस्थायी रूप से प्रभावित है, जिसे शीघ्र ही ठीक करा दिया जाएगा। साथ ही अवगत कराया गया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल पंपों पर बोतल, कैन या अन्य खुले कंटेनरों में ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अनावश्यक भंडारण से बचें और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही ईंधन प्राप्त करें। बैठक में होटल एवं व्यापार संघ ने दुकानों में प्रयोग किए जाने वाले कमर्शियल सिलेंडरों के विकल्प में समाधान निकालने की मांग की। जिस पर वर्तमान में जारी गाइडलाइन के अनुसार लकड़ी व बिजली के माध्यम से होटलों में भोजन आदि बनाने की बात कही गई। हालांकि प्रशासन ने होटल व्यापारियों की समस्या को शासन स्तर पर भेजने के आश्वासन दिया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने नागरिकों को सोशल मीडिया पर प्रसारित फर्जी गैस बुकिंग लिंक और नंबरों से सतर्क रहने की अपील की। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### महिला आयोग ने की मामलों पर सुनवाई

**बागेश्वर।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा सायरा बानो की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय विकास भवन सभागार में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने कुल 11 शिकायतें दर्ज हुई। यहां आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शायरा बानो ने जनपद की महिलाओं से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा करना महिला आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अन्य शिकायत होने पर महिलाएं महिला आयोग में शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। जन सुनवाई करते हुए कुल 11 शिकायतें दर्ज हुई। अयोग की उपाध्यक्षा एवं मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ससमय आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू लता, परियोजना निद. ेशक शिल्पी पंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विपिन कांडपाल बने जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**कालाढूंगी।** भाजपा किसान मोर्चा के विपिन कांडपाल बने जिला महामंत्री। उनके मनोनीत होने पर बधाई देने का सिलसिला जारी। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज शाह ने जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट व मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी से परामर्श कर जिले की कार्यकारणी की घोषणा करते हुए गैबुआ निवासी विपिन कांडपाल को मोर्चे का जिला महामंत्री मनोनीत किया है वहीं विपिन से उम्मीद जताई कि वह अपने पद का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे वहीं विपिन कंडपाल ने कहा जिस उम्मीद से पार्टी ने उनपर उम्मीद जताते हुए जिम्मेदारी दी है वह उस पर खरा उतर कर दिखाएंगे भाजपा पार्टी की जन नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे। इस दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, विक्रम जंतवाल सहित अनेक लोगों ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अजय कंबोज बने मोर्चा के जिला मीडिया संयोजक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**कालाढूंगी।** भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति एवं प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या से परामर्श के उपरान्त जिला नैनीताल के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष नन्हे कश्यप द्वारा बैलपड़ाव निवासी अजय कंबोज को नैनीताल जिले का जिला मीडिया संयोजक बनाया गया। उनसे आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा पार्टी की जन नीतियों को जन जन पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही मीडिया के माध्यम से मोर्चे की हर गतिविधि को जनता तक पहुंचाएंगे। अजय मनोनीत अजय कंबोज ने कहा कि जिस विश्वास से पार्टी ने उनको जिम्मेदारी दी है उसका वह ईमानदारी से पालन करेंगे इस दौरान उनको सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, विकास भगत, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, कमलेश पांडे, एमपी सिंह, सुखवीर सिंह संधू सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

### हाजी शाकिर बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**कालाढूंगी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अली नकवी ने कालाढूंगी निवासी हाजी शाकिर हुसैन को अल्पसंख्यक मोर्चा में नैनीताल जिले का जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। वहीं उनसे आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पद का ईमानदारी से निर्वाहन करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन पहुंच. ाने का कार्य करेंगे। हाजी शाकिर हुसैन ने शीर्ष नेतृत्व का अभार व्यक्त करते हुए कहा जिस उम्मीद से उनको इस जिम्मेदारी से नवाजा गया है उस पर पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर विधायक बंशीधर भगत, सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक दिवान सिंह बिष्ट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड, मजहर नईम नवाब, महमूद हसन बंजारा, कुमाऊ संयोजक हाजी महबूब अली, विवेक साह, कमल नयन जोशी, प्रदीप जनोटी, प्रताप बिष्ट, जहीर अंसारी, रहमत अली खान, मण्डल अध्यक्ष, विक्रम जंतवाल, गोपाल बुधलाकोटी, कैलाश बुडलाकोटी, दिवान सिंह बिष्ट, अखिलश वर्मा, विनोद बुडलाकोटी, लक्ष्मण सिंह देउपा, सुच्चा सिंह, जसविंदर सिंह, हरीश मेहरा, गणेश मेहरा आदि ने बधाई दी है।

### चुनावी रंजिश: जानलेवा हमला करने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर चुनावी रंजिश के चलते उस पर जानलेवा हमला कर उसे बुरी तरह घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम गुलड़िया निवासी जावेद पुत्र बुनियाद अली ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही इसराइल पुत्र अब्दुल अजीज तथा उसके परिजन उससे चुनावी रंजिश रखते हैं। कहा कि बीती 10 मार्च की दोपहर 12 बजे वह गांव में बन रही सड़क बनने के दौरान वहां गया था तो इसराइल बोला कि इधर कैसे आया है और घर पर फोन कर अपने पुत्र अफरीदी, मौहम्मद सैफ, नावेद पुत्र उमर, सुहेल पुत्र इदरीस मौके पर डंडे व लोहे की राड लेकर आ गए तथा जान से मारने की नियत से हमला कर दिया तथा उसे मरा जानकर छोड़ गए। बाद में गांव के लोग उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां पर उसकी गम्भीर हालत होने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पीड़ित ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताया है।

### कविता यादव बनीं काशीपुर अध्यक्ष



**काशीपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा, अश्वनी छाबड़ा एवं काशीपुर जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग की सहमति से व्यापार मंडल की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल एडवोकेट ने काशीपुर नगर निगम की पूर्व पार्षद कविता यादव को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल महिला मोर्चा काशीपुर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नगर अध्यक्ष बनने पर हापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज पाल, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, गुरविंदर सिंह खिलेंद्र चौधरी चंडोक, आशीष गुप्ता, पूर्व मेयर उषा चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यों ने उन्हें बधाई दी है।

### तीन पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** बैजनाथ पुलिस ने तीन पेटी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ लगाकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उप निरीक्षक उमेश सिंह रजवार और कोतवाली बैजनाथ पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान पर थे। इस दौरान पुलिस ने मोहन सिंह पुत्र तारा सिंह, मुन्ना सिंह पुत्र गोपाल सिंह को कार में तीन पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस ने संतोष सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी कपकोट को 18 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया।

# जंगलों में आग लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** वन विभाग के चीफ कन्सर्वेटर रंजन कुमार मिश्रा ने गुरुवार को रानीखेत और गगास रेंज का निरीक्षण कर वन विभाग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्रू स्टेशन का भी निरीक्षण किया और आगामी फायर सीजन को देखते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जंगलों को आग से बचाने के लिए विभागीय तैयारियों को और मजबूत किया जाए। साथ ही ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर वनाग्नि की घटनाओं को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चीफ कन्सर्वेटर ने वन्यजीव और मानव के बीच बढ़ रहे संघर्ष पर भी चिंता व्यक्त करते हुए वन अधिकारियों और वन रक्षकों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन और वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वन विभाग निरंतर प्रयासरत है। यहां सीएफ उत्तरी कुमाऊं चंद्रशेखर जोशी, डीएफओ संतोष कुमार पंत, भूमि संरक्षण डीएफओ दीपक सिंह, रेंज ऑफिसर राजेश जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

### किसान दिवस पर गोष्ठी

**कालाढूंगी।** कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग नैनीताल द्वारा कोटाबाग ब्लॉक सभागार में किसान दिवस पर एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के सीडीओ अरविंद पांडे ने की, जबकि किसान मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी मुख्य अतिथि रहे। ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। इस अवसर पर किसानों को सरकारी योजनाओं और जैविक खेती के फायदे के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, अधिकारियों पर फोन न उठाने का आरोप भी लगाया गया। सीडीओ ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि जिले की भौगोलिक स्थिति के कारण बीज प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन भविष्य में इसका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी डा. गीतांजलि बंगारी, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, बीडीओ श्वेता सैनी, विधायक प्रतिनिधि मयंक तिवारी, और अन्य किसान नेता भी उपस्थित थे।

### भिकियासैंण में महिला उत्पीड़न का मुकदमा

**अल्मोड़ा।** जिले के भिकियासैंण क्षेत्र में एक महिला ने उत्पीड़न, जालसा. जी, ठगी और एससी व एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि करीब नौ साल पहले आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए और इस दौरान उससे लाखों रुपये भी लिए। जब महिला ने विवाह का कानूनी पंजीकरण कराने की बात कही तो आरोपी और उसके परिवार ने कथित तौर पर जाति का हवाला देकर मना कर दिया। विरोध करने पर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के किराए के मकान को सीज कर साक्ष्य जुटाए गए हैं, जबकि आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है। मामले में पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# सिलेंडरों की जमाखोरी पर होगी सख्त कार्रवाई

## हालात के मद्देनजर अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**अल्मोड़ा।** जिले में गैस आपूर्ति और वितरण को लेकर गुरुवार को डीएम अंशुल सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति को सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं, आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि घरेलू गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। कहा कि वर्तमान में जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, इसलिए जनपद वासियों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने गैस वितरकों को बिना बुकिंग के किसी भी व्यक्ति को गैस सिलेंडर की आपूर्ति न की जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गैस बुकिंग के लिए निर्धारित 25 दिन के अंतराल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। जिससे सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा सके और अनावश्यक भीड़ अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

**क्विक रिस्पांस टीम गठित**

डीएम ने रसोई सिलेंडरों की कालाबा. जारी रोकने के लिए क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया है। इन टीमों में संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और पूर्ति निरीक्षक शामिल रहेंगे, जो समय-समय पर गैस एजेंसियों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं की निगरानी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर कालाबा. जारी, जमाखोरी या अनियमितता का मामला सामने आता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**आपातकालीन कंट्रोल रूम स्थापित**

जिले में किसी भी संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक आपातकाल. ीन कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की गैस आपूर्ति संबंधी शिकायत दर्ज कराने, उक्त विषय से संबंधित किसी भी सूचना देने तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05962-237875, 05962-237874 तथा मोबाइल नंबर +91 79004 33294 जारी किए गए हैं।

**जिला प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन और फोन के माध्यम से कराएं। गैस एजेंसियों पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाएं। साथ ही घबराहट में आकर अनावश्यक गैस बुकिंग न करें। केवल आवश्यकता के अनुसार ही रिफिल बुक करें। जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

# होटल-रेस्टोरेंट समेत छोटे कारोबारियों पर गहराया संकट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**अल्मोड़ा।** खाड़ी युद्ध के कारण गैस सहित ईंधन की आपूर्ति का असर अब अल्मोड़ा तक पहुंच गई है। युद्ध के चलते व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति पर रोक लगने से होटल-रेस्टोरेंट समेत छोटे कारोबारियों पर के रोजगार पर संकट गहरा गया है। हालांकि रसोई गैस सिलेंडर का कोई संकट नहीं है। गोदामों में पर्याप्त सिलेंडर हैं। तय स्थानों में वाहनों से सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। मध्य पूर्व में छिड़े महासंग्राम के बीच गैस की आपूर्ति चरमरा गई है। खासकर व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति चरमराने से जिले के 250 से अधिक होटल संचालकों और करीब दो हजार रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सिलेंडर नहीं मिलने से रोजगार बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसे में कारोबारियों के माथे पर चिंता की लकीर खींच गई है। नए एसओपी के तहत अग्रिम आदेशों तक होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों को सिलेंडर की आपूर्ति पर रोक रहेगी, ऐसे में होटल रेस्टोरेंट बंद हो सकते हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि पुराने स्टाक में केवल नियमित उपभोक्ताओं को ही गैस मिलेगी, जबकि नए स्टाक में होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों को गैस आपूर्ति नहीं होगी। बताया कि केवल अस्पताल और शिक्षा विभाग को ही व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति की जाएगी। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियमित होने से अब तक आम आदमी को राहत मिली है।

# मेयर ने किया प्लांट विजिट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर द्वारा 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के अंतर्गत महापौर दीपक बाली और नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए एसटीपी प्लांट विजिट एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के स्कूलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत लिटिल स्कॉलर और गुरुकुल विद्यालय, काशीपुर के छात्र-छात्राओं को जल संस्थान/पेयजल विभाग द्वारा संचा. लित 10 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), धोबीघाट, अली खाँ का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सीवेज ट्रीटमेंट की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। महापौर दीपक बाली ने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन या नगर निगम के प्रयासों से ही संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आम जनता और विशेष रूप से नई पीढ़ी की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार शहर के घरों और नालों से निकलने वाला गंदा पानी एसटीपी प्लांट में लाकर विभिन्न चरणों में शोधन प्रक्रिया से गुजरता है और उसे पुनः उपयोग के योग्य बनाया जाता है। इस दौरान जल निगम की अपर सहायक अभियंता ज्योति रावत, एसएनए शालिनी नेगी, सफाई निरीक्षक मनोज कुमार बिष्ट, पार्षद अब्दुल कादिर, सांसद प्रतिनिधि विजय बॉबी, सादिक हुसैन, रियाज अहमद, पुष्कर बिष्ट, रवि प्रजा. पति, सतीश शर्मा, शिक्षिका मीनल बधवार, पारुल गोयल, नीति सिंगल, भावना सक्सेना, दीपक शर्मा, मंजुला अरोड़ा, गौरव शर्मा, संजय कुमार, पीएमयू नगर निगम से सुधाकर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# किसान मेला आज से सीएम करेंगे उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**


**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में 13 से 16 मार्च 2026 तक 119वां अखिल भारतीय किसान मेला और उद्योग प्रदर्शनी आयोजित किया जाएगा। मेले का उद्घाटन 14 मार्च को के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। यह चार दिवसीय मेला गांधी पार्क में आयोजित होगा, जिसमें किसानों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं होंगी। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 13-14 मार्च को फल-फूल, शाक-भाजी और परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता होगी। इसी दिन अपराह्व 2 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला पर संकर बछियों की नीलामी होगी। 14 मार्च को अपराह्व 3 बजे मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जबकि 13 से 15 मार्च तक कृषक वैज्ञानिक संवाद और कृषक गोष्ठी आयोजित होगी। 15 मार्च को सुबह 10 बजे पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता होगी। मेले के अंतिम दिन, 16 मार्च 2026 को गांधी हाल में अपराह्व 3 बजे समापन और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजयी प्रतिभागियों और प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टालों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। किसानों से अपील है कि वे मेले में अधिक से अधिक भाग लेकर लाभ उठाएं।

रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



महमूद हसन बंजारा
प्रदेश महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
शाकिर हुसैन (पत्रकार)
नसीम जहां
सभासद, वार्ड 4
नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
( विधानसभा अध्यक्ष )
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
( पूर्व उपाध्यक्ष )
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी ( नैनीताल )
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
( सदर )
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट



फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# लक्ष्य की पूर्ति करें बैंकर्सः जिलाधिकारी

## आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी बैंकर्स को कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण बढ़ाने और लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पॉलीहाउस, लघु उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध तरीके से ऋण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा बैंकर्स किसानों को ऋण देने में सकारात्मक रवैया अख्तियार करें। उन्होंने कहा जिन बैंकर्स द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण मुहैया नही कराने पर ऐसे बैंकर्स की सूची बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जो भी जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है लोगों को आरसेटी अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण दें ताकि लोग स्वरोजगार अपनाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकते हैं। बैठक में अधिकांश बैंकर्स पशुपालकों को लोन मुहैया नही कराते है और बैंकर्स द्वारा उनका प्रार्थना पत्र अस्वीकृत कर दिया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और लीड बैंक अधिकारी को ऐसे बैंकर्स की सूची बनाकर बनाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि कोआपरेटिव, पशुपालन विभाग एवं बैंक आपस में समन्वय बनाकर सभी पशुपालकों के लोन की की समस्या का शीघ्र समाधान कर प्रगति रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को देना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के लिए एक व्यापक और विकासोन्मुख ऋण योजना तैयार करने हेतु राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के प्रयासों की सराहना की तथा इस बात पर बल दिया कि प्राथमिकता क्षेत्रों जैसे पर्वतीय में पर्याप्त और समयबद्ध ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए बैंकों, सरकारी विभागों तथा विकास संस्थाओं के बीच समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि कृषि, संबद्ध गतिविधियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, आवास तथा सामाजिक अवसंरचना क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को सुदृढ़ करने से जिले में आजीविका संवर्धन, उद्यमिता विकास और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में मुकेश बेलवाल, जिला विकास प्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने कहा कि नाबार्ड की 7,928 करोड़ रुपये की संभाव्यता आधारित ऋण योजना से नैनीताल के विकास को नई गति मिलेगी। जिसमें फसल उत्पादन, बागवानी विकास, सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण, दुग्ध उत्पादन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन तथा अन्य संबद्ध गतिविधियां शामिल हैं। इनका उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना तथा कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। बैठक में जनपद में कई महत्वपूर्ण विकास रणनीतियों को भी रेखांकित किया गया है, जिनमें बागवानी को प्रोत्साहन देना, दुग्ध एवं पशुपालन गतिविधियों को सुदृढ़ करना, कृषि उत्पादों की मूल्य श्रृंखला का विकास करना, किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देना, खाद्य प्रसंस्करण तथा ग्रामीण उद्यमों का विस्तार करना, भंडारण एवं विपणन अवसंरचना को मजबूत करना तथा स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना शामिल है। जिलाधिकारी ने बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को योजना में दर्शाई गई संभावनाओं के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में संस्थागत ऋण का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में जनपद के सभी बैंक के अधिकारी के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला ब्लॉगरों पर एसएसपी से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने नैनीताल एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी से मुलाकात कर सोशल मीडिया ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और सुनीता भट्ट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि हाल ही में काठगोदाम क्षेत्र स्थित चौपाटी पर एक विवाद के दौरान दोनों महिला ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और सुनीता भट्ट ने एक दूसरे को गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी थी। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिससे




हल्द्वानी की छवि धूमिल हो रही है। विशाल वर्मा ने कहा कि दोनों ब्लॉगर हल्द्वानी जैसे शांतिपूर्ण शहर की छवि को पूरे उत्तराखंड में धूमिल कर रही हैं। इन महिलाओं द्वारा व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने से हल्द्वानी और उत्तराखंड राज्य का नाम बदनाम हो रहा है और समाज में गलत संदेश जा रहा है। समाजसेवी ने एसएसपी से मांग की कि इस गंभीर प्रकरण को ध्यान में रखते हुए दोनों महिला ब्लॉगर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके और समाज में शांति बनाए रखी जा सके।

# बच्चों के विकास में बताया भोजन का महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में भोजन बनाने का कार्य एवं दायित्व देख रही विकासखंड हल्द्वानी की 23 भोजन माता को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पीएम पोषण योजना के उद्देश्य, सामाजिक समानता, सामुदायिक सहभागिता, खाद्यान्न मानक, पोषक तत्व, कुकिंग कास्ट, भोजन का महत्व, बच्चों के विकास में भोजन का महत्व, संतुलित आहार का महत्व, भोजन व स्वास्थ्य के मध्य संबंध, स्वस्थ रहने की जानकारी, स्थानीय भोजन, स्थानीय खाद्य पदार्थ, खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, रसोई घर की स्वच्छता, पेयजल की स्वच्छता, खाद्य पदार्थ में पाए जाने वाले पोषक तत्व, रसोई घर में पाए जाने वाले कीटों से रोकथाम, सब्जियों की गुणवत्ता, रसोई के उपकरणों की सुरक्षा, बच्चों व भोजन



माता तथा विद्यालय का आग से बचाव, सोशल ऑडिट आदि के संदर्भ में विस्तार से दो दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय दिवस में खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। भोजन माताओ का आह्वान किया कि वह पूर्ण मनोयोग से विद्यालय को अपना घर समझकर और बच्चों को अपने बच्चों की भांति प्यार से भोजन परोसने का कार्य करें तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। भोजन माताओं के मानदेय के संदर्भ में विभाग उचित कार्यवाही कर रहा है। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में डिकर सिंह पडियार एवं कौशल किरण पांडे रहे। इस दौरान अनीता, कमला, संतोष, चंद्र देवी, रामदेवी, पदमा मंडल, कुसुम देवी, मंजू जोशी, रामा देवी, गंगा देवी, लीला मिश्रा, ममता कोटलिया, पूजा देवी, भावना, कमला जोशी, गंगा जोशी, कलावती देवी, संगीता कोलिया, दुर्गा देवी, भगवती देवी, अनीता देवी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में जिला मंत्री बने शानू खान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नैनीताल जिला अध्यक्ष अली नकवी ने भाजपा जिला अध्यक्ष की सहमति एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ से परामर्श के बाद मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। जिला अध्यक्ष ने पार्टी में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ता खान अली खान उर्फ शानू को मोर्चा के नैनीताल जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया है। पार्टी की गतिविधियों में कर्मठता के साथ जुटे रहने वाले शानू को जिला मंत्री जैसा महत्वपूर्ण



दायित्व मिलने पर पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है। सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मज़हर नईम नवाब, राज्यमंत्री दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, विनीत अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा समीर आर्य, महबूब अली, इसरार हुसैन, ज़हीर अंसारी, हज कमेटी की सदस्य तरन्नुम खान, निजामुद्दीन नजमी आदि ने शानू के उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की है।

# व्यापारियों ने प्रदेशव्यापी बंद का मन बनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल भीमताल के अध्यक्ष संदीप पांडे द्वारा प्रदेशव्यापी मांगों को लेकर चलाए जा रहे क्रमिक अनशन स्थल पर आज प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें जल्दी पूरी नहीं की गईं, तो प्रदेशव्यापी बंद का ऐलान किया जाएगा। हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि शीघ्र ही शासन-प्रशासन से मांग की जाएगी कि उनकी मांगों को पूरा किया जाए और इसके लिए एक डेलिगेशन मुख्यमंत्री उत्तराखंड से मिलने के लिए देहरादून कूच करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, क्षेत्रीय विधायक और नैनीताल-उधम सिंह



नगर के सांसद को धरना स्थल पर आकर लिखित रूप में अस्वस्थ करना चाहिए और एक निश्चित समय सीमा में मांगों को पूरा करने की प्रतिबद्धता जतानी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री जी से भी इस मुद्दे पर बात की है, और मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि विधानसभा सत्र समाप्त होते ही देहरादून जाकर इस विषय पर विचार किया जाएगा और जो भी जायज मांगें हैं, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता रमेश पलाडिया, तारा दत्त जोशी, राज्य आंदोलनकारी चंदन सिंह बिष्ट, समाजसेवी सज्जन लाल शाह, पूर्व प्रधान भाकर जीवन पलाडिया, गोविंद बल्लभ पालीवाल समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शीतकालीन परीक्षाओं के दौरान गुरुवार को यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षा व्यवस्था, अनुशासन एवं पारदर्शिता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों से परीक्षा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा परीक्षा ड्यूटी में तैनात शिक्षकों और कर्मियों से भी बातचीत की। कुलपति ने केंद्र में चल रही परीक्षा प्रक्रिया को संतोषजनक बताते हुए निर्देश दिए कि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, अनुशासन और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाये। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि विश्वविद्यालय परीक्षाओं की शुचिता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण करता रहता है ताकि परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

# शातिर अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस ने एक शातिर अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और अवैध पिस्टल के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक 10 मार्च को हीरानगर निवासी प्रकाश कविदयाल ने घर के सामने खड़ी अपनी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना हल्द्वानी में दर्ज कराई थी। इसके अगले दिन 11 मार्च को राजपुरा निवासी सुमित ने दुकान से चार मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी के निर्देश पर एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की।

टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने और सुरागरसी के आधार पर आरोपी को गिर तार कर लिया। गिर तार आरोपी की पहचान कवि बिष्ट (33) पुत्र कुंदन सिंह निवासी गोलू माजरा डेरावसी थाना डेरावसी मो. हाली चंडीगढ़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन और एक देशी पिस्टल (32 बोर) के साथ दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। अवैध हथियार मिलने पर आरोपी के खिलाफ थाना हल्द्वानी में आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ उत्तराखंड के अलावा चंडीगढ़ और हरियाणा के पंचकुला में चोरी, लूट और झपटमारी के 14 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी शामिल रहे।



# व्यवसायिक गैस की कमी पर चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति कम होने से होटल और रेस्तरां संचालकों में चिंता बढ़ गई है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में होटलों और रेस्तरां को मिलने वाले व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक कम कर दी गई है। वर्तमान में किसी भी होटल या रेस्तरां को नियमित रूप से व्यावसायिक गैस सिलेंडर मुहैया नहीं हो पा रहे हैं जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि नैनीताल की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पर्यटन पर आधारित है और इसमें होटल व रेस्तरां व्यवसाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिष्ट के मुताबिक गर्मी का पर्यटन सीजन भी नजदीक आ रहा है। ऐसे में यदि जल्द ही व्यावसायिक गैस की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो होटल



और रेस्तरां संचालकों के सामने अपने प्रतिष्ठान बंद करने की स्थिति पैदा हो सकती है इससे पर्यटकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। होटल कारोबारियों ने जिलाधिकारी से जल्द हस्तक्षेप कर व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। इस पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कारोबारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान एसोसिएशन के महासचिव वेद साह समेत कई एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत डीएसए के महासचिव मनोज जोशी भी मौजूद रहे।

## रेंजर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटाबाग।** गुरुवार को देगांव कोटाबाग की समाजसेवी ज्योति आनंद व अंशु पाण्डेय ने देचौरी रेंज एवं कालाढूंगी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रमेश चंद ध्यानी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कोटाबाग के ग्राम गिनतीगांव के पास पनेलुवा व गुरुणी नाले में गंदगी की साफ-सफाई और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समाज के कुछ असमाजिक तत्व नाले में कूड़ा, कबाड़, पॉलिथीन सहित मरे हुए जानवरों को फेक जा रहे हैं, जिससे वहां पर खूब गंदगी इकठ्ठा हो गई है और बीमारी का कारण बन रहा है। उन्होंने वन क्षेत्राधिकार से नालों की साफ सफाई कर सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने व नालों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की। तो वही रेंजर रमेश चंद ध्यानी ने जल्द ही सफाई अभियान चला कर लोगों को प्रचार-प्रसार से जागरूक और चेतावनी बोर्ड लगाने की बात कही।

## आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर जारी

**बागेश्वर।** जिला प्रशासन बागेश्वर ने गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना और सहायता के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं। नागरिक आवश्यकता पड़ने पर 05963220196 और 05963220197 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर 9634912152 भी जारी किया गया है, जबकि बीएसएनएल उपयोगकर्ताओं के लिए टोल फ्री नंबर 1077 उपलब्ध है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या होने पर इन आधिकारिक नंबरों पर ही संपर्क करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# बच्चों ने जाना वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकासखंड संसाधन केंद्र पीरुमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के



तत्वाधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर, हवलदार प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों में विज्ञान की अवधारणा को मजबूत करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के 67 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रुचि उत्पन्न करना है, जिसके तहत भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जाएगा। इस कार्यशाला में डाइट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डा. पूरन सिंह भूमला, जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ नैनीताल मनोज तिवारी, संदर्भदाता डा. विजेता बिष्ट, डा. विजेता मनराल, रश्मि जोशी, कमलकांत पांडे, शिवओम अग्रवाल, रूपाली, राखी धनगर, मंजरी जोशी, गुमान सिंह राणा, दिलबर सिंह रावत सहित अन्य शिक्षाविद् उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र जुयाल ने किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**भा0 कृ0 अनु0 प0- भारतीय पशुचिकित्सा अनुसन्धान संस्थान, मुक्तेश्वर, नैनीताल-263138 (उत्तराखंड)**

**ICAR-INDIAN VETERINARY RESEARCH INSTITUTE**
(Deemed University) Mukteswar-253 138 (Uttarakhand)
Tel: 05942-285594, 4009 (Off.), Fax: 05942-286347, 286307 Email: aao.rege@gmail.com

पत्रांकः 1-37/2015-Cont.(M) | दिनांक- 11-03-2026

समस्त क्षेत्रवासियों को सुचित किया जाता है कि गुरुवार दिनांक 17 मार्च 2026 को भा0 कृ0 अनु0 प0 भारतीय पशुचिकित्सा अनुसन्धान संस्थान मुक्तेश्वर, नैनीताल में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जलवायु अनुकूल पशुपालन विषय पर आधारित किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। सभी किसान पशु पालक भाई-बहन तथा हितधारक इस किसान मेले में सादर आमंत्रित हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

- ★ मुर्गीपालन प्रदर्शन इकाई
- ★ मशरूम पालन इकाई
- ★ बकरी एवं गौपालन प्रदर्शन इकाई
- ★ वैज्ञानिक-किसान संवाद
- ★ कृषि विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान
- ★ पशु स्वास्थ्य शिविर
- ★ मानव चिकित्सा शिविर
- ★ कृषि उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री

**संपर्क करेंः-**

संयुक्त निदेशक,
आई0 वी0 आर0 आई0 मुक्तेश्वर, नैनीताल
फ़ोन - 05942-286346 & 286348

**(कार्यालय)**

समन्वयक (किसान मेला),
आई0 वी0 आर0 आई0 मुक्तेश्वर, नैनीताल
फ़ोन- 05942-286064, 09760214814

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

# गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर किया हंगामा

- सूचना पर पहुंचे पूर्व विधायक ठुकराल ने समझाकर कराया शांत
- तहसीलदार दिनेश कुटौला बोले-गैस की नहीं है किल्लत, शांति बनाए रखें





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अमेरिकाइजरायल और ईरान के बीच युद्ध चलने से मध्यपूर्व में घरेलू गैस की किल्लत होने लगी है। गुरुवार को इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंच गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घंटों इंतजार के बावजूद गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर हंगामा किया।

जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और अव्यवस्थित वितरण प्रणाली को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने गैस एजेंसी के प्रबंधक प्रमोद पांडे को मौके पर जमकर खरी खोटी सुनाई और व्यवस्था सुधारने को कहा। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि भीषण गर्मी में लोग सुबह से लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। यह आम जनता के साथ अन्याय है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठुकराल ने मौके से ही दूरभाष के माध्यम से एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार दिनेश कुटौला तथा जिला पूर्ति अधिकारी से वार्ता कर गैस वितरण व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो जनता का आक्रोश सड़कों पर दिखाई देगा।

उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग में आ रही दिक्कतों और सर्वर की समस्या को लेकर भी अधिकारियों के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई, और ऑनलाईन व्यवस्था दुरूस्त होने तक ऑफलाईन बुकिंग की व्यवस्था करने की मांग की। पूर्व विधायक से वार्ता के बाद तहसीलदार दिनेश कुटौला तत्काल गैस एजेंसी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद भीड़ को शांत कराते हुए व्यवस्था दुरूस्त करने का आश्वासन दिया। हंगामे के बाद पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडरों का वितरण शुरू कराया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी कई घंटों तक मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था को सुचारु कराने में जुटे रहे।

## बीस लीटर शराब के साथ एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में चौकिंग के दौरान ग्राम सुनखरी टावर के पास से झनकट को जाने वाले रास्ते पर आर्टीजन के पास पुलिया पर बैठे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस को दाहिने हाथ में सफेद रंग की जरीकेन जिसमें बीस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मंजीत सिंह पुत्र बलविन्दर सिंह निवासी झनकट, नानकमत्ता बताया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज जोशी, सिपाही नवीन जोशी शामिल है।

## तहसीलदार व आपूर्ति निरीक्षक ने गैस आपूर्ति केंद्र का औचिक निरीक्षण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** इंडेन गैस की हो रही कलाबाजारी की खबरों के मद्देनजर तहसीलदार और पुलिस विभाग जसपुर ने इंडेन गैस आपूर्ति केंद्र और भारत गैस आपूर्ति केंद्र पर औचिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान फिलहाल कोई अनियमिताएं नहीं पाई गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार 12/03/26 को तहसीलदार जसपुर तथा पूर्ति निरीक्षक जसपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर द्वारा मय फोर्स के कोतवाली जसपुर के सूतमिल क्षेत्र की इंडेन गैस एजेंसी तथा भगवंतपुर रोड/आवास विकास क्षेत्र की भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर तथा भंडारण चेक किए गए! गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ग्राहकों को नियमानुसार की जा रही है। स्थानीय व्यक्तिओ से पूछताछ करने पर किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही प्रकाश में नहीं आई। कालिंग के माध्यम से सलेण्डर बुक करने में कुछ समस्या आ रही है , जागरूकता अभियान चलाकर बताया गया की सलेंडर की बुकिंग वाट्स एप, पदकप. दवपसवदम एप , ग्राहक पोर्टल, चीवदम चंल, च्लंजउ आदि माध्यम से भी की जा सकती है! गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और गैस सिलेंडर के वाहन को रोकने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## आरपी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आरपी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खटीमा के स्वर्गीय घनश्याम अग्रवाल द्वारा 1997 से स्थापित विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि एसडीओ अंबिका यादव, विद्यालय प्रबंधक रंजन अग्रवाल, नगर पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं विद्यालय के संरक्षक गीताराम बंसल ने सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से कक्षा 5 के बच्चों ने रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देश प्रेम, उत्तराखंड संस्कृत, पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा, पर्वतीय तथा बंगाली डांस आदि मनमोहक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस प्रतिभा सम्मान कार्यकम 2026 का संचालन विद्यालय के छात्र आरुषि पाल एवं पारस गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। एडवोकेट जगदीश जोशी एवं अध्यापक राम सिंह राणा द्वारा वार्षिक उत्सव में सह संचालक की भूमिका निभाई। वहीं प्रबंधक रंजन अग्रवाल ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आरपी पब्लिक स्कूल सीमित सुविधाओं के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करता है, जो बच्चे अधिक फीस वाहन नहीं कर सकते ऐसे बच्चों को विद्यालय शिक्षा प्रदान कर अपने आप को गौरवित महसूस कर रहा है। वहीं कार्यक्रम में एसडीओ यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य रचना गुप्ता द्वारा सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। वहीं शत प्रतिशत उपस्थिति पर दो छात्रा अर्पिता एवं सुरभि कन्याल को विशेष रूप से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी, सुनील रैदानी, सुदर्शन वर्मा, बीजेपी पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा, पंजाबी महासभा के संरक्षक बाबूराम अरोरा, अनिल बत्रा, सोहन लाल शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, राणा प्रताप इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद पांडे, अनिल ग्रा. वर, रमेश चंद्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, दिनेश सुनेजा, एडवोकेट हरीश ढ़ौढियाल, जतिन ग्रोवर, सुनील बत्रा, विशाल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ 12 सिलेंडर व गैस किट किए जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व विभाग और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम रामजीवनपुर, तहसील गदरपुर स्थित पारसु गैस सर्विस की दुकान का निरीक्षण किया।

गोपनीय सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग किए जाने की पुष्टि हुई। निरीक्षण के समय टीम को दुकान से 09 घरेलू और 03 व्यावसायिक गैस सिलेंडर के साथ गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त गैस किट बरामद हुई, जिन्हें जब्त कर लिया गया। दुकान में कार्यरत कार्मिक ने भी स्वीकार किया कि वह यहां अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य कर रहा था। इस मामले में संबंधित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में दूरभाष नंबर 05944-250250, 05944-250719 और 05944-250500 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति गैस की कालाबाजारी करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज, कानूनगो भगत सिंह एवं विनोद कुमार, तथा राजस्व उप निरीक्षक इंदू भट्ट सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## मैरिज हॉल में पहुंची प्रेमिका, शादी में मचा हंगामा, लंबी पंचायत के बाद हुए फेरे

- बारात के बीच प्रेमिका की एंट्री से शादी में ड्रामा, पुलिस पहुंची तो थमी हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** शहर के एक मैरिज हॉल में बुधवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवती ने पहुंचकर शादी समारोह में हंगामा खड़ा कर दिया। युवती ने खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताते हुए विवाह रुकवाने की मांग कर दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिससे कुछ देर के लिए पूरे समारोह का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जानकारी के अनुसार, गदरपुर के नजदीकी एक ग्राम निवासी एक युवक की शादी काशीपुर निवासी युवती के साथ गदरपुर नगर के मैरिज हॉल में तय थी। बुधवार रात गाजे-बाजे के साथ बारात पहुंची और शादी की तैयारियां पूरे जोरों पर चल रही थीं। रिश्तेदार और मेहमान शादी के जश्न में डूबे हुए थे और जल्द ही वर-वधू के फेरे होने वाले थे। इसी बीच अचानक दिनेशपुर निवासी एक युवती मैरिज हॉल पहुंच गई और उसने खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। युवती ने आरोप लगाया कि उसका दूल्हे के साथ पहले से प्रेम संबंध है और उसे धोखा देकर दूसरी जगह शादी की जा रही है। युवती के हंगामे से शादी समारोह में मौजूद लोगों के बीच खलबली मच गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही गदरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस की मौजूदगी में काफी देर तक दूल्हे, युवती और दोनों परिवारों के बीच बातचीत और समझाइश का दौर चलता रहा। इस दौरान दुल्हन पक्ष में भी हड़कंप की स्थिति बनी रही और शादी रुकने की आशंका से सभी चिंतित नजर आए।

करीब काफी देर चली बातचीत और समझौते के बाद आखिरकार युवती शांत हो गई और विवाद खत्म हुआ। इसके बाद शादी की रस्में दोबारा शुरू कराई गईं और देर रात दूल्हा-दुल्हन ने सात फेरे लेकर विवाह संपन्न किया। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम की चर्चा देर रात तक मैरिज हॉल और आसपास के इलाके में होती रही। शादी के जश्न में अचानक आए इस ड्रामे ने समारोह को कुछ देर के लिए पूरी तरह से सनसनीखेज बना दिया।

## संयुक्त संघर्ष समिति ने की युद्ध की निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति रामनगर से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए जबरन युद्ध को अंतरराष्ट्रीय कानून एवं संयुक्त राष्ट्र चार्टर के विरुद्ध बताते हुए निंदा की गयी और भारत सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए।

देवभूमि व्यापार मंडल के सभागार में संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य प्रभात ध्यानी के संचालन में संपन्न बैठक में अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर जबरन थोपे गये युद्ध में दोनों तरफ से हो रही बमबारी में हजारों निर्दोष लोगों जिनमें बड़ी संख्या में मासूम बच्चे मारे गए हैं। अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान के अस्पतालों, स्कूलों रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है जिसमें जान माल का बड़ी संख्या में नुकसान हो रहा है ।संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न घटक संगठनों ने अमे. रिका इजरायल द्वारा ईरान पर जबरन थोपे गए युद्ध का मकसद ईरान के प्राकृतिक संसाधनों गैस, तेल पर कब्जा करना है।

बैठक में भारत सरकार द्वारा अमेरिका इजरायल ईरान के बीच हो रहे युद्ध में भारत सरकार द्वारा चुप्पी साधने पर गंभीर चिंता जताई तथा आरोप लगाया कि भारत सरकार की चुप्पी भारत की वर्षों से चली आ रही गुटनिरपेक्ष नीति के खिलाफ है। यहां मुनीश कुमार, भुवन, ललिता रावत, शीला शर्मा , तुलसी छिम्बाल, मनमोहन अग्रवाल, गिरीश आर्य, लालमणि, रवि, सुमित, कैसर राणा, प्रभात ध्यानी आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन बुकिंग न होने पर उपभोक्ताओं की गैस एजेंसी पर भीड़

- अब बिना डीएसी नम्बर के उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा रसोई गैस सिलेंडर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** ऑनलाइन गैस की बुकिंग न होने से परेशान उपभोक्ताओं ने नगर की इंडेन गैस एजेंसी की ओर अपना रुख किया। दर्जनों की संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसी पर पहुंचे तथा गैस प्रबंधक से ऑनलाइन गैस बुकिंग न होने की शिकायत दर्ज कराई।

गुरुवार को नगर की इंडेन गैस एजेंसी पर गैस उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी गई। गैस उपभोक्ताओं द्वारा यहां गैस प्रबंधक दिनेश चंद्र पंत को बताया गया कि उनके द्वारा गैस बुकिंग के लिए टोल फ्री नंबर पर गैस बुकिंग करने का प्रयास किया जा रहा है, परंतु नंबर व्यस्त होने के कारण गैस बुकिंग नहीं हो पा रही। गैस एजेंसी के प्रबंधक पंत ने यहां परेशान उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिकारी एवं संबंधित विभाग के निर्देशानुसार अब गैस उपभोक्ता को 26 दिन से पहले गैस का सिलेंडर नहीं मिल पाएगा ना ही उपभोक्ता 26 दिन से पहले अपनी ऑनलाइन बुकिंग दर्ज कर पाएगा। यहां सुरक्षा की दृष्टी से दो होमगार्डो को एजेन्सी के बाहर तैनात किया गया हैं।

बता दें कि अचानक गैस बुकिंग की सीमा निर्धारित होने से उपभोक्ताओं में खासा रोष देखा गया। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी व अवैध तरीके से रिफिलिंग करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कारवाई के निर्देश के साथ क्यूआरटी गठन किया है, जिसमें अपने अपने सीमा क्षेत्र में उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ ही खाद्य विभाग एवं निकाय के अधिकारियों को शामिल कर टीम बनायी गयी है।

यहां एजेंसी में जिन उपभोक्ताओं की ऑनलाइन डीएसी की बुकिंग होने पर उन्हें नियमानुसार रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए।

## मांगों को लेकर निकाला जुलूस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा व मालिकाना हक दिए जाने आदि मांगों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में पीएनजी पीजी महाविद्यालय रामनगर के बाहर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण एकत्रित हुए। वहां से जुलूस प्रारंभ कर रानीखेत रोड,मोहल्ला खताडी होते हुए, तहसील रामनगर तक वन ग्रामों के ग्रामीणों के साथ निकाला गया। तहसील परिसर रामनगर में बैठकर एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया और एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार लोगों का घर उजाड़ने का कार्य कर रही है, यह सरकार वन ग्रामों को जड़ से खत्म करना चाहती है इस भाजपा सरकार द्वारा अतिक्रमण के नाम पर रामनगर में पूछड़ी गांव में बुलडोजर चला कर लोगों का घर उजाड़ा गया। वर्तमान सरकार के नेताओं द्वारा चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं जीतने के बाद अपने वादे पूरे नहीं किए जाते वर्तमान सरकार की निगाहों में आज गरीब खटक रहा है इसलिए उसे बेघर किया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम,पुष्कर दुर्गापाल, डॉक्टर निशांत पपने, एस लाल, नवीन सती, रचना रावत, तनुप्रिया, सुमित लोहनी, ताइफ खान, अब्दुल रहमान, तनुज दुर्गापाल, सचिन कुमार, ललित कड़ाकोटी, उस्मान सिद्दीकी, गोपु अधिकारी आदि सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## सिलेंडर वितरण में खामियों को लेकर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** इंडैन गैस एजेंसी रामनगर में गुरुवार को सुबह सात बजे से ही भीड़ उमड़ने लगी। 11 बजे लोग सिलेंडर वितरण में खामियों का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। बताया कि कई बार के प्रयासों के बाद भी सिलेंडर बुक हो ही नहीं रहा है। जबकि कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने चार दिन पहले गैस की बुकिंग की थी, लेकिन अब तक होम डिलीवरी तक नहीं हो रही है। इससे वह लोग गैस एजेंसी में पहुंचे है।

इंडैन गैस एजेंसी के प्रबंधक दीपक कुमार आर्य ने बताया कि करीब आठ सौ बैक लॉक है।शुक्रवार से एजेंसी से सिलेंडर नहीं दिए जाएंगे। लोगों के घरों तक होम डिलीवरी के माध्यम से गैस पहुंचाई जाएगी। वहीं भारत गैस एजेंसी में भी सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। लोगों ने बताया कि बुकिंग में दिक्कतें आने से गैस बुकिंग तक नहीं हो पा रही है। इससे एजेंसी में दिन भर लोग सिलेंडर लेकर आते दिखे। वहीं एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि गैस एजेंसी प्रबंधकों की बैठक लेकर उन्हें लोगों को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## एक नजर

## जनजाति समाज में खेली जाती है मरी होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के जनजाति समुदाय में होलिका दहन के बाद मरी होली खेली जाती है। ग्राम मुंडेली में जनजाति समाज के बुजुर्गों व युवाओं के द्वारा ढोलकी बजा और गीत गाकर नृत्य किया जाता है।

होली के दहन के 15 दिन बाद तक जनजाति समाज में मरी होली खेली जाती है। 15 दिन बाद होली की विदाई की जाती है। इस दौरान मिष्ठान गुड के रूप में बांटा जाता है। पुरानी परंपरा के अनुसार जनजाति समुदाय मरी होली खेलते हैं। कई जनजाति क्षेत्र में जिंदी होली खेली जाती है। जिंदी होली में होलिका दहन से 15 दिन पहले से होली खेलने आरंभ किया जाता है और होलिका दहन के साथ ही होली की समाप्ति हो जाती है। कुछ क्षेत्रों में मरी होली खेली जाती है और होलिका दहन के 15 दिन बाद होली की विदाई की जाती है। इस दौरान जनजाति समुदाय के लोगों द्वारा घर-घर जाकर ढोल बजाकर गीत गाकर होली खेली जाती है।

होली खेलने वालों में धर्मेंद्र सिंह राणा, विनोद राणा, उमेद सिंह राणा, सोबरन सिंह राणा, राजेश राणा, प्रमोद राणा, रघुनाथ सिंह राणा, रवि सिंह राणा, विजय सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस की बढ़ती किल्लत को मीना शर्मा ने की शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** क्षेत्र में घरेलू गैस की बढ़ती किल्लत को देखते हुए पूर्व चेयरपर्स मीना शर्मा शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंची, जहां उन्होंने इंडेन गैस सर्विस और भारत गैस सर्विस द्वारा लोगों को उपलब्ध कराने के लिए लाए गए गैस सिलेंडरों के बीच लाइन में लगी जनता से मुलाकात की।

मीना शर्मा ने सभी लोगों से उनकी परेशानी के बारे में जाकर पूछताछ भी की और सभी को आश्वस्त किया कि उन्हें घरेलू गैस को लेकर कोई दिक्कत नहीं आने देगी। श्रीमती शर्मा ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जिलाधिकारी द्वारा लोगों को आश्वस्त किया गया है कि घरेलू गैस सिलेंडर से किसी को कोई परेशानी नहीं आने देंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वह प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान करें।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरुकता अभियान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** सीएमओ डा. केके अग्रवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत माया खकरियाल ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुल नगर किच्छा में एक जागरूकता अभियान आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में बच्चों को तंबाकू और सिगरेट से होने वाले गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। माया खकरियाल ने बताया कि तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। बच्चों को तंबाकू से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया। प्रतियोगिता के विजेताओं को बैग और पुरस्कार दिए गए। यह कार्यक्रम बच्चों को तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

## एनएसएस छात्राओं ने चलाया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** बीएसवी कन्या महाविद्यालय जसपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर (दिन-रात) के पांचवें (5वें) दिन स्वयंसेवी छात्राओं ने (1) पर्यावरण संरक्षण (2) वृक्षारा. पण, कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता जोशी, प्राचार्या अर्चना अग्रवाल, रीता जोशी, डा. नीरज, डा. कुर्रातुल, श्वेता, लवप्रीत कौर, शिवानी पुष्पक, पारुल शर्मा, सुषमा त्यागी, राकेश शर्मा, पुष्पेन्द्र, गौरव, राजकुमार, राधा, यशोदा, राहुल, मनोज, नाजिया, आरुषि, उत्तरा, काजल आदि मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भाजपा नेता द्वारा सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी से जुड़े आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में को कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। सीओ विभव सैनी ने अपने ऑफिस बुला करके उनसे कहा साइबर क्राइम की रिपोर्ट आते ही मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा। जिसको लेकर कार्यकर्ता अड़े रहे। उन्होंने कहा कि जब तक मुकदमा नहीं लिखा जाएगा हम यहां से नहीं उठाएंगे। जिला सचिव प्रशांत कुमार ने आरोप लगाया कि ग्राम बरहेनी नई आबादी, निवासी एक व्यक्ति ने 8 मार्च 2026 को अपनी फेसबुक आईडी पर वीडियो के माध्यम से भीम आर्मी के संस्थापक एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नगिना उत्तर प्रदेश से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के बारे में आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। जिसकी आपको शिकायत की गई उसे पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। यहां सत्येंद्र कुमार, , टोनी पठान, प्रशांत सागर, यतिन सागर, दीपक सागर, अमित सागर, राजकुमार सागर, मन्नू सागर,नमन आदि मौजूद थे।

## विज्ञान संचेतना कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विकासखंड संसाधन केंद्र पीरुमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के तत्वाधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बच्चों में विज्ञान की अवधारणा विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण हैं।कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के 67 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रुचि उत्पन्न करना है जिसमें भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न संबोधों पर कार्य किया जाएगा।

# महिलाओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: ऐश्वर्या रावत

■ पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आयोग कटिबद्ध , घरेलू हिंसा के मामलों की मौके पर की काउंसलिंग, नशे से बढ़ रही घरेलू हिंसा की घटनाओं पर की चिंता व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने जिला सभागार उत्तरकाशी में आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित कुल 8 मामले दर्ज किए गए,जिसमें अधिकांश शिकायतें शराब के नशे में घरेलू हिंसा से जुड़ी रही। वीरवार को आयोग कि उपाध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याएं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आयोग हर संभव सहयोग करेगा।

जनसुनवाई के दौरान दो घरेलू हिंसा के मामलों में पति-पत्नी को मौके पर बुलाकर उनकी काउंस. लिंग कराई गई, ताकि पारिवारिक विवाद का समाधान आपसी सहमति से किया जा सके। उपाध्यक्ष ने पुलिस और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाओं को समय पर न्याय मिल सके।

महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ने नशे के कारण बढ़ रही घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवाद की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान महिलाओं ने जनपद में नशा मुक्ति केंद्र,नारी निकेतन तथा महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण (सेल्फ डिफेंस) केंद्र खोले जाने की मांग उठाई। कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने महिलाओं की मांगों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इन तीनों केंद्रों की स्थापना के लिए शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने प्रतिभाग करते हुए महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री प्रताप पंवार,एसपी कमलेश उपाध्याय,एडीएम मुक्ता मिश्र,एसडीएम शालिनी नेगी,जिला प्रोबेशन अधिकारी शोएब हुसैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी यशोदा बिष्ट सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक घर में भी नहीं रहेंगे, तलाक भी नहीं देंगे

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने वीरवार को जिला सभागार उत्तरकाशी में आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि आजकल ऐसे कैश भी आ रहे किष्एक घर में भी नहीं रहेंगे और तलाक भी नहीं देंगेष यह एक जटिल वैवाहिक स्थिति हो गई है। उन्होंने बताया कि कानूनी तौर पर, पति वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए आवेदन कर सकता है, जो पत्नी को वापस आने के लिए मजबूर करता है, या क्रूरता के आधार पर एकतरफा तलाक ले सकता है। पत्नी चाहे तो साझा घर में रह सकती है, लेकिन रहने का अधिकार वैवाहिक विवादों में अलग हो सकता है।

## द माउसट्रैप नाटक का मंचन दर्शकों को खूब भाया

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास स्थित लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र में हिमाद्री नाट्य समारोह के चौथे दिन अगाथा क्रिस्टी द्वारा लिखित द माउसट्रैप नाटक का मंचन किया गया। मंथन आर्ट्स ग्रुप थिएटर सोसाइटी चंडीगढ़ ग्रुप के ओर नाटक में दर्शाया गया है कि जो होता है, वो दिखता नहीं, जो दिखता है वो होता नहीं। माटक में कहानी की शुरुआत हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में मॉल रोड के पास टैक्सी स्टैंड पर रविश गुप्ता नाम के एक व्यक्ति की हत्या से होती है। इसके बाद कहानी हिमगिरी गेस्ट हाउस में पहुँचती है, जो मॉल रोड, डलहौजी के पास ऊँची पहाड़ियों में स्थित एक दूरस्थ गेस्ट हाउस है। इसे हाल ही में नवीनीकृत किया गया है और इसे एक युवा दंपति संजय अवस्थी और अनुश्री अवस्थी चलाते हैं, जब वे मेहमानों के आने का इंतजार कर रहे होते हैं।

# किराए के मकान में रह रहे व्यक्ति का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी

■ पुलिस ने तोड़ा दरवाजा ,मृतक वर्तमान पते पर गत दस वर्षों से रहता था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** किराए के मकान में एक व्यक्ति के मृत मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फेल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिल्ड यूनिट के साथ मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक का पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली सहसपुर पर 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि लांघा रोड छरबा, पीएनबी, एटीएम के पास प्यार सिंह के मकान में एक व्यक्ति जो किराए पर रहता था जिसका अंदर से दरवाजा बंद है, जो दरवाजा नहीं खोल रहा है तथा बदबू आ रही है।

उक्त सूचना पर तत्काल कोतवाली सहसपुर से पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान मकान मालिक व अन्य ग्रामवासियों के समक्ष वीडियोग्राफी करते हुए दरवाजा तोड़कर खोला गया तो अंदर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। मृतक के परिजन मौसी के लड़के सुमन सिंह व दीपक निवासी ग्राम उसडा, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग मौके पर मौजूद थे तथा परिजनों को उक्त सम्बन्ध में सूचना दे दी गई। घटनास्थल सुरक्षित रखते हुए मौके पर फिल्ड यूनिट टीम बुलाया गया।

फिल्ड यूनिट द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया मृतक की पहचान दीवान सिंह पुत्र प्रेमसिंह निवासी ग्राम सारी ऊखी मठ जिला रुद्रप्रयाग उम्र करीब 40 वर्ष के रुप मे हुई है मृतक सेलाकुई फैक्ट्री में काम करता था तथा वर्तमान पते पर करीब 10 वर्षों से निवास करता था मृतक के पंचायत नामा व पोस्टमार्टम कार्रवाई की गयी है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से होटल व्यवसाइयों पर संकट

■ शादियां और चारधाम यात्रा सिर पर होने से होटल संचालक परेशान



"कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हुई है। बहादराबाद हरिद्वार से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं आ रही है। ऐसे में होटल व्यवसाय को गैस नहीं मिल पा रही है। घरेलू गैस की आपूर्ति हो रही है, लेकिन वह निचले स्तर से कम पहुंच रही है।"

**दीपक कुमार, प्रबंधक, इंडेन गैस ऐजेंसी।**

" कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद हो गई है। उसके लिए होटल एवं ढाबा संचालकों से इलेक्ट्रिक और लकडियों पर खाना बनाने की अपील की गई है। जबकि घरेलू एलपीजी गैस में कोई दिक्कत न हो इसके लिए प्रयास किए जा रहें है।'

**' दीपक भंडारी, तहसीलदार, श्रीनगर गढ़वाल।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मध्य पूर्व एशिया में चल रहे इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और युद्ध की स्थिति का असर अब स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिलने लगा है। अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से श्रीनगर क्षेत्र में सिलेंडरों की किल्लत बढ़ गई है। इससे खासतौर पर होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं और कई होटल व्यवसायी अपने कारोबार को बंद करने की स्थिति में पहुंच गए हैं। होटल संचालकों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण होटल और ढाबों में भोजन बनाना मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर तो व्यवसायियों को मजबूरन अपने प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद करने पड़े हैं। होटल एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक एवं व्यापार सभा श्रीकोट के अध्यक्ष नरेश नौटियाल ने बताया कि श्रीनगर में एलपीजी गैस की आपूर्ति न होने से होटल और ढाबा संचालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते गैस की सप्लाई प्रभावित हुई है। कहा कि हमारा पूरा व्यवसाय गैस पर निर्भर है। यदि समय पर सिलेंडर नहीं मिलते हैं तो होटल चलाना संभव नहीं है। कहा कि चारधाम यात्रा अगले माह से शुरू होने जा रही है, जिसका हर किसी होटल संचालक को इंजतार रहता है, लेकिन ऐसे समय पर गैस की किल्लत होटल व्यवस्यों के लिए रोजी रोटी का संकट खड़ा कर सकती है। होटल संचालक दीपक नौटियाल ने कहा कि आजकर शादियों का सीजन चल रहा है और एक माह बाद चारधाम यात्रा शुरू होने वाला है, लेकिन गैस की कमी के कारण होटल व्यवसाय पर संकट मंडरा रहा है। सरकार और गैस एजेंसियों को जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारनी चाहिए, ताकि व्यवसाय प्रभावित न हो। होटल व्यवसायियों ने प्रशासन से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जल्द सुचारू करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो इसका सीधा असर पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

# सहसपुर पुलिस ने एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** लग्जरी कार से अवैध शराब की तस्करी कर रहे 1 शराब तस्कर को कोतवाली सहसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। शराब तस्कर के कब्जे से वाहन संख्या यूके08 यू0930 स्वीफ्ट डिजायर कार से कुल 20 पेटी अंग्रेजी शराब 18 पेटी विहस्की कुल 864 पवे, दो पैटी ब्लू स्ट्रोक कुल 24 बोतल हरियाण चण्डीगढ ब्राण्ड हुई बरामद।

कोतवाली सहसपुर से अ0उ0नि0 प्रेम प्रसाद कोठारी के नेत्रत्व मे टीम का गठन किया गया गया गठित पुलिस टीम द्वारा आज गुरूवार को पुलिस टीम द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए चौकिंग के दौरान प्रतीतपुर धर्मावाला में एक व्यक्ति को अंग्रेजी शराब साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब तस्कर पूरण सिंह पुत्र स्व. बुद्ध सिंह निवासी बद्रीपुर थाना सहसपुर के विरुद्ध कोतवाली सहसपुर पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम में एसएचओ शंकर सिंह बिष्ट प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहसपुर, अ0उ0नि0 प्रेम प्रसाद कोठारी, सिपाही सुरेश रावत, प्रवीण कुमार शामिल रहे।

## एक नजर .......

### महाविद्यालय चकराता में पोस्टर एवं वनस्पति पहचान प्रतियोगिता आयोजित

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागीय परिषदों के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता तथा वनस्पति पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी रेशमा ने प्रथम स्थान, कुमारी अर्चना भारती ने द्वितीय स्थान तथा खुशी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग की वनस्पति पहचान प्रतियोगिता में कुमारी अर्चना ने प्रथम तथा कुमारी रेशमा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय शिखर पवार ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सुदीप्ता कंडारी, डॉ. शिवांगी उपाध्याय तथा डॉ. अभय शिखर पवार शामिल रहे।

### गैस की कालाबाजारी रोकने को विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**विकासनगर।** गेस की बढ़ती कित्लत और काला बाजारी रोकने को



विभाग कर्मियों ने विकासनगर बाजार सहित क्षेत्र में चौकिंग अभियान चलाया। खाद्य पूर्ति विभाग की राखी वर्मा के नेतृत्व में टीम ने विक. ासनगर के बाबूगढ से लेकर बाजार क्षेत्र की दुकानों, प्रतिष्ठानों में जांच की। बताया उनकी टीम ने होटलों में घरेलू सिलेण्डर इस्तेमाल करते पाये, टीम ने बताया कार्यवाही के दौरान उन्होंने जागरूक कर कोमर्सियल बडे सिलेण्डरों का ही इस्तेमाल करने कहा बताया। टीम ने कार्यवाही कर व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल किये जा रहे कई सिलेंडरो को जब्त किया। साथ ही चेतावनी दी कि प्रतिष्ठानों में घरेलू गेंस सिलेण्डर इस्तेमाल करते पाये जाने पर दण्डात्मक सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वहीं विभाग की इस छापामार कार्यवाही से क्षेत्र के मिष्ठान, प्रतिष्ठानों, होटलों ढाबों औ मोमा, चाउमिन, चाट बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारी ने बताया कार्यवाही जारी रहेगी। वहीं खबर लिखे जाने तक विभाग की कार्यवाही जारी रही। टीम में राहुल बहुगुणा, जितेन्द्र पंवार, विजय कुमार शामिल रहे।

### बारिश नहीं होने से खिर्सू ब्लाक के गांवों में बढ़ा पेयजल संकट

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के अधिकांश गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है। यहां जल संस्थान की संचालित 25 से अधिक पेयजल योजनाओं में पानी का स्रोत तेजी से कम हो रहा है। अब, सड़क से लगे गांवों में टैंकर से पानी की सप्लाई की जाएगी। जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि बारिश नहीं होने से नान ग्लेशियर नदियों से जुड़े पेयजल योजनाओं पर व्यापक असर पड़ रहा है। सबसे ज्यादा असर खिर्सू ब्लाक के गांवों को जोड़ने वाली पेयजल योजनाओं पर पड़ा है। यहां स्रोतों पर 35 से 50 फीसदी पानी कम हो चुका है। उन्होंने बताया कि कांडा, गवाणा, रामपुर, भैंसकोट, बुघाणी, जलेथा, खोला, देवलगढ़, धारकोला, मुसोली, सहित अन्य गांवों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि अगर, अगले एक पखवाड़े में बारिश नहीं होती है, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। इन हालातों में पहले चरण में सड़क से जुड़े गांवों में टैंकर से पानी की सप्लाई की जाएगी।

### कस्टमर डे 2026 मनाया, ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की संस्कृति को किया और मजबूत

**देहरादून।** एयरटेल ने आज कस्टमर डे 2026- मनाया। यह संगठन के भीतर चलाया गया एक व्यापक अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को समझना और उनके अनुभव को लगातार बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत एयरटेल के लगभग बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया। इनमें नेतृत्व करने वाली टीम के सदस्यों से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे। इन कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन टीमों के साथ मिलकर काम किया, फील्ड इंजीनियरों के साथ जाकर उनके काम को करीब से देखा, घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों से बातचीत की। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं को बिना किसी फिल्टर के समझना है। एयरटेल में कस्टमर डे संगठन के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर भी है जब वह ठहरकर आत्ममंथन करता है और खुद से एक सीधा लेकिन अहम सवाल पूछता है कि हम अपने ग्राहकों के लिए और क्या बेहतर कर सकते हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा, "कस्टमर डे हमें हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम ग्राहकों की बात पूरे ध्यान से सुनें, खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए चुनौती दें और तत्परता के साथ कार्रवाई करें।

# देहरादून-नाईली बस सेवा को कथियान तक चलाने की मांग

■ कनिष्ठ उप प्रमुख ने दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। विकासखंड चकराता की कनिष्ठ उप प्रमुख सुलोचना रावत ने क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तराखंड परिवहन निगम पर्वतीय क्षेत्र देहराद. ून को ज्ञापन सौंपकर देहरादून से मिन्स, अटाल, त्यूनी, केराड होते हुए नाईली तक संचालित बस सेवा को आगे कथियान तक नियमित रूप से चलाने की मांग की है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पूर्व में देहरादून से उक्त मोटर मार्ग पर बस सेवा संचालित होती थी, लेकिन पिछले कई महीनों से यह सेवा बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि इस बस सेवा को पुन: शुरू करते हुए नाईली के स्थान पर इसका अंतिम पड़ाव कथियान किया जाए और रात्रि विश्राम भी कथियान में कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा नाईली से कथियान तक बस संचालन के लिए सर्वेक्षण भी किया जा चुका है। यदि इस मार्ग पर बस सेवा शुरू की जाती है तो लगभग 30 से 40 गांवों के लोगों को सीधा यातायात लाभ मिलेगा और उन्हें देहरादून सहित अन्य स्थानों तक पहुंचने में सुविधा होगी। सुलोचना रावत ने परिवहन निगम से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए देहरादून से संचालित इस बस सेवा को नियमित रूप से कथियान तक चलाया जाए और कथियान को इसका अंतिम स्टेज घोषित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो सके।

## सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर में मोबाइल फोन पूरी तरह से वर्जित

**श्रीनगर।** धारी देवी मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा मंदिर समिति के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंदिर परिसर की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और परिसर को व्यवस्थित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि मंदिर परिसर की पवित्रता और अनुशासन बनाए रखने के लिए मंदिर क्षेत्र में मोबाइल फोन पूरी तरह से वर्जित रहेगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा मंदिर परिसर में सामान रखने हेतु लॉकर की व्यवस्था की जाएगी, जिससे दर्शन के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने किया विकास भवन का औचक निरीक्षण

■ स्वच्छता व अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के दिए निर्देश, कार्यालयों में बेहतर कार्य संस्कृति और आमजन को समयबद्ध सेवाएं देने पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय कार्यालयों में स्वच्छता, कार्य प्रणाली और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों की साफ-सफाई तथा अभिलेखों का सही रखरखाव न केवल कार्य संस्कृति को बेहतर बनाता है, बल्कि आमजन को समयबद्ध और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में पत्रावलियों और अभिलेखों का व्यवस्थित तरीके से रखरखाव सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी फाइलों और दस्तावेजों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराया जा सके और कार्यों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ रिकॉर्ड प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे।

# उक्रांद कार्यकर्ता सड़कों पर रहकर दोनों दलों के विधायकों के इरादों को नाकाम करेंगे:आशीष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भराड़ीसैंण।**भराड़ीसैण में चल रहे विधान सभा के बजट सत्र के दौरान गैरसैण स्थाई राजधानी घोषित न होने पर अब उक्रांद विधायकों को भराड़ीसैण से ही न निकल जाने का नायाब तरीका अपनाया है। इसके तहत विधायकों को भराड़ीसैण से न निकलने देने के लिए कार्यकर्ता सड़कों पर ही लेट जाएंगे।

उक्रांद ने गैरसैण स्थाई राजधानी को लेकर अब डू एंड डाई के फार्मूले पर काम करना शुरू कर दिया है। बजट सत्र के पहले दिन स्थाई राजधानी घोषित करने को लेकर उक्रांद ने विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस को खूब छकाया था। इसके चलते जंगलों के रास्ते कार्यकर्ता भराड़ीसैण विधानसभा परिसर के नीचे तक पहुंच गए थे। यही नहीं उन्होंने पांच बैरियरों को भी पार कर दिया था। राज्य बनने के बाद स्थाई राजधानी को लेकर इसे उक्रांद का यह कदम काबिलेगौर देखने को मिला था। अब जबकि चुनावी तैयारियों का साल चल रहा है तो उक्रांद ने भाजपा तथा कांग्रेस को स्थाई राजधानी गैरसैण बनाने को लेकर दोनों दलों को घेरना शुरू कर दिया है। स्थाई राजधानी को लेकर सत्ता प्रतिष्ठान से लेकर विपक्षी कांग्रेस में कोई हलचल नहीं दिखाई दे रही है। इसके चलते उक्रांद कार्यकर्ताओं ने अब स्थाई राजधानी बजट सत्र के दौरान ही घोषित करने को लेकर नायाब रणनीति तैयार की है। इसके तहत उक्रांद कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को सिमली तथा कुमाऊं सीमा पांडुवाखाल विधायकों को रोकने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। उक्रांद युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को भनक लगी कि सत्र गुरूवार को ही निपट सकता है। इसके चलते उक्रांद कार्यकर्ता सिमली और पांडुवाखाल में एकत्रित हुए और भराड़ीसैण से दोनों ओर से जा रहे वाहनों को चेक करने लगे। उनकी रणनीति बनी है कि पांडुवाखाल, नागचूलाखाल, सिमली, कर्णप्रयाग, श्रीनगर, देवप्रयाग और कुमाऊं के अन्य कस्बों में भी विधायकों को रोका जाएगा। इसी निमित वे विधायकों को वापस भराडीसैण भेजने की रणनीति पर काम करने लगे। हालांकि गुरूवार को भराड़ीसैण में सत्र चल ही रहा था। इसलिए कोई भी विधायक इनके हत्थे नहीं चढ़ा। इसके बावजूद उक्रांद कार्यकर्ता अपने इरादे पर अडिग हैं। उनका कहना है कि कोई भी विधायक भराड़ीसैण से निकालता है तो उन्हें वापस भराड़ीसैण भेजा जाएगा और इसी सत्र में गैरसैण स्थाई राजधानी घोषित करने की मांग पर अड़ा रहेगा। उक्रांद नेता नेगी ने कहा कि एक मंत्री ने भराड़ीसैण विधानसभा भवन को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने का इरादा जताया है। कहा कि 42 शहादतों के बाद उत्तराखंड बना है। इस राज्य की अभी तक स्थाई राजधानी नहीं बन पाई है। भाजपा तथा कांग्रेस स्थाई राजधानी के नाम पर नौटंकी कर रहे हैं। अब ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए उक्रांद कार्यकर्ता सड़कों पर रहकर दोनों दलों के विधायकों के इरादों को नाकाम करेंगे। इस दौरान कोई विधायक पकड़ में आया तो आपातकालीन सत्र बुलाकर इस मामले का निस्तारण होना चाहिए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष युद्धवीर सिंह नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक फरस्वाण व कुंवर सिंह दानू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पंकज पुरों. हत, संगठन मंत्री उमाशंकर नेगी, रूद्रप्रयाग के महामंत्री दीप प्रकाश, पृथ्वी सिंह नेगी, हेमा गडिया, राज. ेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, बबीता, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत, उम्मेद सिंह नेगी, यशपाल सिंह नेगी, जमन सिंह मनेषा समेत तमाम कार्यकर्ता सिमली में मौजूद रहे।

## रूद्रप्रयाग में बलबीर चौधरी बने उक्रांद के जिलाध्यक्ष

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड क्रान्ति दल (उक्रांद) की तिलवाड़ा-सुमाड़ी में आयोजित बैठक में वरिष्ठ नेता बलबीर चौधरी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। बताया गया कि उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने हाल ही में जनपद इकाई को भंग करते हुए चार दिनों के भीतर नई जिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में वरिष्ठ नेता बलबीर चौधरी को जिला संयोजक नियुक्त किया गया था।रविवार को तिलवाड़ादृसुमाड़ी स्थित डिमरी लॉज में जिला संयोजक बलबीर चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से उन्हें उक्रांद का जिलाध्यक्ष चुना। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विष्णुकांत शुक्ला, पृथ्वीपाल रावत, देवेंद्र चमोली, जितार सिंह जंगवाण, सुबोध नौटियाल, शैलेन्द्र बुटोला, डॉ. आशुतोष भंडारी, विक्रम सिंह फर्स्वाण, आरती पांडेय आदि उपस्थित रहें।

# नैनीताल में रसोई गैस को लेकर बढ़ी चिंता

## मिडिल ईस्ट तनाव का असर: कमर्शियल सिलेंडर पर रोक, घरेलू बुकिंग में भी दिक्कत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से मिडिल ईस्ट में हालात गंभीर होते जा रहे हैं, इसका असर अब देवभूमि उत्तराखंड की पर्यटन नगरी नैनीताल में एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी दिखने लगा है। यदि मिडिल ईस्ट में तनाव लंबा खिंचता है तो कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। सरकार ने एलपीजी सिलेंडर बुकिंग से जुड़ा नियम भी बदल दिया है। अब घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए 25 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है वहीं डीएससी (कन्फर्मेशन) नंबर नहीं आने के कारण कई उपभोक्ताओं की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इस फैसले पर स्थानीय



निवासी हिमांशु जोशी ने बताया कि घरेलू सिलेंडर लेने में काफी दिक्कतें आ रही ऑनलाइन बुकिंग करने पर भी सर्वर डाउन दिखा रहा है घर में रोटी बनाने के लिए भी सिलेंडर नहीं है।

इसके अलावा उनके पास दूसरे साधन नहीं है, जिससे खाना बना सके, सरकार को कोई ना कोई समाधान निकालना पड़ेगा, जिनकी ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है उनको गैस बुक दिखाकर सिलेंडर मुहैया कराना चाहिए, वहीं उपभोक्ता दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि 25 दिन बाद सिलेंडर बुक होगी लेकिन सिलेंडर एक महीना हो गया है फिर भी बुकिंग नहीं हो रही है जिनका महीना हो गया उनकी बुकिंग हो जानी चाहिए, जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुमाऊं मंडल विकास निगम गैस एजेंसी के प्रबंधक रवि मेहरा ने बताया कि 14.2 किलो घरेलु सिलेंडर है वो पर्याप्त मात्रा में है लेकिन डीएससी नंबर की वजह से दिक्कत आ रही है जब सिलेंडर बुकिंग नहीं हो रही है तो उपभोक्ताओं में आक्रोश हो रहा है उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग नहीं होने पर सिलेंडर मुहैया नहीं करा पा रहे हैं उन्होंने बताया कि इस मामले पर उच्च अधिकारियों कि मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम से वार्ता हुई है और उनका कहना है कि आज या शाम तक ऑनलाइन बुकिंग होना शुरू हो जाएगी जैसे ही ऑनलाइन बुकिंग होना शुरू हो जाएगा स्थिति सामान्य हो जाएगी, कमर्शियल सिलेंडर को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि केवल अस्पताल व स्कूल को ही वितरण करना है, इसके अलावा होटल व रेस्टोरेंट के लिए प्रशासन ने गैस सिलेंडर वितरण नहीं करने के आदेश दिए हैं। नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा नैनीताल पर्यटन नगरी है यहां पर्यटन से ही रोजगार चलता है जिससे ही लोगों के घर चलते हैए रातों.रात एक आदेश जारी होता है जिसमें होटल रेस्टोरेंट को कमर्शियल सिलेंडर बंद कर दिए जाते हैं और आदेश आता हैं कि केवल हॉस्पिटल व स्कूल के लिए ही सिलेंडर दिए जाएंगे जिसकी वजह से शहर में कई रेस्टोरेंट बंद होने शुरू हो गए हैं अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो होटल बंद करने पड़ जाएंगे, अगर होटल में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होंगे तो कर्मचारियों को भी मजबूरन हटाना पड़ेगाए कमर्शियल सिलेंडर व घरेलू सिलेंडर के लिए भी अफरा तफरी मची हुई है, मामले को लेकर जिलाधिकारी से होटल एसोसिएशन द्वारा मुलाकात की गई व अवगत कराया गया कि कम मात्रा में सिलेंडर उपलबध करवाए जाए लेकिन होटल रेस्टोरेंट को भी सिलेंडर मुहैया कराया जाए ताकि उनका भी रोजगार चले। उन्होंने कहा कि एक रात में एडवाइजरी जारी करके बैन लगाना भी ठीक नहीं हैए व्यवस्थाएं करना सरकार का काम है प्रदेश भी चलना है और देश भी चलना है जिसके लिए सरकार को जल्द ही इस पर ध्यान देना होगा। इस मामले पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि अस्पतालए स्कूल को गैस सिलेंडर देने के निर्देश दिए गए है, जिले में गैस एजेंसीयों से जिला प्रशासन की वार्ता हुई हैए कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति अभी बंद की गई है इसके अलावा घरेलू सिलेंडर अभी उपलबध है जिसमें पहले 15 दिनों की बुकिंग मान्य थी लेकिन अब उसे 25 दिन बढ़ाया गया है, गोदामों में सतर्क निगरानी रखी जा रही है जिसके लिए टीम गठित की गई है कालाबाजारी तथा ओवर रेटिंग तथा होल्डिंग की शिकायते आती हैं तो उसपर तत्काल कार्रवाई की जाएंगी उन्होंने कहा जैसे ही बुकिंग करने के बाद डीएससी नंबर आएगा सिलेंडर उपलबध हो जाएंगे।

## एक नजर

### नियोलिया के निधन पर जताया गया शोक

**नैनीताल।** जिला ट्रेड यूनियन समन्वय समिति पिथौरागढ़ के अध्यक्ष दिनेश गुररानी व महासचिव नीरज जोशी ने कर्मचारी नेता व पूर्व में जिला ट्रेड यूनियन समन्वय समिति पिथौरागढ़ के अध्यक्ष रहे बी. डी. नियोलिया के अकस्मात निधन पर शोक प्रकट किया।

इस दौरान दोनों ने कहा कि नियोलिया ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संघर्ष किया और उत्तराखंड राज्य प्राप्ति के लिए ऐतिहासिक आंदोलन में नेतृत्व किया। उनके कर्मचारी और राज्य के लिए किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। यह कर्मचारी संगठनों के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि बी डी नियोलिया से उन्होंने कर्मचारी राजनीति सीखी और उन्हें वह अपना गुरु मानते हैं। नीरज जोशी ने कहा कि उन्होंने नियोलिया के साथ बहुत लंबे समय तक कार्य किया। ट्रेड यूनियन के पूर्व महासचिव उममेद सिंह बिष्ट ने कहा कि कर्मचारी नेता के रूप में जनपद पिथौरागढ़ में उनका एक नाम था।

### चोपड़ा गांव में कलमठ की मांग को लेकर लोनिवि के ईई को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के तहत चोपड़ा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता चंदन सिंह जीना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नैनीताल में लोनिवि के अधिशासी अभियंता से मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि चोपड़ा मोटर मार्ग में भुमिया मंदिर के पास कलमठ नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यहां पर लगातार दुर्घटना का खतरा बनता जा रहा है इस संबंध में पूर्व में भी विभाग को सूचित किया गया था लेकिन अभी तक इसमें किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है, प्रतिनिधि मंडल को अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र भविष्य में कलमठ सहित अन्य मोटर मार्ग के सुधारीकरण के कार्य किए जाएंगे जिससे दुर्घटना आदि से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में जुगल गिरी, हरगोविंद सिंह रावत प्रधान सडियाताल आदि लोग शामिल थे।

### ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का होगा प्राथमिकता से समाधान: हेम

**नैनीताल।** वरिष्ठ भाजपा नेता हेम चंद आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधानसभा के तहत धनियाकोट, सिमलखा, ऊंचाकोट, बेतालघाट,तल्ला सेटी तथा मल्ला सेटी जैसे कई दुरस्थ गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। बेतालघाट पहुंचकर आर्य पूरन चंद्र चौरसिया के पुत्र के जनेऊ संस्कार में शामिल हुए। उसके बाद सिमलखां में उन्होंने कई दिनों से ग्रामीणों की ओर से पानी की समस्या से तरस रहे लोगों की फरियाद सुनी तथा मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता की, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही पानी की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने झूला पुल जमीरा बवास के ग्रामीणो की सबसे बड़ी समस्या है पुल की है। पुल नहीं होने से ग्रामीणो और स्कूली बच्चों को कोसी नदी पार करके अपने गर्तव्य ओर जाना पड़ता है समान लाने ले जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके लिए आर्य ने ग्रामीणों से वार्ता की और कहा की जल्दी ही इस समस्या को लेकर मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता कर पुल का निर्माण कार्य करवायेंगे जिससे कि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इस दौरान उनके साथ कई ग्रामीण व पाटी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने कहा: राज्य सरकार जरुरी निर्णय ले

**हाईकोर्ट ने दी राज्य सरकार को दो हफ्ते की मोहलत**

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट में नैनीताल में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल की सर्किट बेंच स्थापित करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई वाली पीठ ने राज्य सरकार को इस संबंध में आवश्यक निर्णय लेने की बात कही।

बता दें मामला हल्द्वानी टैकस बार एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें नैनीताल में जीएसटी ट्रिबयूनल की सर्किट बेंच स्थापित करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार की ओर से न्यायालय को 2 मई 2025 का एक पत्र सौंपा गया जिसमें बताया गया कि हाईकोर्ट मुखयालय नैनीताल में जीएसटी टिबयूनल की सर्किट बेंच स्थापित करने का अंतिम निर्णय राज्य सरकार को लेना है। राज्य सरकार की ओर से अदालत से समय की मांग करते हुए कहा गया कि उन्हें यह पता लगाने के लिए समय चाहिए कि नैनीताल में सर्किट बेंच की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने अब तक कया कदम उठाए हैं। बीरवार को इस मामले की सुनवाई मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। अंत में अदालत ने राज्य सरकार की मांग को स्वीकार करते हुए दो सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च अंत की तिथि तय कर दी।

# नैनीताल में तिब्बती राष्ट्रीय महिला विद्रोह दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में तिब्बती समुदाय की ओर से गुरूवार को 67 वें तिबबती राष्ट्रीय महिला विद्रोह दिवस के विशेष मौके पर सुबह 10 बजे क्षेत्रीय तिबबती महिला संगठन नैनीताल के नेतृत्व में तिब्बती बाजार में सामूहिक पूजा और शान्ति पाठ का आयोजन किया गया है। दूसरी ओर विद्रोह दिवस के मौके पर दिनभर तिबबती मार्केट पूरी तरह से बंद रहा। सामूहिक पूजा खासतौर पर उन सभी तिबबती शहीदों के याद में किया गया जिन्होंने आज ही के दिन 12 मार्च 1959 में तिबबत के आजादी के लिए




अपने प्राणों की बलिदान दिया था। सामूहिक पूजा के कार्यक्रम में स्थानीय तिब्बती महिला संगठन के अध्यक्ष केलसांग छुकी, उपाध्यक्ष सोनम छोडोन, सचिव रिंजिन छोएजोम, तेनजिन ल्हाडोन, तेनजिन छोएडोन, छिरींग यांगजोम, कुंगा छौडोन, तिबबती समुदाय के वरिष्ठ सदस्य पेमा छौफेल, तिबबती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के सचिव तेनजिन धोनयो, तेनजिन छिरींग पेलकी, तेनजिन छोवांग, छिरींग तोपग्याल, तेनजिन, तेनजिन सांगमो, छिरींग पेलकी, तेनजिन लौधेन, केलसंग यांगडोन, छिरींग पाल्मो, टाशी डोल्मा, छिरींग यांगजोम तथा सोनम नॉरर्जोम आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल में 400 से अधिक टैक्सी वाहन बिना टैक्सी यूनियनों में पंजीकरण के संचालित

**बीते दिनों महिला पर्यटक के साथ घटना के बाद प्रशासन ने दिए जांच के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में टैकसी संचालन को लेकर बड़ी अनियमितता सामने आई है। शहर में 400 से ज्यादा टैक्सी वाहन बिना किसी टैकसी यूनियन में पंजीकरण के संचालित किए जा रहे हैं। इन वाहनों के रूट की किसी को जानकारी नहीं होती जोकि पर्यटकों के लिए खतरा है।

400 से अधिक टैक्सी वाहन ऐसे हैं जिनके संचालन की कोई स्पष्ट जानकारी किसी भी यूनियन या विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। बताया जा रहा है कि ये 400 से अधिक वाहन शहर में कहीं से भी संचालित हो जाते हैं और कई बार बिना किसी आधिकारिक पंजीकरण के ही यात्रियों को ढोते हैं इससे जहां टैक्सी यूनियनों के पंजीख्रत चालकों में नाराजगी है वहीं सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें इस मामले में एसएसपी डक्क मंजुनाथ टीसी ने पहले ही स्पष्ट किया था कि सभी टैक्सी वाहनों का संबंधित यूनियन में पंजीकरण होना जरूरी है ताकि वाहनों और चालकों की सही जानकारी प्रशासन के पास उपलबध रहे। दूसरी ओर अब जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को टैकसी चालकों के सत्यापन और वाहनों की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में संचालित सभी टैक्सी वाहनों का सत्यापन कराया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**टैक्सी वाहन चालक दे चुके हैं कई घटनाओं को अंजाम: नैनीताल।** नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में कई बार टैक्सी चालकों की ओर से कई पर्यटकों के साथ अभद्रता के मामले सामने आ चुके हैं। बीते दिनों भी पटवाडांगर क्षेत्र में टैक्सी चालक की ओर से दिल्ली की महिला पर्यटक के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। इसके बाद लोगों की ओर से टैक्सी चालकों का सत्यापन व जांच करने के निर्देश दिए हैं। **पालिका को दिए गाइडों के सत्यापन के निर्देश: नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि पालिका की ओर से गाइडों, घोड़ा चालकों तथा नाव चालकों को लाइसेंस दिया जाता है। घटनाओं को देखते हुए इनका सत्यापन कर ड्रेस कोड तय करने का निर्देश पालिका ईओ को दिया गया है ताकि सभी गाइडों तथा नाव चालकों व घोड़ा चालकों की पहचान हो सके।

### रामनगर के ढिकुली में विभिन्न विभागों का सामूहिक निरीक्षण

**नैनीताल।** राजस्व विभाग, पर्यटन विभाग तथा उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग द्वारा ढिकुनी रामनगर क्षेत्र का संयुकत निरीक्षण किया गया और नियम कायदों के विरुद्ध संचालन करने वालों को अर्थदंड के अलावा नोटिस दिया। अभियान में 12 होटल व रैस्टोरैन्टए होम स्टे का निरीक्षण किया गया। पर्यटन विभाग द्वारा ईकाई बिना पंजीकरण के संचालन पर 9 ईकाईयो को 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड दिया गया। उत्तराखण्ड प्रदूषण नियनत्रण बोर्ड द्वारा 9 ईकाईयों को नोटिश दिया गया जबकि आनि शमन विभाग द्वारा ईकाइयों को नियमावली के उल्लंघन पर नोटिश दिया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियम विरुद्ध होम स्टेए होटल और रेस्टुरेंट चलाने वालों को कतई नहीं बकशा जाएगा।

# लैंगिक समता एवं समावेशन पर सेमिनार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

नैनीताल। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) तथा मल्टीडेसिप्लेनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (मेरु) के सॉफ्ट कॉपोनेंट इटिविटी के तहत इक्विटी एंड इनलूसिविटी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बीरवार को कार्यस्थल में लैंगिक समता एवं समावेशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन बुरांश सभागार हर्मिटेज में किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक प्रो0. चन्द्रकला रावत (हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) ने स्वागत वद्व्य में कहा कि जेंडर और लिंग केवल पुरुष या महिला तक सीमित नहीं है इसमें अन्य पहचानें भी शामिल हैं तथा इन सभी में समानता एवं समावेशन के लिए यह कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा कि कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण, समानता की संवेदनशीलता को स्वभाव में ढालना कितना आवश्यक है यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य भी है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुविवि के कुलपति प्रो0.दीवान सिंह रावत ने कहा कि समानता के लिए हमें सफलता की ओर बढना आवश्यक है जिसके लिए जीवन में हमेशा सीखने की अभिवृत्ति को अपनाना चाहिए।

मुखय वक्ता प्रो0 शुचि बिष्ट (भौतिक विज्ञान कुमाऊ विश्वविद्यालय नैनीताल) ने लैंगिक समानता और समता पर पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया जिसमें उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और पुरुषों के बीच की समानता और समता की भारत में वर्तमान स्थिति पर बात की। मुख्य वक्ता प्रो0 दीप्ति जौहरी (शिक्षा विभाग रोहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली) ने कहा कि यह कार्यक्रम इतना प्रासंगिक और आवश्यक है ताकि हमारी तथा आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर दुनियाँ बना सकें साथ ही वर्तमान परिख्रश्य में जेंडर समता एवं समावेशन में आने वाली बाधाओं और उनके समाधान पर अपना वद्व्य दिया।कार्यक्रम का समापन ओपन डिस्कशन के माध्यम से हुआ जिसमें शोधार्थियों और विद्यार्थियों से इस विषय से जुड़े सवालों और समाधानों पर सार्थक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सृष्टि गंगवार ने किया। इस अवसर पर प्रो. हरिप्रिया पाठक, डा. अरविंद तिवारी, प्रो. अशोक, डा. लक्ष्मण सिंह, डा. कंचन आर्या, डा. दीक्षा मेहरा, डा. मथुरा इमलाल, शिवानी शर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, धीरज, देवेन्द्र कुमार, रोहित रौतेला तथा ईश्वर आदि विभिन्न शोधार्थी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### गैरसैंण सत्र मात्र खानापूर्ति, गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करे सरकार: खष्टी बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने गैरसैंण में चल रहे विधान सभा सत्र को महज खानापूर्ति बताते हुए इसे पहाड़ और पहाड़ी जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग की है। बिष्ट ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ रहा है और अंकिता प्रकरण में अब तक न्याय नहीं मिला है जबकि सफेदपोश लोगों को बचाया जा रहा है। इसके अलावा पानी की किल्लत, बढ़ती महंगाई और रोजगार के अभाव से युवा परेशान हैं।उन्होंने सरकार पर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में जनविरोध फ ल रहा।बिष्ट ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और 2027 में होने जा रहे विधान सभा चुनाव में सरकार को जनता आईना दिखाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की शह पर हो रहे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री को भी जिमेदार ठहराया। पाँच राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों की चिंता में प्रधानमंत्री लगातार उन राज्यों का दौरा और रैली की तैयारियों में अपनी पार्टी के लिए परेशान नजर आ रहे हैं।

### गर्मी को देखते हुए जिला अस्पताल में विशेष तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** गर्मी के मौसम को देखते हुए नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने की कवायद शुरु कर दी गयी है। अस्पताल के पीएमएस डा. टी.के. टम्टा ने अस्पताल परिसर में निरीक्षण कर साफ- सफाई और पेयजल व्यवस्था पर अधीनस्थों को विशेष ध्यान देने को कहा है।

उन्होंने अस्पताल में लगे चार वाटर प्यूरीफायर को नियमित रूप से दुरुस्त रखने और पानी की टंकियों की समय समय पर सफाई कराने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए हैं, ताकि मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छ पेयजल मुहैया हो सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मरीजों की संख्या बढने की संभावना रहती है इसलिए डाक्टरों और अस्पताल स्टाफ को भी सतर्क रहने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि गर्मी से संबंधित बीमारियों को देखते हुए अस्पताल में आवश्यक दवाओं की व्यवस्था पहले से ही कर ली गई है।

साथ ही अन्य आवश्यक दवाओं की भी मांग विभाग को भेज दी गई हैए ताकि मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में भी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है।

# गौलापार में क्रिकेट का रोमांच, इंडिया टाइगर्स ने पंजाब को दिया 168 रनों का टारगेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टी-20 का दूसरा मुकाबला गुरुवार को रॉयल राइडर्स पंजाब और इंडिया टाइगर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रॉयल राइडर्स पंजाब के कप्तान असग़र अफ़ग़ान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया टाइगर्स ने सधी हुई शुरुआत दी। इंडिया टाइगर्स के कप्तान तिलकरत्ने दिलशान और किर्क एडवर्ड्स की जोड़ी 28 रन पर टूटी गयी। रॉयल राइडर्स पंजाब के गेंदबाज अनुरीत सिंह ने किर्क एडवर्ड्स को 14 रन पर आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अनुरीत सिंह ने इंडिया टाइगर्स के कप्तान तिलकरत्ने दिलशान को 9 रन पर बोल्ड कर इंडिया टाइगर्स को जोरदार झटका दिया। इंडिया टाइगर्स के महज 35 रन ही बने थे कि रॉयल राइडर्स पंजाब के गेंदबाज फरमान अहमद ने समित पटेल को शून्य पर ही पवेलियन का रास्ता दिखाकर तीसरा झटका दे दिया। इसके बाद एक छोर



से कुलदीप हूडा और पवन नेगी ने पारी को संभाले रखा। पवन नेगी ने ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए अपनी टीम का स्कोर 154 तक पहुँचाया। कुलदीप हूडा ने 48 और पवन नेगी ने 41 रनों का योगदान दिया। मैच के अंत में इंडिया टाइगर्स ने रॉयल राइडर्स पंजाब को 168 रनों का लक्ष्य दिया। इंडिया टाइगर्स ने ओवर समाप्ति तक 8 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाये। खबर बनाये जाने तक दूसरी पारी का खेल बाकी था।

# गैस संकट से जूझ रहा है नैनीताल, मल्लीताल में कई रेस्टोरेंट बंद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू और कज्मर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से खासकर मल्लीताल क्षेत्र के कई रेस्टोरेंट और ढाबे बंद होने लगे हैं। पर्यटन सीजन से ठीक पहले पैदा हुए इस संकट ने होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है।

व्यवसायियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे तनाव विशेषकर ईरान तथा इजराइल व यूनाइटेड स्टेट के बीच चल रहे टकराव का असर अब हजारों किलोमीटर दूर पहाड़ के पर्यटन शहर नैनीताल में भी देखने को मिल रहा है। गैस आपूर्ति प्रभावित होने से होटल तथा ढाबों और रेस्टोरेंट में खाना बनाने में दिक्कतें बढ़ गई हैं। मल्लीताल के कई रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कज्मर्शियल सिलेंडर खत्म होने की कगार पर हैं और नए सिलेंडरों की बुकिंग नहीं हो पा रही है। गैस की कमी के कारण कई जगहों पर चूल्हों की आंच धीमी पड़ गई है जिससे खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे हालात में कुछ रेस्टोरेंट संचालकों ने अस्थायी रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं जबकि कई अन्य भी बंदी की कगार पर पहुंच गए हैं। स्थिति सिर्फ कज्मर्शियल सिलेंडरों तक सीमित नहीं है।

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग भी प्रभावित बताई जा रही है। लोगों का आरोप है कि बुकिंग के लिए जारी कई नंबर बंद आ रहे हैं जिसके कारण उपभोद्राओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस बीच गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी में



भी सक्रिय होने लगे हैं। गैस संकट को देखते हुए जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। डीएम ललित मोहन रयाल ने संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाने के निर्देश दिए हैं साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बनाए रखने की अपील भी की गई है।

नैनीताल में जल्द ही पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में यदि गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई तो इसका सीधा असर पर्यटन कारोबार पर पड़ सकता है। होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की स्थिति में शहर आने वाले पर्यटकों को भी भोजन और अन्य सुविधाओं के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैए जिससे पर्यटन उद्योग को नुकसान होने की आशंका है।

**नैनीताल में भाजपाई मिले कुमंविनि के जीएम से: नैनीताल।** नैनीताल शहर में गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए बीरवार को भाजपा मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक से मुलाकात की। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने शहर में गैस आपूर्ति को लेकर लोगों के बीच फैल रही विभिन्न चर्चाओं और सूचनाओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

भाजपा पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक से अनुरोध किया कि गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से जनता तक पहुंचाया जाएए ताकि अनावश्यक भ्रम और आशंकाओं को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गैस को लेकर लोगों के बीच तरह.तरह की चर्चाएं हो रही हैंए जिससे लोगों में चिंता की स्थिति बन रही है। प्रतिनिधिमंडल ने जनता से भी अपील की कि गैस आपूर्ति को लेकर अनावश्यक चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि गैस की आपूर्ति नियमानुसार और आवश्यकता के अनुसार जारी रहेगी तथा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभाग लगातार काम कर रहा है। इस दौरान मनोज जोशी, दयाकिशन पोखरिया, आशीष बजाज, भारत सिंह मेहरा, विकास जोशी, भगवत सिंह रावत, रितुल कुमार, गौरव हार्पर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, पंकज बर्गली और युवराज सिंह करायत मौजूद रहे।

### जिले में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक: पुलिस कप्तान

**नैनीताल।** मध्य एशिया में चल रहे तनाव के बीच सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी को लेकर लगातार अफवाहें फैल रही हैं। जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी से संबंधित भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है जिससे लोगों में अनावश्यक भ्रम और घबराहट की स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नैनीताल जिले में किसी भी प्रकार की ईंधन कमी की स्थिति नहीं है और सभी पेट्रोल पंपों तथा गैस एजेंसियों पर आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों, जमाखोरी करने वालों और कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ सखत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है और जनपद में चप्पे चप्पे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से एलपीजी सिलिंडर या ईंधन की पैनिक बुकिंग न करें। यदि किसी को एलपीजी या ईंधन आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा पर संपर्क करें ताकि समय पर समाधान किया जा सके।

### महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में दी आग बुझाने का प्रशिक्षण

**नैनीताल।** अग्निशमन केंद्र नैनीताल की ओर से उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी नैनीताल देवेंद्र सिंह नेगी द्वारा नैनीताल क्षेत्रअंतर्गत ताकुला हल्द्वानी रोड पर महर्षि विद्या मंदिर का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ को फायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियो को दुरुस्त करने हेतु सुझाव दिये गए।

# मेलाधिकारी सोनिका ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## कुम्भ मेला-2027 की तैयारियां तेज, सड़क और रेल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कुम्भ मेला-2027 के सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर मेला प्रशासन ने सड़क और रेल यातायात से जुड़ी व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में मेला अधिकारी श्रीमती सोनिका ने गुरुवार को कुम्भ मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर), हर की पैड़ी में प्रशासन, पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), रेलवे तथा सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कुम्भ क्षेत्र की सड़कों, चौराहों और रेलवे स्टेशनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में कुम्भ मेला क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर चल रहे निर्माण कार्य, सड़क चौड़ीकरण, मरम्मत, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मेला अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण और सुधार कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि कुम्भ मेला-2027 के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मेला अधिकारी सोनिका ने कहा कि कुम्भ मेला विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्गों की बेहतर स्थिति, सुचारु यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि कुम्भ क्षेत्र से होकर गुजरने वाले सभी प्रमुख मार्गों और चौराहों को जल्द दुरुस्त किया जाए। मेलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को हरिद्वार-नजीबाबाद राजमार्ग तथा हरिद्वार रिंग रोड से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले के दौरान यातायात प्रबंधन की सफलता काफी हद तक इन महत्वपूर्ण मार्गों पर निर्भर करेगी, इसलिए इन परियोजनाओं पर युद्धस्तर पर कार्य किया जाए और कार्यों की नियमित प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मोतीचूर क्षेत्र में स्थित पुराने मार्ग का कुम्भ मेले के दौरान उपयोग किए जाने की संभावना पर भी चर्चा की गई। मेला अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मार्ग की स्थिति का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा वहां स्थित पुराने पुल की तकनीकी जांच कर उसकी मजबूती सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर इसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में सुरक्षित तरीके से उपयोग किया जा सके। रेलवे व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मेला अधिकारी ने कहा कि हरिद्वार, मोतीचूर, ज्वालापुर सहित आसपास के रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही हरिद्वार रेलवे स्टेशन से हिल बाईपास की ओर संभावित निकास मार्ग की संभावना तलाशने के लिए लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, एसपी जीआरपी अरुणा भारती, अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती सहित जिला प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। देहरादून से एसपी (ग्रामीण) जया बलूनी सहित कई अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

# नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने में जुटी पुलिस

**एसपी ट्रैफिक ने रानीपुर मोड़, ज्वालापुर और शिवालिक नगर का किया भ्रमण**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शहर में लगातार बढ़ रहे वाहनों और बाजार क्षेत्रों में लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह के निर्देश पर गुरुवार को एसपी ट्रैफिक निशा यादव ने संभावित पार्किंग स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ट्रैफिक ने यातायात और सीपीयू टीम के साथ रानीपुर मोड़, ज्वालापुर मार्केट और शिवालिक नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बढ़ते वाहनों के दबाव और बाजारों में लगने वाले जाम को देखते हुए दुपहिया और छोटे चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए संभावित स्थानों का चिन्हीकरण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों से भी बातचीत की गई। उनसे पार्किंग व्यवस्था को लेकर सुझाव लिए गए, ताकि बाजारों में आने वाले लोगों को सुविधाजनक पार्किंग मिल सके और सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

एसपी ट्रैफिक निशा यादव ने कहा कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। बेहतर पार्किंग व्यवस्था होने से बाजारों में यातायात दबाव कम होगा और आम लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

हितेश कुमार ने बताया कि चिन्हित किए गए संभावित पार्किंग स्थलों पर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर योजना तैयार की जाएगी, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाया जा सके।

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के विरोध में लघु व्यापारियों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के विरोध में लघु व्यापारियों ने हाथों में सिलेंडर लेकर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में चंडी चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान लघु व्यापारियों ने सड़कों के किनारे ठेली लगाकर खाना चाय आदि बेचने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए गैस सिलेंडर का कोटा तय करने की मांग भी की।

लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के चलते लघु व्यापारियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सिलेंडर नहीं मिलने से खाने पीने का सामान बेचने वाले लोगों को अपनी ठेली बंद करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए शासन प्रशासन को विशेष निगरानी कमेटी का गठन करना चाहिए। साथ ही लघु व्यापारियों के लिए सिलेंडर का कोटा तय करना चाहिए। जिससे ठेली आदि लगाकर आजीविका चलाने वाले लघु व्यापारियों का रोजगार चलता रहे। प्रदर्शन करने वालों में राजकुमार, कमल, प्रताप सिंह चौहान, शशिकांत, सुनील कुकरेती, लालचंद, विजय गुप्ता, भोला यादव, कपिल कुमार, मोहनलाल, मुन्ना सिंह, जयसिंह, चंदन रावत, सोनू, नईम, कामिल, श्याम कुमार, फूल सिंह, सुशांत गोस्वामी, सुमन गुप्ता, आशा देवी, कामिनी मिश्रा, मंजू पाल, सुनीता चौहान आदि लघु व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** जनपद में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत बहादराबाद पुलिस ने अपराध की मंशा से घूम रहे एक संदिग्ध युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद भर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली बहादराबाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। 10 मार्च की रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आवेश पुत्र सत्तार (22 वर्ष) निवासी ग्राम नटहौर, थाना नटहौर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश),



हाल निवासी सलेमपुर, थाना रानीपुर, जनपद हरिद्वार बताया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम में हे.कां. नरविंदर और कां. पंकज शामिल रहे।

# बारात में डीजे हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पत्थरबाजी में किशोरी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव शिवगढ़ से धारिवाला बारात में घुड़चड़ी के दौरान डीजे हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट एवं पत्थरबाजी में एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई किशोरी के पिता ने छह नाम जद के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को शिवगढ़ गांव से धारिवाला में बारात आई थी घुड़चढ़ी के दौरान डीजे हटाने को लेकर दो पक्षो में मारपीट व पत्थर बाजी में एक किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गई। किशोरी के पिता धर्मवीर निवासी धारिवाला ने छह नाम जद व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर बताया मेरे चाचा की लड़की की शादी थी जिसमे शिवगढ़ से बारात आयी थी बारात का अच्छे से खाना पीना कराने के बाद बाराती चढत करते हुए डीजे को हटाने को लेकर बारात में आये युवकों के बीच विवाद हो गया जिसमे सुभम व अमरीश के साथ गाली गलोज के साथ बेल्ट व लात घुसो से राजकुमार, अंकुल, हिमांशु, व सचिन निवासी शिवगढ़ अंकित, राजकुमार, निवासी धारिवाला ने पत्थर व ईट आदि फेंकने लगे जिससे वहाँ खड़ी मेरी लड़की संजीता के ऊपर ईट लगी जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गयी सिर पर गंभीर चोटे आई किशोरी को बेहोसी की हालत में वहा खड़े शिवकुमार ननवा ने उसको जिला अस्पताल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने लड़की की हालत देख कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जहाँ आइसीयू में किशोरी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने छह नाम जद आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

पथरी एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि बारात में डीजे हटाने को लेकर हुए झगड़े में छह व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर करवाई अमल में लाई जाएगी।

# पारिवारिक विवाद में गर्भवती महिला से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज


शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के कैतवाड़ा मोहल्ले में पारिवारिक विवाद के दौरान भाभी-देवर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची गर्भवती महिला के साथ भी मारपीट की गई और उसके पेट पर लात मार दी गई। पुलिस को दी शिकायत में कैतवाड़ा निवासी रुकसार ने बताया कि 10 जनवरी को उसके पति रजा हाथ में फ्रैक्चर होने के कारण इलाज के लिए मुजफ्फरनगर गए हुए थे। उसी दौरान उसका देवर साजेब मकान की छत पर धूप में बैठा हुआ था। आरोप है कि रिश्तेदारी में लगने वाले अयान और उसके पिता वकील वहां पहुंचे और साजेब के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर रुकसार और उसकी सास सय्यैदा बीच-बचाव के लिए पहुंचीं। आरोप है कि इसी दौरान अयान के साथ उसकी मां नहिला और पत्नी नाजिया भी मौके पर आ गईं और सभी ने मिलकर भाभी-देवर के साथ मारपीट कर दी। रुकसार का आरोप है कि वह उस समय गर्भवती थी और मारपीट के दौरान उसके पेट पर भी लात मारी गई, जिससे उसे काफी दर्द हुआ। पीड़िता का आरोप है कि दो मार्च को आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# निर्वाण दिवस पर संत समाज ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

## त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन स्वामी रामस्वरूप : ज्ञानदेव सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी रामस्वरूप के द्वादश निर्वाण दिवस पर संत समाज ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर श्री गुरूमण्डलाश्रम में नवनिर्मित वातानुकूलित गुरूदेव संस्कृति भवन का उद्घाटन भी किया गया। आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में संत महापुरुष और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता करते हुए निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह ने कहा कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी रामस्वरूप त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने धर्म और अध्यात्म का ज्ञान समाज को प्रदान करने के साथ मानव कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वामी भगवत स्वरूप महाराज जिस प्रकार अपने गुरूदेव के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप ने संत महापुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप होते हैं और वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें गुरू के रूप में ब्रह्मलीन स्वामी रामस्वरूप का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरूदेव से प्राप्त ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए आश्रम की सेवा परंपराओं को आगे बढ़ाना ही उनका लक्ष्य है। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी रविदेव शास्त्री और स्वामी रघुवीर दास ने कहा कि अपने ज्ञान और विद्वता से धर्मनगरी हरिद्वार को गौरवान्वित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी रामस्वरूप महाराज सदैव सभी की स्मृतियों में जीवंत रहेंगे। इस दौरान स्वामी भगवत स्वरूप के शिष्य स्वामी शिव स्वरूप महाराज ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन स्वामी हरिहरानंद ने किया। इस अवसर पर स्वामी प्रेमानंद, महंत साधनानंद, स्वामी विवेकानंद, महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत राघवेंद्र दास, महंत दामोदर शरण दास, महंत दर्शन दास, महंत विष्णु दास, स्वामी संतोष मुनि, महंत शांतानंद, स्वामी दिनेश दास, महंत जगदीश दास, स्वामी दयामूर्त्यानंद, महंत मोहन सिंह और महंत सुतिक्ष्ण मुनि सहित बड़ी संख्या में संत महापुरुष और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम के प्रयासों से मिल रही जनपद की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई दिशा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा के वरिष्ठ सदस्य सुनील अरोड़ा ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान सुनील अरोड़ा ने कहा कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के प्रयासों से जनपद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नई दिशा मिलती दिखाई दे रही है। बरसों पूर्व जिलाधिकारी रहे बाबा हरदेव सिंह के बाद अब जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल रहे मयूर दीक्षित अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ जनपद के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। शहर की साफ-सफाई, स्वास्थ्य व्यवस्था और जनसुविधाओं को लेकर उनकी विशेष प्राथमिकता साफ दिखाई दे रही है। विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर वे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं में तेजी से सुधार देखने को मिल रहा है। हरिद्वार जैसे धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध शहर की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा शहर की दशा सुधारने के लिए गंभीरता से कदम उठाए जा रहे हैं।

# ईदगाह कमेटी ने शुरू की ईद की नमाज की तैयारियां

## ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**ईद से पूर्व दुरुस्त की जाए सफाई व्यवस्था : अहसान**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ईदगाह कमेटी ने ईदगाह में होने वाली ईद की नमाज की तैयारियां शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को ईदगाह कमेटी के सचिव बाबर खान और वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के पार्षद व ईदगाह कमेटी के सदस्य अहसान अंसारी ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ ईदगाह और आसपास क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के क्षेत्रीय सेनेटरी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक कुसुम पाल और पर्यावरण पर्यवेक्षक अखिल कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पार्षद अहसान अंसारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईद से पूर्व ईदगाह परिसर, आसपास के क्षेत्रों और ईदगाह रोड पर विशेष अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग ईदगाह पहुंचते हैं। इसलिए साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान उत्तराखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य व ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष जमशेद खान, उपाध्यक्ष सज्जाद अहमद गौड़, पार्षद प्रतिनिधि जाफिर अंसारी, सगीर अंसारी, शिवम कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे और सभी ने बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# गुरूकुल कांगड़ी विवि में खुली भारतीय स्टेट बैंक की शाखा

## कुलपति प्रो. डा. लूथरा व बैंक के महाप्रबंधक दीपेश ने फीता काटकर किया नई शाखा का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय परिसर में नई शाखा का शुभारंभ किया गया है। विवि परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के खुलने से विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आसपास के क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक एवं सुलभ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हवन यज्ञ के पश्चात गुरूकुल कांगड़ी विवि की कुलपति प्रोफेसर डा. प्रतिभा मेहता लूथरा, बैंक के महाप्रबंधक दीपेश राज ने रिबन काटकर शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डा.प्रतिभा मेहता लूथरा ने भारतीय स्टेट बैंक की पहल की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में बैंक शाखा खुलने से विद्यार्थियों और कर्मचारियों को वित्तीय सेवाएं आसानी से प्राप्त होंगी तथा डिजिटल बैंकिंग को भी बढ़ावा मिलेगा। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को बचत एवं चालू खाते, डिजिटल बैंकिंग, शिक्षा ऋण, गृह ऋण, एटीएम सुविधा तथा अन्य आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन और भारतीय स्टेट बैंक के बीच यह सहयोग विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और त्वरित बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार साह, मुख्य प्रबंधक संजय कुमार, विवि के कुलसचिव सत्यदेव निगमालंकार, वित्ताधिकारी विनोद कुमार सिंह, विवि के पूर्व कुलपति प्रभात कुमार, मुकुल वार्ष्णेय, श्वेता राजलक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारी श्रीमती अनीता देवी पत्नी श्री मुकेश निवासी ग्वलि पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड हाल निवासी एम-44/10, शिवालिक नगर हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार की एक संपत्ति जो स्थित आवासीय प्लाट नम्बर 6 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट खसरा नम्बर 1051/2, ग्राम रावली महदूद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित तीन असल विक्रय पत्र जो कि क्रमश: उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 13/02/2014 को पंजीकृत है जिसका बही नं 01 जिल्द 1638 के पेज 379 से 392 दस्तावेज नम्बर 1138 है जबकि दूसरा असल विक्रय पत्र जो कि उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 2/06/2017 को पंजीकृत है जिसका बही नं 01 जिल्द 3160 के पेज 65 से 80 दस्तावेज नम्बर 3999 है, जबकि तीसरा असल विक्रय पत्र जो उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में दिनांकित 20/02/2018 को पंजीकृत है जिसका बही नं 01 जिल्द 3501 के पेज 187 से 202 दस्तावेज नम्बर 1601 है। उक्त वर्णित तीनों असल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो कि काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहे हैं। इस संबंध में श्रीमती अनीता देवी की ओर से पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उक्त असल विक्रय पत्रों को किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। यदि उक्त वर्णित असल विक्रय पत्रों के बाबत किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को सात दिन के अंदर सूचित करें। सात दिनों के बाद भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कुलदीप कुमार, अधिवक्ता, शॉप नंबर-46 प्रथम तल, जिला परिषद मार्केट, ज्वालापुर, तहसील हरिद्वार, संपर्क-8077706127 9259564867

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पर किया धरना प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** विद्युत विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने दूधियाबंद भूपतवाला स्थित बिजली घर पर प्रदर्शन किया और धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि उत्तराखंड के बिजली उत्पादक प्रदेश होने के बावजूद प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार द्वारा महंगी बिजली दी जा रही है। इस वर्ष बिजली बिलों में छूट न देकर सरकार ने आम जनता के ऊपर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग मनमानी कर रहा है। महज 5000 का बिल जमा ना करने पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुएउ कहा कि यदि विभाग ने अपना रवैया नहीं बदला तो कांग्रेस बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। जिला महानगर कांग्रेस महासचिव कैलाश भट्ट और युवा नेता अजय गिरी ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आमजन के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और तरुण व्यास ने कहा कि अन्य प्रदेशों की भाजपा सरकार कई कई यूनिट बिजली फ्री दे रही हैं। लेकिन उत्तराखंड सरकार जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। धरने को संबोधित करते हुए पार्षद महावीर वशिष्ठ और पार्षद हिमांशु गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में आमजन सस्ती बिजली को तरस रहे हैं और इस चुनावी वर्ष में भी लोगों को बिजली के बिलों में छूट न देकर सरकार ने साफ कर दिया है कि भाजपा सिर्फ चंद उद्योगपतियों की सरकार है। एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा और यूथ कांग्रेस जिला महासचिव शुभम जोशी ने कहा कि आमजन महंगी बिजली से परेशान है और आने वाले दिनों में इस सरकार की विदाई करने का मन बना चुका है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से विमल शर्मा साटू, ओम मलिक, करन सिंह राणा, ऋषभ वशिष्ठ, गौरव गोस्वामी, नागेश रावत, रितेश पांडेय, मोहित अरियाल शर्मा, डुंगर सिंह, ऋषभ गिरी, राहुल पाठक, अनिल ठाकुर, सत्यम शर्मा, तरूण बेरी, मनीष कौशल, योगेश त्यागी, जतिन बब्बर, विकास शर्मा आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फैक्टरीकर्मी ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के हेतमपुर में किराये के कमरे में रह रहे एक फैक्टरी कर्मी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस कंट्रोल रूम को बुधवार रात सूचना मिली कि हेतमपुर स्थित एक मकान में युवक ने फांसी लगा ली है। सूचना पर सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटके युवक को नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान पुखराज (37) पुत्र प्रवीण सिंह निवासी ग्राम टिमरपुर, थाना मंडावर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी महादेव मंदिर



कॉलोनी, हेतमपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किराये के मकान में रहकर एक कंपनी में काम करता था। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले के कारणों की जांच की जा रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

### बीएसएम पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर

# छात्राओं ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता



❖ सशक्त नारी-सशक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रूढ़ियों को तोड़ती महिलाएं, डिजिटल नारी विषयों पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज, रुड़की में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के विषय पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व अन्य छात्र-छात्राओं ने एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार सशक्त नारी-सशक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रूढ़ियों को तोड़ती महिलाएं, डिजिटल नारी आदि महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । आज महाविद्यालय की एनसीसी की गर्ल्स कैडेट्स द्वारा क्या वास्तव में नारियां स्वतंत्र हैं विषय पर एक नुक्कड नाटक भी प्रस्तुत किया गया जो आज के समाज को एक सकारात्मक संदेश देने की ओर प्रेरित करने वाला था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर (डॉ) गौतमवीर ने इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एवं सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह समय की मांग है कि स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए और उनकी सुरक्षा के लिए हम अधिक संवेदनशील बनें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्री विवेक काम्बोज ने सभी पोस्टर्स का अवलोकन किया और नुक्कड नाटक देखकर उसकी सराहना की और छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट कशिश, निशांत, नवाजिश, प्रियांशु, एसयूओ रजत रावत, सनी, धीरज, आयुषी, आर्यन, पुनीत, प्रिया, प्रजेश, रिया, शामा, प्रेरणा, शिवानी आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोड़ा, सांस्कृतिक समिति की डॉ सुनीता कुमारी, डॉ रीमा सिन्हा, डॉ अलका तोमर, डॉ सीमा गुप्ता आदि।

# सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, बेटा गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना में महिला का बेटा भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

झबरेडा थाना के गांव बेहडेकी सैदाबाद निवासी ब्रजमोहन त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 13 फरवरी 2026 की शाम करीब 4:30 बजे उनका भतीजा अभिमन्यु अपनी माता बबीता को मोटरसाइकिल पर सवार होकर रुड़की से गांव लौट रहा था। जैसे ही वे गांव की गली में मुड़ने वाले थे, अभिमन्यु ने सड़क किनारे बाइक रोकी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल सवार शौकीन, निवासी बचीटी देवबंद, उत्तर प्रदेश ने लापरवाही से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बबीता के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि अभिमन्यु के हाथ-पैर की हड्डियां टूट गईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को तुरंत रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने बबीता की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें देहरादून रेफर कर दिया था वहां श्री महंत इन्द्रेश अस्पताल में 10 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद 22 फरवरी को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पहले घायलों के उपचार और फिर बबीता की मृत्यु के बाद परिवार गहरे शोक में डूबा हुआ था, जिस कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पुलिस ने ब्रजमोहन त्यागी की तहरीर पर आरोपी शौकीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने फरार वारंटी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** यायालय से वॉछित चल रहे वारण्टी को हरिद्वार पुलिस ने धर दबोचा है। एसएसपी हरिद्वार को न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टो की शत प्रतिशत तामील किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मा० न्यायालय से वॉछित चल रहे वारण्टी राहुल पुत्र पप्पू उर्फ रावण निवासी ग्राम बिनारसी उर्फ बुलेड कोतवाली भगवानपुर जनपद हरिद्वार को दिनांक 11.03.2026 को ग्राम बिनारसी से पकडा गया। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 हुकम सिह, का0 अरविन्द तोमर आदि शामिल रहे।

# लंढौरा में घंटों लगा रहा जाम, लोग रहे परेशान



शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** कस्बे में गुरुवार को करीब सवा घंटे तक जाम लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण रुड़की-लक्सर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिसके चलते राहगीरों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

गुरुवार दोपहर करीब एक बजे रुड़की-लक्सर मार्ग पर अचानक जाम लग गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम के कारण दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ-साथ स्कूल बसें भी काफी देर तक फंसी रहीं। स्थानीय लोगों तौसिफ, रविकान्त, रियाज, सद्दाम, नवाब, सत्यय, नौशाद, मुरसलीन, मुर्तजा, जोनी और यूसुफ का कहना है कि लंढौरा में चार निजी स्कूल ऐसे हैं जो रुड़की-लक्सर मार्ग के किनारे स्थित हैं। इन स्कूलों की छुट्टी भी करीब डेढ़ से दो बजे के बीच होती है। गुरुवार को छुट्टी के समय ही जाम लगने के कारण छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दुकानदार नईम, वसीम और फरमान ने बताया कि ईद नजदीक होने के कारण बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ गई है। लोग कपड़े, जूते और अन्य सामान खरीदने के लिए बाजार आ रहे हैं। ऐसे में सड़क पर वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम की समस्या और गंभीर हो गई। दुकानदारों का कहना है कि जाम लगने से ग्राहकों को बाजार में आने-जाने में भी दिक्कत होती है, जिसका असर कारोबार पर भी पड़ता है। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु कराया। करीब सवा दो बजे के बाद जाम खुल पाया और वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी।

# चेकिंग के दौरान तमंचे सहित युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** पुलिस ने मंगलौर-झबरेड़ी मार्ग से एक वर्षीय युवक को अवैध देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

झबरेडा थाना अध्यक्ष अजय शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च की रात उप-निरीक्षक रविन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर थे। इसी दौरान मंगलौर रोड पर एक मुखबिर ने सूचना दी कि झबरेड़ी तिराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर वहां खड़ा युवक घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान अक्षय उर्फ मार्सल, निवासी ग्राम झबरेड़ी, थाना झबरेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में आरोपित के पास से एक अदद देशी तमंचा .315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह तमंचा शौक के तौर पर किसी से लिया था। पुलिस ने आरोपित अक्षय के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपित ने यह हथियार किससे खरीदा था और क्या इसका इस्तेमाल किसी वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

# रिलायंस जियो-बीपी पेट्रोल पंप से 9 लाख लेकर मैनेजर फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** लिब्बरहेड़ी में रिलायंस जियो-बीपी के रिटेल आउटलेट जीसीए पेट्रोल पंप के मैनेजर पर कैश लॉकर से नौ लाख रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पंप के केयर टेकर महक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी अनिल कुमार एक जून 2025 से पंप पर मैनेजर के पद पर तैनात था। अनिल कुमार ने मंगलवार, 10 मार्च को बैंक में जमा करने के बहाने लॉकर से 9,21,106 रुपये निकाले। उसने कर्मचारियों को बताया कि वह यह रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मंगलौर शाखा में जमा कराने जा रहा है। जब काफी देर तक अनिल वापस नहीं लौटा, तो पंप के अकाउंटेंट मनीष शर्मा और कर्मचारी रंजन कुमार ने बैंक जाकर पूछताछ की।

# कलियर पुलिस ने दबोची महिला नशा तस्कर



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने अवैध नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से करीब 5.92 ग्राम स्मैक और 2920 रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक विशाखा असवाल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान रहमतपुर की नई कॉलोनी में सत्यापन के लिए पहुंचने पर एक महिला अपने घर के सामने बैठी हुई दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह खेतों की ओर भागने का प्रयास करने लगी। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर महिला के पास से 5.92 ग्राम अवैध स्मैक और 2920 रुपये की नकदी बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम शबाना उर्फ शबनम निवासी नई कॉलोनी रहमतपुर बताया। उसने बताया कि घर का खर्च चलाने के लिए पैसों के लालच में वह स्मैक खरीदकर नशा करने वालों को ऊंचे दामों पर बेचती थी।पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने व आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी ने वीडियो अपने साथी को भी दे दिया, जिसके बाद उसने भी युवती को धमकाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के ही एक युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया।आरोप है कि बाद में युवक ने वह वीडियो अपने एक साथी को दे दिया। इसके बाद आरोपी के साथी ने भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर युवती ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर गुलरेज उर्फ विशाल और सारिक के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**रुड़की।** लिब्बरहेड़ी में आपसी विवाद के चलते जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीच-बचाव करने आई युवक की मां के साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लिब्बरहेड़ी निवासी रमेश के पुत्र सतेन्द्र बीते आठ मार्च की रात अपनी दुकान से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही राहुल ने ईंट फेंककर हमला कर दिया। जब सतेन्द्र ने इसका विरोध किया, तो राहुल और उसके भाई कुलदीप ने मिलकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक और आरोपी को दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस ने क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने श्सर्जिकल स्ट्राइकश जारी रखते हुए हत्या के प्रयास के मामले में संलिप्त एकऔरअभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।क्या था मामलाबीती 9 जनवरी 2026 को लक्सर के ग्राम रणसूरा में गंदे पानी के निकासी और जमाव को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते यह मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिसमें दोनों पक्षों नेएक-दूसरेपरलाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। इस घटना के संबंध में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमे पंजीकृत किए थेबसेड़ी तिराहे से हुई गिरफ्तारीमुकदमा अपराध संख्या 50/26 की विवेचना के दौरान पुलिस को फैयाज पुत्र लियाकत की इस हमले में सक्रिय संलिप्तता के ठोस प्रमाण मिले। गुरुवार, 12 मार्च को सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए अभियुक्त फैयाज (50 वर्ष) को बसेड़ी तिराहे से दबोच लिया पुलिस का कथन ष्मामले में अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगाकानूनी कार्रवाई और पुलिस टीमगिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। मु0अ0सं0: 50/26धाराएं: 109, 191, 192, 193, 351, 352 (ठछै)अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम मैं नितिन चौहान वरिष्ठ उपनिरीक्षक, पंचम प्रकाश हेड कॉन्स्टेबल, कोतवाली लक्सर शामिल रहे।

## छात्रों ने धूम्रपान न करने की ली शपथ

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में बुधवार को राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने धूम्रपान न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण मित्र डॉ. अशोक पाल ने छात्रों को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई। मौके पर जतिन शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पिंकी, राखी, सोमवती, शबनम, रईसा, सोनम, पायल, रूचिका, इलमा, अंजना, आफरीन, कहकशां, अल्तमश आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप पर हंगामा करने वाले तीन का शांति भंग में चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर पुलिस ने शांति भंग करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि रहमतपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने को लेकर कुछ युवक सेल्समैन से विवाद कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और उत्तेजित होकर अभद्रता व हंगामा करने लगे।स्थिति बिगड़ते देख राजीव कुमार निवासी रहमतपुर, अंकित कुमार निवासी शेखपुरा मोहल्ला हरिजन बस्ती कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर (उ.प्र.), और राहुल कुमार सिंह निवासी रहमतपुर को गिरफ्तार कर शांतिभंग और मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस टीम में एसएसआई सुनील दत्त पंत, रविन्द्र बालियान,जितेंद्र रावत,अंकित कुमार शामिल रहे।

### सिविल लाइन पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

# 19 मकान मालिकों के काटे चालान



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने एसपी देहात के निर्देशन पर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस ने पुलिस अधिनियम के तहत 19 मकान मालिकों के चालान काटे और भविष्य में बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर सख्त चेतावनी भी दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने एसपी देहात के निर्देशन पर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में कोतवाली रुड़की द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु संदिग्ध व्यक्तियों एवं बहारी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाया गया सत्यापन अभियान के दौरान ईशान इंपिरियल अपार्टमेंट हरिद्वार रोड एवं गुलमोहर अपार्टमेंट में सत्यापन अभियान चलाया गया जिनके द्वारा अपने अपार्टमेंटों में किराए पर रखे हुए बहारी व्यक्ति का सत्यापन नहीं कराया गया है। उन मकान मालिक एवं अपार्टमेंट मलिक के पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई में 19 मकान मालिकों के पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किए गए। सत्यापन अभियान की कार्रवाई जारी हैं।

# मिर्च के पैसों को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट



शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र अंतर्गत जैनपुर खुर्द गांव में मिर्च के चंद रुपयों को लेकर उपजा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बीती 4 मार्च को हुई इस घटना में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट करने, वाहनों को क्षतिग्रस्त करने और मूक पशुओं को चोट पहुँचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।विवाद की जड़: मिर्च के पैसेजानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत एक छोटी सी बात से हुई।


जानकारी के अनुसार जैनपुर खुर्द निवासी महफूज, इरशाद और रुखसाना ने बताया कि उनके परिवार का एक बच्चा पास ही में हरी मिर्च खरीदने गया था। परिजनों का दावा है कि बच्चे ने मिर्च विक्रेता को पैसे दे दिए थे, लेकिन विक्रेता ने पैसे मिलने से इनकार कर दिया। इसी बीच वहां मौजूद एक पड़ोसी ने हस्तक्षेप करते हुए बच्चे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।घर में घुसकर हमले का आरोपपीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद दूसरे पक्ष के लोग लामबंद होकर उनके घर पर आ धमके। आरोप है कि हमलावरों ने घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट की, जिसमें दो से तीन लोग घायल हुए हैं। इतना ही नहीं, पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके वाहनों में तोड़फोड़ की और घर में बंधे पशुओं को भी चोट पहुँचाई।पुलिस कार्रवाई का इंतजारपीड़ित पक्ष का कहना है कि पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद है। उन्होंने लक्सर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और ग्रामीणों को पुलिसिया कार्रवाई का इंतजार है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# भारत को राहत

ईरान-अमेरिकी युद्ध के 13वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें कहा गया कि ईरान हॉर्मुज जलडमरू मध्य से भारतीय विमानों को गुजरने के लिए मंजूरी मिल गई है। यह सब भारतीय विदेश मंत्री डा एस जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद देखने में आया है। बताया जा रहा है कि इस वार्ता के बाद दो भारतीय टैंकर पुष्पा और परिमल सुरक्षित रूप से उस जल मार्ग से गुजर रहे हैं। निश्चित रूप से यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि इसी रास्ते से भारत का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार इसी मार्ग से होता है और ईरान ने इसे एक रणनीति के तहत बंद किया हुआ है। ईरान के अनुसार इस रास्ते से केवल वही जहाज गुजर सकते हैं, जो उसके सहयोगी देशों के हैं। जाहिर है अगर हमारे जहाज नहीं गुजर रहे थे, तो कहीं न कहीं इसका मतलब यह भी हो सकता है कि ईरान हमारा सहयोगी देश नहीं रहा। जबकि कुछ वर्षों पहले तक ही हमारे मित्र देशों की श्रेणी में था। विपक्ष इसी बात को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है और कह रहा है कि अगर आज भारत में ऊर्जा का संकट खड़ा हुआ है तो यह भारत की विदेश नीति का फेल्योर है। भारत सरकार ऐसा नहीं मानती। उसके अनुसार भारत में फिल्हाल पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है और एलपीजी की भी सप्लाई पर भारत सरकार विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन विपक्ष सरकार के तर्कों से सहमत नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार को एलपीजी को लेकर घेरते दिखाई दिए और उन्होंने जानना चाहा कि सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है, क्योंकि उनकी नजर में सरकार कुछ भी कहे कोई भी दावा करे लेकिन वास्तविकता के धरातल पर पब्लिक में मारामारी है और एलपीजी लेने के लिए लोगों की लाइनें लगी हुई हैं। कई जगह से तो मारपीट की खबरें आ चुकी हैं, जोकि गंभीर मामला है। यह तो शुरुआती दौर है अगर यही स्थिति कुछ दिन और बनी रही, जैसीकि आशंका दिखाई दे रही है, तो हालात कितने भयावह हो सकते हैं, कोई भी इसका अंदाजा लगा सकता है। अमेरिका और ईरान जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं और अपने स्टैंड पर अड़े हैं। ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मुस्तफा खामेनेई ने अपने पहले बयान में अमेरिका को सीधे कह डाला कि यह युद्ध तभी रुक सकता है जब अमेरिका युद्ध के खर्चे की भरपाई करे। सरकार बदलने का अलाप छोड़े और भविष्य में कभी भी उस पर युद्ध थोंपने की जुर्रत न करे। जहां तक बात अमेरिका की है, उसके राष्ट्रपति की अजीब स्थिति बनी हुई है, वह लगातार बयान बदलते रहते हैं। उनके अनुसार ईरान में उनके तमाम लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। जाहिर है, ईरान अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ही इस युद्ध की आंच में झुलसती दिखाई दे रही है।

## बहुत हुई मन की बात



देश रसोई गैस की कमी के संकट से जूझ रहा है और पीएम मोदी अपनी सरकार की इस विफलता पर ध्यान देने की बजाय चुनावी दौरों में व्यस्त हैं, जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है, तो प्रधानमंत्री मोदी जी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं, देशभर में एलपीजी की भारी कमी है और लोग कतारों में खड़े हैं, कितने सारे छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं, पर सरकार के पास केवल झूठे दावे के अलावा कोई जवाब नहीं, कूटनीति की विफलता, गंभीर मुद्दा है और ऊर्जा प्रबंधन की नाकामी का नतीजा आज देश की 140 करोड़ जनता भुगत रही है, नरेन्द्र मोदी जी, बहुत हुई मन की बात जरा संसद में आकर करिए 'मुद्दे की बात।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

# सावरकर मानहानि मामले में बरी राहुल ने फिर दिखाई संवेदनशीलता





रोहित कौशिक

जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं।

एक तरफ राहुल गांधी के एक कारनामे ने उन्हें फिर चर्चा में ला दिया तो दूसरी तरफ नासिक में सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत मिल गई। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ले ली व अदालत ने इस मामले की कार्रवाई समाप्त कर दी। इस मामले में कोई ठोस तथ्य दिखाई नहीं दिए और पुलिस जांच में आरोपों की सत्यता साबित नहीं हुई। अदालत का यह फैसला दिखाता है कि राहुल गांधी को फंसाने की कितनी कोशिशें की जा रही हैं।

बुधवार 11 मार्च को यह फैसला आया लेकिन इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार 10 मार्च को राहुल गांधी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक कारनामा कर दिया। इसे कारनामा भी क्यों कहा जाए ? इसे सामाजिक जिम्मेदारी कहा जाना चाहिए। तो यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई और वे एक बार फिर चर्चा में आ गए। वही राहुल गांधी जिन्हे यह देश अभी समझ नहीं सका है लेकिन वे इस देश को समझने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वही राहुल गांधी जिनकी आवाज सुनकर सत्ता तिलमिला जाती है, सत्ता गुस्से में आग-बबूला हो जाती है। वही राहुल गांधी जिन्हें भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है। वही राहुल गांधी जिन्हें पप्पू साबित करने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए। वही राहुल गांधी जिन पर रोज यह इल्जाम लगाया जाता है कि उन्हें न देश की समझ है और न राजनीति की। वही राहुल गांधी जिन्हे बार-बार बच्चा साबित किया जाता है लेकिन उसी बच्चे से यह सत्ता सबसे ज्यादा डरती है। वही राहुल गांधी जो माननीय और प्रात:स्मरणीय प्रधानमंत्री जी की तरह टेलीप्रॉम्पटर से पढ़कर अपने भाषण नहीं देते हैं। वही राहुल गांधी जो एक तरह की पेंट और टीशर्ट पहनकर में संसद भी जाते हैं और उसी तरह की पेंट और टीशर्ट में पूरा भारत भी घूम लेते हैं। वही राहुल गांधी जो माननीय प्रधानमंत्री जी की तरह लाखों का सूट नहीं पहनते हैं। उन्हीं राहुल गांधी ने अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी से कई लोगों के दिल जीत लिए। आप मुझे कहेंगे कि मैं राहुल गांधी की स्तुति कर रहा हूं। लेकिन जब आप प्रधानमंत्री जी की स्तुति करते हैं तब तो मैं कुछ नहीं कहता। नेता प्रतिपक्ष की स्तुति करके मुझे क्या मिलेगा ? मैं तो राहुल गांधी की एक सामाजिक जिम्मेदारी की बात बता रहा हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार 10 मार्च को सोनीपत के मदीना गांव में किसान संजय मलिक की बेटी तनु की शादी में शामिल होने पहुंचे। यह वही किसान संजय मलिक हैं जिनके खेत में राहुल गांधी ने तीन साल पहले ट्रैक्टर चलाकर धान रोपाई की थी। राहुल गांधी यहां एक घंटे तक रुके। उन्होंने यहां दूध के साथ चूरमा भी खाया और मिस्सी रोटी भी खाई। महिलाओं के गीत सुने। राहुल ने किसान संजय मलिक की बेटी तनु की प्रियंका गांधी से मोबाइल पर बात भी कराई। तनु ने राहुल गांधी से कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंबानी के बेटे की शादी में गए थे। बड़े लोगों की शादी में जाते हैं, आप गरीब के घर शादी में आए। कभी देखा नहीं ऐसा। इस पर राहुल ने कहा कि वहां पर ऐसा मजा नहीं आता। मजा तो यहां पर है। राहुल गांधी के इस व्यवहार को नाटक बताने वाले भी कम नहीं है। लेकिन हमेशा नफरत की राजनीति करने वाले ऐसे लोग अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश नहीं करते हैं। जो लोग स्वयं नाटक करते हैं वे हमेशा ही यह समझते हैं कि दूसरे भी नाटक कर रहे हैं। लेकिन एक राजनेता का आम आदमी के साथ जुड़ाव रखने का भाव नाटक नहीं हो सकता। यही होती है असली नेता की पहचान। राहुल गांधी ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। वह कभी मोची से मिलते हैं तो कभी बढ़ई से। क्या भारत जोड़ो यात्रा को नाटक कहा जा सकता है। हमारे देश में ऐसी यात्राएं कितनी हुई हैं ? सड़क नापते राहुल गांधी कई लोगों को अच्छे नहीं लग सकते लेकिन उनकी भावनाओं को नकली नहीं कहा जा सकता।

जुलाई 2023 को दिल्ली से हिमाचल जाते वक्त राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव के किसान संजय के खेत में पहुंच गए थे। संजय उस वक्त अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। उस वक्त राहुल गांधी ने संजय से उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही थी। संजय मलिक ने कहा कि उन्हें लगता था कि राहुल गांधी उन्हें भूल गए होंगे। 25 फरवरी को संजय मलिक ने दिल्ली जाकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड दिया और 10 मार्च को सुबह ही पता चला कि राहुल गांधी उनकी बेटी को आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह खबर इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस दौर में अधिकांश राजनेताओं ने राजनीति को अपनी ठसक या हनका दिखाने का माध्यम बना लिया है। राहुल गांधी को भाजपा अक्सर युवराज कहकर संबोधित करती है। लेकिन इस युवराज ने अपने व्यवहार से यह दिखा दिया कि युवराज यदि सहज और सरल दिल का हो तो ऐसा युवराज लाखों का सूट पहनने वाले फकीर से ज्यादा अच्छा है। राजनीति अपनी जगह होती है। राजनीति में एक दूसरे के विरोधी विचारधारा वाले एक दूसरे के खिलाफ रहते ही है। लेकिन इस दौर की राजनीति को जितना गंदा बना दिया गया है उससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। भाजपा चाहती है कि राहुल गांधी समझौते की राजनीति कर चुप्पी साध लें लेकिन राहुल गांधी चुप्पी नहीं साध रहे हैं और लगातार सवाल उठा रहे हैं। राहुल का यह सवाल उठाना भाजपा को रास नहीं आ रहा है। इसलिए भाजपा पूरे गांधी परिवार को बदनाम करने के लिए पानी की तरह रूपया बहा रही है। भाजपा लगातार राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाती है लेकिन राहुल गांधी जो जो बात कह रहे हैं वे सभी पूरी हो रही है। क्या राहुल गांधी को देशद्रोही सिद्ध भाजपा लोकतंत्र का अपमान नहीं कर रही है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पिघलते ग्लेशियर चिंता का विषय

**आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18. 36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है।**

एक घटना में स्लोवेनिया और वेनेजुएला अपने सभी हिमनद (ग्लेशियर) को खोने वाले पहले देश बन गए हैं। मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के कारण हुई यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बड़े वैश्विक संकट की ओर संकेत देती है जिसकी चपेट में कई अन्य देश भी आ सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार वेनेजुएला अपने सभी हिमनदों को गंवाने वाला पहला देश हो सकता है। कुछ शोध अध्ययनों से तो पता चलता है कि शायद स्लोवेनिया तीस साल पहले इस त्रासदी से गुजर चुका था। हिमनद बर्फ की नदियां होती हैं। वास्तव में हिमनद की परिभाषा में यह शामिल है कि उसके बर्फ में गति होती हो और दरारें उपस्थिति हों, और दोनों ही स्लोवेनिया के ग्लेशियर के अवशेषों में दशकों से नदारद हैं। गौरतलब है कि हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन के सबसे नुमाया प्रभावों में से एक है। आइसलैंड जैसे आर्कटिक देशों में भी ग्लेशियर गायब हुए हैं। स्लोवेनिया और वेनेजुएला में हिमनदों गायब होना महत्वपूर्ण है क्योंकि 18वीं सदी के बाद से यह पहला मामला है जब किसी देश ने अपने हिमनदों को पूरी तरह से खो दिया हो। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के अनुसार, इस सदी के अंत तक दुनिया के 18.36 प्रतिशत हिमनद गायब होने की संभावना है जिसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। जलवायु विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार देश का आखिरी हिमनद ला कोरोना का क्षेत्रफल दिसंबर तक सिर्फ 0.02 वर्ग किमी। रह गया था। इस क्षति का वेनेजुएला पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, क्योंकि हिमनद पर्यावरण और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे एक राष्ट्रीय त्रासदी और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभावों और जलवायु सम्बंधित चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। इसी तरह, स्लोवेनिया के हिमनद, खास तौर पर स्कुटा और ट्रिग्लव, दशकों से घट रहे हैं। दोनों ही 20वीं सदी के अंत में 0.1 वर्ग किमी से छोटे रह गए थे। उनके छोटे आकार और कम ऊंचाई ने उन्हें जलवायु के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना दिया, जिसके कारण वे अंततरू गायब हो गए। इन देशों में हिमनदों के खत्म होने के असर कहीं ज्यादा हैं। इनकी पिघलती बर्फ समुद्र के स्तर को बढ़ाती है, जिससे दुनिया भर के तटीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं। हिमनदों का इस तरह से खात्मा अन्य लैटिन अमेरिकी देशों के लिए भी



एक चेतावनी है। हिमनदों को जल स्रोतों के तौर पर उपयोग करने वाले कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और बोलीविया जैसे देशों को हिमनदों के सिकुड़ने से गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। मेक्सिको का अंतिम हिमनद, ग्रान नॉर्टे भी विलुप्त होने की कगार पर हैय अनुमान है कि 2026 से 2033 के बीच यह अपना हिमनद दर्जा खो देगा तथा 2045 तक पूरी तरह लुप्त हो जाएगा। हिमनदों का इस तरह गायब होते जाना जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सामूहिक कार्रवाई का आव्हान है और तत्काल वैश्विक प्रयासों की जरूरत को रेखांकित करता है।

-स्रोत फीचर्स

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हथियारों का समय घातक

जानलेवा सैन्य हथियारों की स्वायत्तता इन दिनों गहन विचार मंथन और चर्चाओं के दौर से गुजर रही है। कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभियान शुरू हुआ है। जुलाई 2023 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक मंथन किया गया था। विचार मंथन का दौर अभी थमा नहीं है। इसी साल के उत्तरार्द्ध में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर विभिन्न कोणों से नजर डालने के लिए बैठक होगी। लेकिन इस बैठक के पहले अप्रैल में ऑस्ट्रिया में एक सम्मेलन आयोजित हो चुका है।

कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की तुलना रासायनिक, जैविक और परमाणु हथियारों से की जाए तो यह हथियार खतरनाक होने के पैमाने पर एक कदम आगे निकल गए हैं। हाल के वर्षों में दुनिया की बड़ी सैन्य ताकतों ने जानलेवा स्वायत्त हथियारों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। यही मुद्दा विचार मंथन का विषय है। रक्षा वैज्ञानिक, विधिवेत्ता, रोबोट विज्ञान के अध्एता, सैन्य योजनाकार और नैतिकतावादी जानलेवा स्वायत्त हथियारों के विभिन्न मुद्दों पर बहस में जुट गए हैं। जानलेवा स्वायत्त हथियारों पर प्रतिबंध के संदर्भ में नैतिक कारण भी अहम हैं। यह सवाल सहज रूप से किया जा सकता है कि युद्ध के मैदान में किसी भी अनैतिक गतिविधि के लिए एक मशीन को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है? इस सवाल का कोई तर्क आधारित उत्तर किसी के पास नहीं है और यही कारण है कि इन हथियारों पर प्रतिबंध की मांग उठी है। नैतिक कारणों पर गंभीरता से गौर करें तो एक



और बात जोड़ना लाजमी है। क्या किसी मशीन द्वारा जीवन और मृत्यु का फैसला करना नैतिक रूप से स्वीकार्य है? कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल पिछले कई दशकों से हो रहा है। इनमें हीट सीकिंग मिसाइलें और प्रेशर ट्रिगर बारूदी सुरंगें भी सम्मिलित हैं। हाल के वर्षों में चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और इस्राइल जैसे देशों ने युद्ध के मैदान में इन हथियारों की तैनाती को प्राथमिकता दी है। भारत ने स्वायत्त हथियारों पर अनुसंधान का समर्थन किया है।

सेना में कृत्रिम बुद्धि का इस्तेमाल जिन कुछ कार्यों के लिए किया जा सकता है, उनमें रसद और आपूर्ति प्रबंधन, डैटा विश्लेषण, खुफिया जानकारियां जुटाने, सायबर ऑपरेशन और हथियारों की स्वायत्त प्रणाली सम्मिलित है। इनमें सबसे ज्यादा विवादित हथियारों की स्वायत्त प्रणाली है।

**क्या हैं स्वायत्त हथियार**

इसके तहत वे हथियार आते हैं, जो अपने आप कार्य करने में सक्षम हैंय इन्हें मनुष्य की जरूरत नहीं पड़ती। इंटरनेशनल कमेटी ऑफ दी रेड क्रॉस की परिभाषा के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो मानवीय हस्तक्षेप के बिना लक्ष्य का चुनाव और इस्तेमाल करते हैं। वास्तव में स्वायत्त हथियार सेंसर और सॉफ्टवेयर से संचालित होते हैं। इनका इस्तेमाल उन इलाकों में किया जाता है, जहां बहुत कम आबादी होती है। दरअसल जानलेवा स्वायत्त हथियार अपने लक्ष्य की पहचान के लिए एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। हथियारों की यह प्रणाली प्रक्षेपास्त्र प्रतिरक्षा प्रणाली से लेकर एक लघु ड्रोन के रूप में हो सकती है। इन हथियारों का लड़ाई के दौरान इस्तेमाल करने के कारण एक नया शब्द ईजाद किया गया है, जिसे लीथल ऑटोनामस वेपन कहा जा रहा है। इन हथियारों का इस्तेमाल जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक में किया जा सकता है, पानी पर अथवा पानी के नीचे भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों का विचार है कि जानलेवा स्वायत्त हथियारों के सृजन में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका है। वस्तुतरू प्रौद्योगिकी हथियारों को रफ्तार, बचाव और अन्य प्रकार की विशेषताओं से युक्त और कारगर बनाने में भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी के प्रसंग में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के कंप्यूटर अध्यता और कृत्रिम बुद्धि से सृजित हथियारों के विरोधी स्टुअर्ट रसेल का सोचना है कि किसी सिस्टम के लिए इंसान का पता लगाकर उसे मारने की प्रौद्योगिकी क्षमता का विकास सेल्फ ड्राइविंग कार विकसित करने से कहीं अधिक आसान है। वास्तव में पूछा जाए तो यह हथियार अब विज्ञान कथाओं के काल्पनिक भवन से बाहर निकल कर वास्तविक रूप में लड़ाई के मैदान में नजर आ रहे हैं। इनका धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों की जोरदार वकालत की गई है, वहीं दूसरी ओर इन्हें भारी विरोध और तीखी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा है। आलोचकों के अनुसार ए हथियार बहुत महंगे हैं। इनका रचनात्मकता से जरा भी सरोकार नहीं है। भावनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। जवाबदेही का सवाल ही नहीं उठता। एक अध्ययन में बताया गया है कि इन हथियारों के इस्तेमाल से बेरोजगारी बढ़ेगी। दूसरी ओर, ऐसे हथियारों की जोरदार वकालत कर रहे लोगों का कहना है कि यह अत्यधिक उन्नत कार्यों को सम्पादित करने में पूरी तरह सक्षम हैं। युद्ध के दौरान मनुष्य से होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी। यह त्वरित फैसला करने में सक्षम हैं। कुल मिलाकर, यह हथियार सटीक साबित हुए हैं और हर पल उपलब्ध हैं। इस प्रकार के हथियारों ने नए आविष्कारों और नवाचारों को भी जन्म देने में भूमिका निभाई है। पारम्परिक हथियारों की तुलना में इनसे कम नुकसान पहुंचता है, नागरिक कम हताहत होते हैं। हाल के वर्षों में छिड़े युद्धों में कृत्रिम बुद्धि निर्देशित जानलेवा स्वायत्त हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। इसका एक उदाहरण रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई है, जिसमें एआई ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया है। अमेरिका के रक्षा विभाग ने अपने रेप्लिकेटर कार्यक्रम के तहत लघु हथियारयुक्त स्वायत्त वाहनों का बेड़ा तैयार किया है। इसके अलावा, प्रायोगिक पनडुब्बियां और जहाज बनाए हैं, जो स्वयं को चलाने के लिए कृत्रिम बुद्धि छवि का उपयोग कर सकते हैं। स्वायत्त हथियार एक मॉडल विमान के आकार का हो सकता है। इनका मूल्य लगभग पचास हजार डॉलर आंका गया है। स्वायत्त हथियार प्रणालियों का समर्थन दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला, सैन्य स्तर पर फायदे और दूसरा, नैतिक औचित्य। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी का मानना है कि युद्ध क्षेत्रों से मनुष्यों को हटाकर रोबोट का इस्तेमाल करने के नैतिक फायदे हो सकते हैं। जुलाई 2015 में कृत्रिम बुद्धि पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागी राष्ट्रों ने मानवीय नियंत्रण से परे स्वायत्त हथियारों पर रोक लगाने का आव्हान करते हुए एक खुला पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि कृत्रिम बुद्धि में मानवता को फायदा पहुंचाने की क्षमताएं हैं, लेकिन अगर कृत्रिम बुद्धि निर्देशित हथियारों की स्पर्धा शुरू हो जाती है तो एआई की प्रतिष्ठा धूमिल पड़ सकती है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क भी शामिल हैं। दरअसल स्वायत्त हथियार प्रणालियों के कुछ विरोध न केवल उत्पादन और तैनाती बल्कि इन पर रिसर्च, विकास और परीक्षण पर भी पाबंदी लगाना चाहते हैं। रक्षा विज्ञान के दस्तावेजों में स्वायत्तता को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के अनुसार स्वायत्त हथियार ऐसे हथियार हैं, जो स्वतंत्र रूप से लक्ष्यों का चुनाव और आक्रमण करने में सक्षम हैं। हारवर्ड लॉ स्कूल की मानव अधिकार अधिवक्ता बोनी डॉचेर्टी ने स्वायत्ता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है-ह्युमैन-इन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला में मानव शामिल) ह्युमैन-ऑन-दी-लूप (निर्णय श्रंखला पर मानव) और तीसरा ह्युमैन-आउट-ऑफ-दी-लूप (मानव निर्णय श्रंखला के बाहर) हैं। निर्णय श्रंखला में मानव शामिल श्रेणी में हथियारों की कार्रवाई इंसान द्वारा की जाती है, लेकिन लोगों को कहां और कैसे सम्मिलित किया जाना चाहिए, यह विचार मंथन का मुद्दा है। निर्णय श्रंखला पर मानव में एक मनुष्य किसी कार्रवाई को रद्द कर सकता है। मानव निर्णय श्रंखला के बाहर श्रेणी में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। अनुसंधानकर्ताओं और सैन्य विज्ञान के जानकारों ने सैद्धांतिक तौर पर पहले प्रकार पर सहमति जाहिर की है।

साभार स्रोत फीचर्स

# ईरान ने यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को किया खारिज

**अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताया**

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने सुरक्षा परिषद की ओर से ईरान के खिलाफ पारित किए गए प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए अमीर-सईद इरावानी ने इस दस्तावेज को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता के लिए एक गंभीर झटका है। यह विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग छोड़ता है। राजदूत ने दावा किया कि यह कदम सुरक्षा परिषद के अधिकार का घोर दुरुपयोग है। इसका उद्देश्य कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है। अपने कड़े शब्दों वाले भाषण में, इरावानी ने दस्तावेज की पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है। तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। इरावानी ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत बताया।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के पहले छह दिनों का खर्च 11.3 अरब डॉलर पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी है कि ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का खर्च आ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा कांग्रेस को प्राप्त अब तक का सबसे व्यापक प्रारंभिक अनुमान है। हालांकि, इसमें हमले शुरू होने से पहले सैन्य साजो-सामान और कर्मियों की तैनाती पर हुआ खर्च शामिल नहीं है। सांसदों का मानना है कि जैसे-जैसे पेंटागन पहले सप्ताह के खर्चों की पूरी गणना करेगा, यह संख्या काफी बढ़ सकती है। अभियान के शुरुआती दिनों में अमेरिका ने अत्यधिक सक्षम और सटीक निशाना लगाने वाले 'एजीएम-154 ग्लाइड बम' जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया है।

# अमेरिका अभी नहीं गिरा पाएगा ईरान की सरकार

## ईरान में मौजूदा लीडरशिप का जनता पर पूरा कंट्रोल, जल्द ऑपरेशन खत्म कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रम्प



**अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में अहम खुलासा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल लगातार दो हफ्ते से ईरान में एयरस्ट्राइक कर रहे हैं, इसके बावजूद ईरान की सत्ता अभी भी काफी मजबूत है और उसके जल्द गिरने का कोई खतरा नहीं है। यह बात अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में सामने आई है। इस मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने न्यूज एजेंसी रायटर्स को इसकी जानकारी दी है।

एक सूत्र के मुताबिक कई खुफिया रिपोर्टों में एक जैसा आकलन किया गया है कि ईरान की सरकार गिरने की स्थिति में नहीं है और वह अभी भी देश की जनता पर कंट्रोल बनाए हुए है। वहीं, तेल की कीमतों में इजाफे की वजह से राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका जल्द जंग खत्म कर सकता है। हालांकि अगर ईरान के कट्टरपंथी नेता सत्ता में बने रहते हैं तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकालना आसान नहीं होगा। खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों के पहले ही दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद वहां की धार्मिक नेतृत्व वाली व्यवस्था अभी भी एकजुट बनी हुई है। इजरायल के एक सीनियर अधिकारी ने भी रायटर्स से कहा कि सीक्रेट मीटिंग्स में भी यही बात निकल कर सामने आई है कि फिलहाल ईरान की मौजूदा सरकार गिरने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जमीन पर हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं और आने वाले समय में ईरान के अंदर की स्थिति अलग दिशा में जा सकती है। अमेरिका और इजरायल ने युद्ध शुरू होने के बाद ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, परमाणु ठिकाने और टॉप लीडरशिप से जुड़े लोग शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इस युद्ध के अलग-अलग कारण बताए हैं। युद्ध शुरू करते समय ट्रम्प ने ईरान की जनता से कहा था कि वे अपनी सरकार को खुद बदल दें। हालांकि बाद में उनके सीनियर अधिकारियों ने कहा कि ईरान की सरकार को हटाना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं है। हमलों में खामेनेई के अलावा कई सीनियर अधिकारी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के कई बड़े कमांडर भी मारे गए हैं। यह ईरान की एक शक्तिशाली पैरामिलिट्री फोर्स है, जो देश की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से को कंट्रोल करती है। इसके बावजूद अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के मुताबिक खामेनेई और आईआरजीसी के अफसरों की मौत के बाद बना 'इंटरनल लीडरशिप सिस्टम' अभी भी देश पर कंट्रोल बनाए हुए है। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन की एक्सपर्ट सुजैन मलोनी ने कहा कि ईरान के अंदर फिलहाल ऐसी कोई ताकत नहीं है जो सरकार के पास बची हुई शक्ति को चुनौती दे सके। उनके मुताबिक ईरान भले ही अपने पड़ोसी देशों के खिलाफ पूरी ताकत इस्तेमाल न कर पाए, लेकिन देश के अंदर वह अभी भी पूरी तरह कंट्रोल बनाए रखने में सक्षम है। राजधानी तेहरान में सड़क पर बिलबोर्ड लगा है। इसमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई को देश का झंडा अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा खामेनेई को सौंपते हुए दिखाया गया है। सबसे बाएं इस्लामी क्रांति के संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्लाह खैमेनी की तस्वीर है। इस हफ्ते ईरान के सीनियर शिया धर्मगुरुओं की संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया है।

# युद्ध खत्म करने का ट्रम्प के पास कोई प्लान नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की ताकत का गलत अंदाजा लगाया, तेल सप्लाई ठप होगी सोचा नहीं था



**ट्रम्प प्रशासन के अधिकारी भी इसको लेकर निराश, युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 18 फरवरी को जब यह तय कर रहे थे कि ईरान पर हमला किया जाए या नहीं, तब ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें यह चिंता नहीं थी कि अगर युद्ध हुआ, तो मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई पर असर पड़ेगा या तेल के बाजार में बड़ी गड़बड़ी होगी। राइट ने कहा था कि पिछले साल जून में जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे, तब भी तेल बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा था।

उनके मुताबिक उस समय तेल की कीमत थोड़ी बढ़ी थी, लेकिन जल्द ही नीचे आ गई थी। ट्रम्प के दूसरे सलाहकार भी निजीतौर पर इसी तरह की राय रखते थे। उनका मानना था कि चेतावनियां बढ़ा-चढ़ाकर दी जा रही हैं और ईरान शायद ही इस बार तेल ले जाने वाले समुद्री रास्तों को बंद करेगा, जिनसे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल सप्लाई गुजरती है, लेकिन हाल के दिनों में यह आकलन गलत साबित होता दिख रहा है। ईरान ने धमकी दी कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल के टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वही अहम समुद्री रास्ता है जिससे होकर फारस की खाड़ी से निकलने वाले सभी जहाज गुजरते हैं।

ईरान की इन धमकियों के बाद खाड़ी रीजन में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। इस वजह से तेल की कीमतें एक समय 110 डालर प्रति बैरल को छू गई थीं। ट्रम्प प्रशासन अब आर्थिक संकट को काबू में करने के तरीके खोजने में जुट गया है। इस संकट के कारण अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इस घटना से यह भी पता चलता है कि ट्रम्प और उनके सलाहकारों ने युद्ध पर ईरान के रुख का गलत अंदाजा लगाया।

ईरान इस संघर्ष को अपने अस्तित्व से जुड़ा खतरा मान रहा है। पिछले साल जून में हुई 12 दिन की युद्ध की तुलना में इस बार ईरान ने कहीं ज्यादा आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। उसने अमेरिका के सैन्य ठिकानों, मिडिल ईस्ट के कई अरब देशों के शहरों और इजरायल के आबादी वाले इलाकों पर मिसाइल और ड्रोन अटेक किए हैं। इन हमलों के कारण अमेरिकी अधिकारियों को कई प्लान तुरंत बदलने पड़े। कुछ जगहों पर दूतावास खाली कराने पड़े और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल करने के लिए नई पालिसी पर काम करना पड़ा। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने सांसदों को बंद कमरे में जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी प्रांत कनेक्टिकट के डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस्टोफर मर्फी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रशासन के पास होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा सुरक्षित तरीके से खोलने का कोई प्लान नहीं है। प्रशासन के अंदर भी कुछ अधिकारी इस बात को लेकर निराश हैं कि युद्ध खत्म करने का कोई प्लान नजर नहीं आ रहा है। हालांकि वे यह बात सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प से कहने से बच रहे हैं, क्योंकि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि सैन्य अभियान पूरी तरह सफल रहा है। ट्रम्प कई बार बहुत बड़े टारगेट की बात करते हैं। जैसे कि वे चाहते हैं कि ईरान में ऐसा नेता आए जो अमेरिका की बात माने। लेकिन विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ऐसी बात नहीं करते। पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा भी था कि अमेरिका, इराक में हाथ जला चुका है। वे ऐसा ईरान में नहीं करेगा। उनका कहना है कि ईरान की मिसाइल ताकत और सैन्य क्षमता को कमजोर करना ही असल मकसद है। अगर यह हो जाता है तो युद्ध खत्म करने का रास्ता निकल सकता है। हेगसेथ ने माना कि ईरान ने अपने पड़ोसी देशों पर जिस तरह से जोरदार जवाबी हमले किए, उसकी तीव्रता का अंदाजा पेंटागन को पूरी तरह नहीं था। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान की ये कार्रवाइयां आखिरकार उसी के खिलाफ जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ-साफ कहना मुश्किल है कि ईरान से बिल्कुल ऐसा ही जवाब आएगा, लेकिन इस तरह के हमले होने की संभावना पहले से थी। उनके मुताबिक ईरान के इन हमलों से लगता है कि वहां की सरकार इस समय काफी दबाव में है। इस बीच ट्रम्प ने यह भी कहा कि तेल की सप्लाई पर युद्ध के असर से वह नाराज हैं। उन्होंने फाक्स न्यूज से कहा कि तेल टैंकरों के क्रू मेंबर्स को 'थोड़ी हिम्मत दिखानी चाहिए' और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते रहना चाहिए।

## हमारे द्वीपों पर हमला हुआ, तो खून से लाल होगी फारस की खाड़ीः ईरानी संसद अध्यक्ष

**दुबई।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा। यह चेतावनी ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तनाव को और बढ़ाने वाली है। यह स्पष्ट नहीं है कि कालिबाफ की यह टिप्पणी किस विशेष घटना से प्रेरित थी। हालांकि, यह बयान ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का संकेत देता है। ऐतिहासिक रूप से, ईरान 1971 में अपने गठन से पहले संयुक्त अरब अमीरात से तीन द्वीपों पर नियंत्रण रखता है। ये द्वीप फारस की खाड़ी में सामरिक महत्व रखते हैं। इस बीच, ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका फारस की खाड़ी में स्थित खर्ग द्वीप को निशाना बना सकता है, जो ईरान का मुख्य तेल टर्मिनल है।




**नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान संसद परिसर में एलपीजी की कमी को लेकर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, सपा के सांसद धर्मेंद्र यादव व अन्य लोग प्रदर्शन करते हुए।**

# थाईलैंड नौसेना ने तीन लापता क्रू मेंबर्स को बचाने के लिए ओमान से मदद मांगी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज में चालक दल के तीन लापता सदस्यों के फंसे होने की आशंका है। इस बीच थाईलैंड नौसेना प्रमुख ने तलाशी अभियान में फौरन मदद के लिए ओमान के अपने समकक्ष से सीधा संवाद कायम किया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में यात्रा के दौरान थाईलैंड के ध्वज वाले इस जहाज पर बुधवार को हमला हुआ था। इसमें चालक दल के कुल 23 थाई सदस्य सवार थे। इनमें से 20 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जो फिलहाल ओमान के तट पर हैं। जहाज की मालिक कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पीसीएल' ने जारी एक बयान में कहा कि चालक दल के तीन सदस्यों के लापता होने की खबर है और अंदेशा है कि हमले में क्षतिग्रस्त जहाज के 'इंजन रूम' में वे फंसे हो सकते हैं। इस हमले के बाद थाईलैंड की रॉयल नेवी के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल पायरोत फुआंगचन ने बुधवार शाम को ओमान की रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर अल राहबी को जरूरी संदेश भेजा। इसमें उन्होंने थाई चालक दल को दी गई फौरी मदद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को किया तलब

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि उन्होंने नये अमेरिकी राजदूत को उनकी 'गैर-राजनयिक टिप्पणियों' पर स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया है। यह विवाद दक्षिण अफ्रीका की नस्लीय नीतियों एवं अदालती फैसलों पर राजदूत की टिप्पणी के बाद शुरू हुआ है। कंजर्वेटिव दूत ब्रेंट बोझेल ने पिछले महीने ही अपना पद संभाला है। दक्षिण अफ्रीका के अमेरिकी सहयोगी इजरायल के खिलाफ नरसंहार का मामला दर्ज कराने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के श्वेत अफ्रीकी प्रताड़ित किए जा रहे हैं।

# ऊर्जा संकट से निपटने के लिए अमेरिका का बड़ा कदम

**रणनीतिक भंडार से जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल**

**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है।

अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रम्प के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं, जिसमें ऊर्जा की कीमतों को कम करने के लिए एक समन्वित प्रयास के तहत अपने संबंधित भंडारों से कुल 40 करोड़ बैरल तेल और रिफाइंड उत्पाद जारी करने की बात कही गई थी। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऊर्जा मंत्रालय को अपने हिस्से के 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होगी और योजनाबद्ध डिस्चार्ज रेट के आधार पर इसे बाजार तक पहुंचाने में लगभग 120 दिन लगेंगे। राइट ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका ने अगले एक वर्ष के भीतर इन रणनीतिक भंडारों की भरपाई करने के लिए लगभग 20 करोड़ बैरल तेल की व्यवस्था पहले ही कर ली है। विशेषज्ञों का मानना है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में ईरान की घेराबंदी और वैश्विक तेल आपूर्ति में आए व्यवधान के कारण जो कीमतें आसमान छू रही थीं।

# खाड़ी देशों पर ईरानी हमले के विरोध में प्रस्ताव पारित

## सुरक्षा परिषद में भारत ने भी 130 से अधिक देशों के साथ प्रस्ताव का किया समर्थन



**सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 130 से अधिक देशों के साथ बुधवार को उस प्रस्ताव का समर्थन किया जिसमें खाड़ी देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान के हालिया 'भीषण' हमलों की निंदा की गई है। यह प्रस्ताव ईरान के हमलों की भर्त्सना करता है और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है।

इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन को अवरुद्ध करने, बाधित करने या हस्तक्षेप करने की ईरान की किसी भी कार्रवाई या धमकी की कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही ईरान द्वारा बाब-अल-मंदेब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कदम की भी निंदा की गई है। सुरक्षा परिषद के 15 में 13 सदस्यों ने बहरीन की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। किसी भी देश ने इसके खिलाफ मतदान नहीं किया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस प्रस्ताव का भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 130 से अधिक देशों ने सह-प्रायोजन किया। कुल 135 सह-प्रायोजकों के साथ, प्रस्ताव ने बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन दोहराया। इसमें इन देशों के क्षेत्रों के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए हमलों की 'कड़े शब्दों में' निंदा की गई और कहा गया कि ऐसी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। प्रस्ताव में ईरान से पड़ोसी देशों के प्रति किसी भी उकसावे या धमकियों को 'तत्काल और बिना शर्त' रोकने की मांग की गई है। अमेरिका के प्रतिनिधि ने कहा कि ईरान सभी दिशाओं में हमले करता है। वहीं, डेनमार्क के प्रतिनिधि ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण में क्षेत्र की आवाजों को सुनना अनिवार्य है। प्रस्ताव में यह भी दोहराया गया कि व्यापारिक और वाणिज्यिक जहाजों को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार अपने नौवहन अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग पूर्ण अधिकार होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि यह प्रस्ताव ईरानी शासन की क्रूरता की स्पष्ट निंदा है। वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम ने राजनयिक बातचीत के हर प्रयास को आजमा लिया था।

# रूस के शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट

**राख का गुबार आठ किमी ऊंचाई तक उठा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किलोमीटर की ऊंचाई तक धुएं और राख का गुब्बार फैल गया।

कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया कि ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ-साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकला। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 08 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया। यह विस्फोट करीब 15 मिनट तक चला। राख का यह गुबार पूर्व की ओर अमेरिका के अलेउतियन द्वीपों की दिशा में बढ़ रहा है। स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात के लिए संभावित जोखिमों को देखते हुए विमानन सेवाओं के लिए 'ऑरेंज' एलर्ट जारी किया गया है। शिवेलुच ज्वालामुखी की ऊंचाई 3,283 मीटर है। यह कामचटका के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 440 किलोमीटर और 4500 की आबादी वाले क्लयुची कस्बे से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# जापान में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## 2025 में गंवाए 6.5 करोड़ डॉलर, कंपनियों पर हमलों में चार गुना बढ़ोतरी




**सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है**

**टोक्यो।** जापान में साइबर अपराधियों ने वर्ष 2025 में ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के जरिए लगभग 10.4 अरब एन (करीब 6.54 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का रिकॉर्ड नुकसान को अंजाम दिया है।

नेशनल पुलिस एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार कुल नुकसान में से 55 प्रतिशत व्यक्तिगत खातों से था, जबकि 45 प्रतिशत हिस्सा कंपनियों का था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कंपनियों को होने वाला नुकसान पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़कर 4.7 अरब एन तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 90 प्रतिशत मामलों में 'फिशिंग स्कैम' का इस्तेमाल किया गया। इसमें पीड़ितों को झांसा देकर उनकी गोपनीय जानकारी चुराई गई। पिछले साल की तुलना में 7.3 लाख की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 24.5 लाख मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट की गई नकली वेबसाइटों की संख्या 3 लाख बढ़कर 10 लाख के पार पहुंच गई है। डेटा के अनुसार,फिरौती के मामलों या रैंसमवेयर हमलों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसी घटनाओं में हमलावर डेटा ब्लॉक कर फिरौती मांगते हैं। वर्ष 2025 में कुल 226 मामले सामने आए, जिनमें से 60 प्रतिशत शिकार लघु और मध्यम स्तर की कंपनियां बनीं। आधे से अधिक प्रभावित कंपनियों ने बताया कि डेटा रिकवरी में उन्हें एक करोड़ एन से अधिक का खर्च उठाना पड़ा, जबकि 5 मामलों में यह खर्च 10 करोड़ एन के भी पार निकल गया। जापान की पुलिस एजेंसी ने इस बढ़ते खतरे को देखते हुए नागरिकों और व्यापारिक संस्थानों को अपनी साइबर सुरक्षा और डिजिटल लेनदेन के प्रति अधिक सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

# दांडी मार्चः नमक सत्याग्रह ने हिला दिया था ब्रिटिश साम्राज्य को

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी ने अनुयायियों के एक छोटे समूह के साथ साबरमती आश्रम से एक सरल लेकिन क्रांतिकारी योजना को ध्यान में रखते हुए आज ही के दिन यानि 12 मार्च (1930) को दांडी की ओर पैदल यात्रा शुरू की थी। 78 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई यह यात्रा धीरे-धीरे एक ऐसे बवंडर में बदल गई जिसने ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका। नमक जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली साधारण सी वस्तु बनाकर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सत्ता को चुनौती देने के लिए शुरू की गई यह पद यात्रा आधुनिक इतिहास की सबसे शक्तिशाली अवज्ञाओं में से एक बन गई। भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में आज भी यह दिन एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाता है।

# आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतराः भारत

**जेनेवा।** भारत ने जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में इस बात को दोहराया कि आतंकवाद 'मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक' बना हुआ है और इसके खिलाफ एक 'एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता' है। भारत की ओर से राजदूत सिबी जॉर्ज ने परिषद के 61वें सामान्य सत्र में आह्वान किया कि परिषद सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दृढ़ रहे। राजदूत ने कहा कि जैसा कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कुछ दिन पहले इस सम्मानित परिषद को संबोधित करते हुए रेखांकित किया था कि हमारे विचार-विमर्श केवल बयानों और प्रस्तावों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि सबसे कमजोर लोगों के दैनिक जीवन में मूर्त सुधार लाने वाले होने चाहिए। जॉर्ज ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। हमें इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने में अडिग रहना चाहिए। इस मुद्दे पर परिषद को एक स्वर में बोलना जारी रखना चाहिए।

